हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची • शुक्रवार • 24.10.2025 • वर्ष : 16 • अंक : 89 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

# चौथी सैफ सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप का अगाज आज से, मुख्यमंत्री करेंगे उद्घाटन

## आयोजन में आम लोगों को मिलेगी फ्री इंट्री : सुदिव्य कुमार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** मंत्री सुदिव्य कुमार ने राजधानी के मोरहाबादी फुटबॉल स्टेडियम में आगामी 24 अक्टूबर से शुरू होकर 26 अक्टूबर तक आयोजित होनेवाले चौथी सैफ सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप की तैयारियों का जायजा लिया। गुरुवार को निरिक्षण के बाद मीडिया से उन्होंने कहा कि इवेंट को लेकर तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई हैं। आयोजन स्थल में दर्शकों का प्रवेश पूरी तरह से फ्री इंट्री होगी। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन चैंपियनशिप में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे और वे 24 अक्टूबर को कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे। उद्घाटन और समापन समारोह में कार्यक्रम की प्रस्तुती देने के लिए 500 कलाकारों की टीम तैयार है। मोरहाबादी मैदान में आयोजित इस प्रतियोगिता में दक्षिण एशिया के छह देशों भारत, बांग्लादेश, भूटान, नेपाल, मालदीव और श्रीलंका के शीर्ष एथलीट हिस्सा लेंगे। भारत के 70 से अधिक एथलीटों की टीम 37 स्पर्धाओं में पदक की चुनौती पेश करेगी। मौके पर मंत्री ने खिलाडियों के लिए आयोजित उद्घाटन समारोह और गाला डिनर की तैयारियों का जायजा लिया है। मंत्री ने कहा कि हेमंत सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि आयोजन में कोई कमी न हो जाए। देश विदेश से पहुंचे खिलाड़ी मेहमानों को किसी तरह की कोई परेशानी न हो इसका खास ख्याल रखा जाएगा। मंत्री ने कहा कि विभाग का प्रयास है कि झारखंड आए सभी अतिथि अपने सुखद अनुभव और सुंदर यादों के साथ झारखंड से विदा लें। कार्यक्रम में झारखंड की संस्कृति और लोक परंपरा की झलक देखने को मिलेगी। प्रतियोगिता में छह देशों के 300 एथलीट से अधिक प्रतिभागी भाग लेंगे।

## एक नजर

### दिल्ली के रोहिणी में मुठभेड़, बिहार के चार वांछित बदमाश ढेर

**नई दिल्ली :** दिल्ली के रोहिणी में दिल्ली पुलिस और बिहार पुलिस की संयुक्त टीम ने बुधवार देर रात बिहार के चार बदमाशों को मुठभेड़ में ढेर कर दिया। यह मुठभेड़ रोहिणी के बहादुर शाह मार्ग पर डॉ.अंबेडकर चौक से लेकर पंसाली चौक तक चला। संयुक्त पुलिस आयुक्त (अपराध) सुरेंद्र कुमार के मुताबिक चारों बदमाशों की पहचान रंजन पाठक (25) निवासी मलहई थाना सुरसंड जिला सीतामढ़ बिहार, विमलेश महतो उर्फ विमलेश साहनी (25) निवासी रतनपुर थाना बजपट्टी जिला सीतामढ़ी, मनीष पाठक (33) निवासी मलहई थाना सुरसंड जिला सीतामढ़ी और अमन ठाकुर (21) निवासी शेरपुर करावल नगर दिल्ली के रूप में हुई है। बदमाशों ने पिछले तीन महीनों में बिहार के सीतामढ़ी इलाके में पांच बड़ी वारदात को अंजाम दिया था। ये बदमाश गोलाबारी करके दिनदहाड़े लोगों की हत्या और सुपारी लेकर हत्या करते थे।

### दिल्ली के 1300 से अधिक घाटों पर छठ पूजा का होगा आयोजन

**नई दिल्ली :** दिल्ली में छठ पूजा की तैयारियों के बीच उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना और कला, संस्कृति एवं भाषा मंत्री कपिल मिश्रा ने वासुदेव घाट का निरीक्षण किया। मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को विस्तृत दिशा-निर्देश दिए कि पर्व के आयोजन में किसी भी प्रकार की कमी न रह जाए। सरकार के मुताबिक दिल्ली में इस वर्ष 1300 से अधिक घाटों पर छठ पूजा का आयोजन किया जा रहा है। यमुना किनारे किए जा रहे इंतजाम इस बार अभूतपूर्व और ऐतिहासिक स्तर के हैं।

## राज्यपाल, मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष ने भाईदूज और चित्रगुप्त पूजा की दी शुभकामनाएं



**रांची :** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने प्रदेशवासियों को भाईदूज और चित्रगुप्त पूजा की शुभकामनाएं दी है। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है कि आप सभी को चित्रगुप्त पूजा की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। भगवान चित्रगुप्त की कृपा से सभी के जीवन में सद्बुद्धि, न्यायप्रियता और ज्ञान का प्रकाश सदैव बना रहे, यही मंगलकामना है। वहीं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है कि चित्रगुप्त पूजा के शुभ अवसर पर सभी को अनेक-अनेक शुभकामनाएं और जोहार। यह पर्व सत्य, न्याय और कर्तव्य के प्रति समर्पण का प्रतीक है। भगवान चित्रगुप्त की आराधना हमें यह संदेश देती है कि हम अपने कर्मों में सदैव ईमानदारी, निष्ठा और पारदर्शिता बनाए रखें। भगवान चित्रगुप्त सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि बनाए रखें, यही कामना करता हूं। इसके अलावा भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने अपने संदेश में कहा है कि 'भगवान चित्रगुप्त की कृपा से आप सबके जीवन में सुख, शांति और समृद्धि आए'। उन्होंने भाई-बहन के अटूट प्रेम और समर्पण के प्रतीक भाई दूज की हार्दिक शुभकामनाएं दी।

## तीनों सेनाओं के लिए 79 हजार करोड़ से खरीदे जाएंगे हथियार, केंद्र की मंजूरी

- डीएसी की बैठक में लिए गए फैसलों से सशस्त्र बलों की परिचालन क्षमताओं को बढ़ावा मिलेगा

एजेंसी

**नई दिल्ली :** केंद्र सरकार ने तीनों सेनाओं की जरूरतों को देखते हुए हथियार और गोला-बारूद खरीदने के लिए 79 हजार करोड़ रुपये को मंजूरी दी है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को हुई रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) की बैठक में लिए गए इन फैसलों से सशस्त्र बलों की परिचालन क्षमताओं को बढ़ावा मिलेगा। भारतीय सेना के लिए नाग मिसाइल सिस्टम मार्क-2 खरीदने से दुश्मन के लड़ाकू वाहनों को बेअसर करने की क्षमता बढ़ेगी। साउथ ब्लॉक में बैठक के दौरान लगभग 79 हजार करोड़ रुपये की राशि के विभिन्न सेवाओं के प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। भारतीय सेना के लिए नाग मिसाइल सिस्टम मार्क-2, ग्राउंड बेस्ड मोबाइल ईएलआईएनटी सिस्टम और मैटेरियल हैंडलिंग क्रेन के साथ हाई मोबिलिटी व्हीकल्स (एचएमवी) की खरीद के लिए आवश्यकता की स्वीकृति प्रदान की गई। नाग मिसाइल सिस्टम से भारतीय सेना की दुश्मन के लड़ाकू वाहनों, बंकरों और अन्य क्षेत्रीय किलेबंदी को बेअसर करने की क्षमता बढ़ेगी, जबकि जीबीएमईएस दुश्मन के बारे में 24 घंटे इलेक्ट्रॉनिक खुफिया जानकारी देगा। एचएमवी को शामिल करने से विविध भौगोलिक इलाकों में सशस्त्र बलों को रसद सहायता में काफी सुधार होगा।

## बिहार में जंगलराज नहीं, जनविश्वास का राज : नरेन्द्र मोदी



एजेंसी

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को पार्टी कार्यकर्ताओं से बातचीत में नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए सरकार की पिछली सरकारों से तुलना की और कहा कि अब बिहार में डर नहीं बल्कि विकास है। उन्होंने पिछली सरकारों से तुलना करते हुए कहा, आज बिहार में जंगलराज नहीं, जनविश्वास का राज है और हर बिहारी गर्व से कहता है- मैं बिहारी हूं। इसी क्रम में प्रधानमंत्री ने विपक्ष पर बिहार के लोगों के अपमान को लेकर सवाल उठाते हुए कहा कि कांग्रेस और आरजेडी को जवाब देना चाहिए कि उनके साथी दल बिहार के लोगों को क्यों अपमानित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार और एनडीए सरकार बिहार को अंधेरे से निकालकर जनविश्वास के युग में लाई है। प्रधानमंत्री मोदी ने वर्चुअल माध्यम से मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम के माध्यम से बिहार के युवा कार्यकताओं से संवाद किया। उन्होंने कहा कि बिहार में आज सड़क, पुल, रेलवे, मेट्रो और एयरपोर्ट जैसी परियोजनाएं नई संभावनाएं पैदा कर रही हैं। उन्होंने कहा कि देश और बिहार में स्थिर सरकार होने से विकास की रफ्तार तेज हुई है। बिहार में अस्पताल, स्कूल और रेलवे रूट तेजी से बन रहे हैं। आज बिहार का हर नौजवान कह रहा है कि रफ्तार पकड़ चुका है बिहार, फिर से एनडीए सरकार। इस अवसर पर उन्होंने बिहारवासियों को भाई-दूज और चित्रगुप्त पूजा की शुभकामनाएं दीं। प्रधानमंत्री ने कहा कि त्योहारों के इस मौसम में बिहार के युवा न केवल उत्साह से खरीदारी कर रहे हैं, बल्कि विकास के महायज्ञ में भी सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं। साथ ही केंद्र सरकार बिहार के मखाने को सुपरफूड के रूप में विश्वभर में पहचान दिला रही है, जिससे राज्य के युवाओं को नए अवसर मिल रहे हैं। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे अपने बूथों पर एकत्र होकर बुजुर्गों से पुराने अनुभव सुनें और नई पीढ़ी को जागरूक करें। साथ ही उन्होंने छठ पर्व के बाद 31 अक्टूबर को मनाए जाने वाले राष्ट्रीय एकता दिवस पर सरदार वल्लभभाई पटेल की स्मृति में रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम आयोजित करने का आह्वान किया।




# शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में सुरक्षा व्यवस्था चरमराई, बढ़ते अपराधों और जाम ने बढ़ाई मरीजों की मुश्किलें

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** प्रमंडल के मरीजों के लिए लाइफलाइन माने जाने वाले शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। हाल के दिनों में अस्पताल परिसर के अंदर आपराधिक गतिविधियों में बेतहाशा वृद्धि हुई है, जिसमें वाहन चोरी, स्नैचिंग और पॉकेटमारी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। इतना ही नहीं अव्यवस्थित पार्किंग के कारण अस्पताल के अंदरुनी मार्गों पर यातायात व्यवस्था भी बिगड़ रही है, जिसके चलते इमरजेंसी (ट्रॉमा सेंटर) तक एम्बुलेंस को पहुंचने में अनावश्यक देरी हो रही है। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद



मनीष जायसवाल के निर्देश पर उनके हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने इन गंभीर मुद्दों को लेकर गुरुवार को हजारीबाग के आरक्षी अधीक्षक अंजनी अंजन से उनके आवासीय कार्यालय में मिलकर एक पत्र सौंपा और उनसे तत्काल इस मुद्दे पर हस्तक्षेप करने का आग्रह किया है। पत्र में सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने बताया है कि अस्पताल परिसर में मोटरसाइकिल चोरी, स्नैचिंग और पॉकेटमारी की वारदातें बढ़ते जा रही हैं। स्थिति की गंभीरता यह है कि अपराधी अब मरीजों के वार्डों और बेड तक पहुंचने लगे हैं, जहां से उनके मोबाइल फोन और अन्य आवश्यक सामान चोरी हो रहे हैं। दूर-दराज से इलाज कराने आए गरीब मरीजों की पॉकेटमारी होने की घटनाएं भी सामने आ रही हैं। पिछले कुछ महीनों में परिसर से कई मरीज और उनके परिजनों की बाइक चोरी हो चुकी है। रंजन चौधरी ने पत्र में लिखा है कि सुरक्षा के अलावे अस्पताल के अंदर की ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। पत्र के अनुसार अस्पताल के मुख्य मार्ग से ट्रामा सेंटर तक एम्बुलेंस को पहुंचने में अत्यधिक समय लग जाता है, जो गंभीर मरीजों के लिए जानलेवा साबित हो सकता है। इसका मुख्य कारण यह है कि लोग अस्पताल परिसर को पार्किंग के तौर पर इस्तेमाल कर रहे हैं। प्राइवेट एम्बुलेंस के साथ बाहर के टेंपो, टोटो और रिक्शा भी परिसर में खड़े रहते हैं, जिससे जाम की स्थिति बन जाती है। सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने बताया कि पूर्व में हजारीबाग सांसद सह तत्कालीन सदर विधायक मनीष जायसवाल की मांग पर अस्पताल परिसर में एक पुलिस पिकेट स्थापित किया गया था।

## एक नजर

### हजारीबाग सिविल सर्जन ने किया बड़कागांव प्रखंड का दौरा



**बड़कागांव:** हजारीबाग सिविल सर्जन का ताबड़तोड़ बड़कागांव प्रखंड का दौरा। प्राप्त जानकारी के अनुसार बड़कागांव प्रखंड से लगातार सिविल सर्जन को कई शिकायत मिल रही थी, जैसे की अवैध नर्सिंग होम का संचालन, लिंग जांच अल्ट्रासाउंड का। सिविल सर्जन के पहुंचते ही बड़कागांव के कई नर्सिंग होम व अल्ट्रासाउंड संचालक दुकान में ताला लगाकर नौ–दो ग्यारह। सिविल सर्जन के बड़कागांव दौरा होने से बड़कागांव चिकित्सा प्रभारी अविनाश कुमार का छूट रहें थें पसीना। मौके पर बड़कागांव चिकित्सा प्रभारी अविनाश कुमार भी शामिल थें।

### चेकडैम में डूबने से 12 वर्षीय बच्ची की मौत प्रशासन ने जताया शोक



**चौपारण :** प्रखंड के बहेरा पंचायत अंतर्गत ग्राम बहेरा स्थित एक चेकडैम में गुरुवार दोपहर करीब 1 बजे नहाने गई एक 12 वर्षीय बच्ची की डूबने से मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही बिना देरी किए चौपारण अंचलाधिकारी संजय यादव और थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी घटना स्थल पर पहुंचे। और उन्होंने तत्काल चयकला से गोताखोरों की टीम बुलाकर लगभग एक से डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद बच्ची के शव को बाहर निकाला गया। मृतका की पहचान राखी कुमारी पिता चंद्रदेव भुइयां, उम्र 12 वर्ष, ग्राम बहेरा, चौपारण के रूप में हुई है। मुखिया प्रतिनिधि रणवीर कुमार ने बताया कि बच्ची का घर चेकडैम के पास ही था। वह कपड़ा धोने के बाद नहाने के लिए पानी में उतरी होगी, तभी उसका पैर फिसल गया होगा और वह गहरे पानी में चली गई। इधर शव को पोस्टमार्टम के लिए बरही भेज दिया गया। घटना पर अंचलाधिकारी संजय यादव व थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी ने गहरा शोक ब्यक्त किया। सीओ सजंय यादव ने कहा कि आपदा राहत कोष के तहत परिजनों को हर संभव सहायता दी जाएगी। वहीं मुखिया प्रतिनिधि रणवीर कुमार ने भी गहरा शोक ब्यक्त करते हुए त्वरित संज्ञान लेने के लिए सीओ संजय यादव और थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी के प्रति आभार व्यक्त किया।

### विद्युत चोरी के आरोप में 6 पर प्राथमिकी दर्ज

**बरही :** झारखंड ऊर्जा विकास निगम के निर्देश पर बरही में लगातार बिजली ऊर्जा की चोरी को रोकने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में विद्युत कनीय अभियंता अभिषेक आनंद ने बिजली चोरी के आरोप में 6 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कराई है। जिनके खिलाफ 93 हजार का जुमार्ना लगाया गया है। इसमें बरही कोनरा निवासी जसीम अहमद पिता अब्दुल सत्तार, रामेश्वर प्रसाद यादव पिता भिखी यादव, बबन यादव पिता भिखी यादव, शिवनाथ यादव पिता महावीर यादव, संजय श्रीवास्तव पिता रामानंदन श्रीवास्तव एवं शिवनंदन प्रसाद पिता रामलाल प्रसाद सभी पर 15 हजार 500 रुपया का जुमार्ना लगाया है।

## नमनदीप स्कूल के नन्हें सपूतों ने बढ़ाया गौरव परीक्षा परिणाम में दिखी मेहनत की चमक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चौपारण :** प्रखंड अंतर्गत ग्राम दनुआ में संचालित नमनदीप पब्लिक स्कूल में अर्धवार्षिक परीक्षा का परिणाम को घोषित किया गया। परिणाम जारी होते ही विद्यालय परिसर में खुशी की लहर दौड़ गई। नर्सरी से लेकर सप्तम वर्ग तक के बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपनी मेहनत का शानदार परिचय दिया। इस अवसर पर आयोजित समारोह में विद्यालय के निदेशक सह प्रधान शिक्षक सतीश केसरी ने बच्चों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सभी विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। विद्यालय का उद्देश्य केवल शिक्षा देना नहीं, बल्कि बच्चों में संस्कार और आत्मविश्वास का विकास करना भी है। घोषित परिणामों में सबसे बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों में कक्षा नर्सरी से टुकटुक कुमारी, कक्षा एलकेजी से सत्यम केसरी, कक्षा यूकेजी से अनीश कुमार, कक्षा प्रथम से शिववचन कुमार, कक्षा द्वितीय से स्वाति कुमारी, कक्षा तृतीय से ऋतिक कुमार, कक्षा चौथा से अमित कुमार, कक्षा पांचवां से संध्या कुमारी, कक्षा छठा से काजल कुमारी और कक्षा सातवां से प्रिंस कुमार समेत अन्य बच्चे शामिल हैं। विद्यालय प्रबंधन की ओर से सभी टॉपर विद्यार्थियों को शील्ड, मेडल, लंच बॉक्स और वॉटर बॉटल देकर सम्मानित किया गया। साथ ही जूनियर सेक्शन की टॉपर टुकटुक कुमारी के अभिभावक सतीश यादव और सीनियर सेक्शन के टॉपर ऋतिक केसरी के अभिभावक मिथुन केसरी को भी विशेष रूप से मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

## सोहराय डायर जतरा मेला असवा-तिलैया का राजू यादव ने फीता काटकर किया उद्घाटन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव :** बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत इस वर्ष प्राकृतिक पर्व सोहराय डायर जतरा मेला का आयोजन विभिन्न गांवों में काफी धूमधाम से किया गया।इसी कड़ी में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्राकृतिक पर्व सोहराय डायर जतरा मेला का आयोजन ग्राम आसवा-तिलैया के मेलाटांड में किया गया।मेले का आयोजन मेला समिति असवा-तिलैया के द्वारा किया गया।कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि आरसीएमयू बरका सयाल क्षेत्र के क्षेत्रीय सचिव राजू यादव के द्वारा फीता काटकर किया।इससे पुर्व मेला के संरक्षक सह पोटंगा पंचायत के मुखिया चरका करमाली एंव अध्यक्ष सुजल कुमार उरांव के नेतृत्व में मुख्य



अतिथि राजू यादव का बुके देखकर वह फूल माला पहनकर गाजे बाजे के साथ नारा लगाते हुए मुख्य चौक असवा से कार्यक्रम स्थल तक सम्मान के साथ लाया गया।तत्पश्चात सभी सम्मानित अतिथियों का बारी-बारी से बैच लगाकर स्वागत किया गया।मेले में उपस्थित लोंगो व दर्शकों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि राजू यादव ने कहा कि ऐसे मेले का आयोजन होना चाहिए क्योंकि इससे हमारे नए पिड़ी के लोगों विशेष कर युवा पीढ़ी को संस्कृति एवं प्राकृतिक पर्व के बारे में जानकारी मिलती है।वहीं लोग एक दूसरे से मिलते जुलते हैं साथ ही साथ अपनी संस्कृति व वेशभूषा को जानने पहचानने का मौका मिलता है।वहीं मुखिया चरखा करमाली ने कहा कि इस मेला का आयोजन स्वर्गीय निर्मल यादव ने ग्राम असवा - तिलैया के ग्रामीणों के द्वारा शुरू किया था।

## मण्डई चित्रांश परिवार ने किया भगवान चित्रगुप्त महाराज की पूजा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** हजारीबाग,मण्डई कला वार्ड एक लाला मुहल्ला में भगवान चित्रगुप्त महाराज कि पूजा में शामिल हुए चित्रांश परिवार। सामूहिक पूजा कर प्रसाद ग्रहण किया गया। पुजारी राजेश कुमार शर्मा उर्फ संजय पाण्डेय ने विधि-विधान से पूजा सम्पन्न कराया।पूजा में सभी शामिल हो अपने आराध्य भगवान चित्रगुप्त महाराज से आय की पुर्ति, परिवार कि समृद्धि ,समाज कि मंगल कामना की अर्ज किया। पूजा उपरान्त बच्चों की बीच चित्रांकण प्रतियोगिता, खेल-कूद, गीत-संगीत,नृत्य की प्रतियोगिता सम्पन्न करायी गयी। उत्कृष्ट मनमोहक एवं आकर्षक दृश्य प्रस्तुत करने वाले बच्चों को मेडल देकर प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम को सफल कराने में



आयुध सिन्हा, राजेश सिन्हा, आदित्य राज बक्की, आयुश रंजन, रितिक सिन्हा,सृजन सिन्हा वगैरह का योगदान सराहनीय रहा। इधर महिलाओं ने सामूहिक एकत्रित होकर अपने-अपने भाई की लम्बी आयु और जीवन की मंगल कामना के निमित भाई- दूज व्रत सम्पन्न किया। शहर में अलग- अलग जगहों पर छठ तालाब स्थित चित्रगुप्त महाराज मंदिर,राम नगर, कानी बाजार, शिवदयाल नगर, बिहारी दुर्गा स्थान इत्यादि कई स्थानों पर सामूहिक रुप से भगवान चित्रगुप्त महाराज कि पूजा और सामूहिक भोजन कराया जाता है।

## यूथ विंग की मिसाल छठ महापर्व पर 21 प्रकार की सामग्री का आज होगा वितरण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** आस्था, श्रद्धा और सेवा की भावना को समर्पित हजारीबाग यूथ विंग द्वारा इस वर्ष भी छठ महापर्व के अवसर पर एक सराहनीय पहल की जा रही है। संस्था लगातार तीसरे वर्ष छठ व्रतियों एवं श्रद्धालुओं के लिए विशेष सेवा कार्यक्रम का आयोजन कर रही है, जिसके तहत श्रद्धालु एवं व्रतियों को 21 प्रकार की पूजन सामग्री का वितरण किया जाएगा। यह कार्यक्रम शुक्रवार को सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:30 बजे तक के. बी. सहाय मार्ग, खजांची तालाब के निकट आयोजित किया जाएगा। श्रद्धालुओं को एक सूप के साथ सभी पूजन सामग्री मात्र 11 रुपए के सहयोग राशि पर उपलब्ध कराई जाएगी। कार्यक्रम से एक दिन पूर्व गुरुवार को संस्था के पदाधिकारी और सदस्य तैयारी में पूरी तरह जुटे रहे। सर्वप्रथम 301 सूप और नारियल को विधिवत धोकर पवित्रता के साथ तैयार किया गया, ताकि



श्रद्धालुओं को शुद्ध और स्वच्छ सामग्री प्राप्त हो सके। इसके पश्चात श्रद्धा एवं सेवा भाव के साथ पूजन सामग्री की पैकिंग की गई। इसमें सूप, नारियल, शुद्ध घी, सिंदूर, रोली, कपूर, काफर, काठ बादाम, कमल गोटा, लौंग, इलायची, बड़ी इलायची, छोहाड़ा, मखाना, रुई बत्ती, धूपबत्ती, सुपारी, आरता पत्ता, माचिस सहित कई सामग्री सम्मिलित हैं। संस्था के संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने कहा छठ व्रत नारी शक्ति, पवित्रता और अनुशासन का प्रतीक है। हमारी संस्था का उद्देश्य व्रतियों के कठिन व्रत को सरल बनाते हुए सेवा और सौहार्द का संदेश देना है।

## फादर एटी थॉमस का 28वीं शहादत दिवस शांति निकेतन हाई स्कूल बबुपारा में संपन्न

प्रत्युष नवबिहार संवाददाता

बड़कागांव : बाबूपारा में फादर ए. टी.थॉमस का 28वीं शहादत दिवस, शांति निकेतन हाई स्कूल बबुपारा प्रांगण में सम्पन हुआ। मुखिया अतिथि गौतम सागर राणा, विशिष्ट अतिथि जोसेफ थैंकअचान, बेबी थॉमस और उसके परिवार बादाम मुखिया सुनीता देवी, गोंदेलपुरा का मुखिया बासुदेव यादव और गाँव के तमाम सामाजिक कार्य कर्ता उपस्थित थे। गौतम सागर राणा पूर्व विधायक और ब्रतमान आर जे डी के प्रदेश अध्यक्ष ने सी एन टी एक्ट, पैसा कानून, विस्थापन पर जोर देते हुए कहा कि हमें एक साथ आना है और अपने हक और अधिकार के अपनी आवाज बुलंद करने का आह्वान किये। साथ उन्होने कहा कि यदि हम एक जुट होकर बड़ा आंदोलन करेंगे तो सरकार और कंपनी को झुका सकते हैं। वही पर



वीरेन्द कुमार ने पैसा कानून और वनाधिकार कानून पर कि ग्राम सभा को सबसे बड़ा अधिकार दिया गया है इसलिए ग्राम सभा को संगठित होना है और अपना अधिकार को समझना है डाड़ी कला के मुखिया इलियास अंसारी भीड़ को सम्बोधित करते हुए कहा संबिधान और आम नागरिक के अधिकार खतरे में इसलिए हमें संगठित होकर संविधान को घर घर पहुँचाना है फादर ए टी थॉमस के भाई ने जातिगत जनगणना कराने को लेकर सरकार से मांग किया. सभा को मूखिया बासुदेव यादव गोण्डलपुरा, पूर्व मुखिया श्रीकांत निराला, दीपक दास, रामकुमार, इंद्रदेव राम, प्रभु राम पंचायत समिति सदस्य नयाँटांड ने सम्बोधित किया. इस शहादत दिवस पर आदिवासी और मूलनिवासी sc st ओबीसी समाज के ग्रामीण अपने ढोल मानदर नागेड़ा आदि परम्परागत वाद्य, पोशाक पहनकर पर्यावरण, विसथापन पर गीत, जागृति गीत प्रस्तुत किये. इस समारोह में टनडवा, सिमरिया, हजारीबग, कटकमदाग, करेडारी, बड़कागाँव, राँची, रामगढ़, बोकारो, से हजारों की संख्या में लोग उपस्थित हुवे, नव ज्योति युवा संघ ने आये अतिथियों को भोजन की व्यवस्था किया मुख्य रूप से संतोष दास, ऋतू राज दास, दिनेश दास, रवि, तरुण, बसंत दास, युगल दास, ऋतिक रावण, बिरेन्द सहित कई लोग मौजूद थे।


## संक्षिप्त खबरें

### सड़क दुर्घटना में घायल पूर्व क्रिकेटर अरशद अंजुम की मौत



**बड़कागांव :** प्रखंड के निवासी पूर्व क्रिकेटर 58 वर्षीय अरशद अंजुम की इलाज के दौरान रांची में मौत हो गई। ज्ञात हो की स्कूटी ड्राइविंग कर रहे अरशद अंजुम सदर अस्पताल के पास सड़क दुर्घटना में हो गए। जिसमें अरशद अंजुम गंभीर रूप से घायल हो गए थे। रांची में इलाज के दौरान मौत हो गई। गहरा दुख व्यक्त करते हुए बड़कागांव पूर्व क्रिकेटर केनरा बैंक प्रबंधक शशि कुमार बागे ने कहा की 90 की दशक में अरशद एक बेहतरीन ऑलराउंडर क्रिकेटर थे ,युवा खिलाड़ियों के लिए एक आदर्श थे। उनका भरपाई कर पाना काफी कठिन है। शोक व्यक्त करने वालों में पूर्व क्रिकेटर दीपक सिन्हा, फिरोज खान, फिरोज आलम, दीपक छोटू, दीपक गुप्ता, अरुण सिन्हा, उमेश सिन्हा,संदीप कुशवाहा, संतोष सिंह, चेतलाल राम, धर्मनाथ राम, जुबेर खान, मिनहाज खान, मोहम्मद तस्लीम, मोबीन खान ,बबलू खान के अलावा कई पूर्व क्रिकेटरों ने शोक व्यक्त किया।

### श्रीदस की छात्रा आदिति ने बनाया उर्जा बचत के लिए सेंसर बेस्ट रोबोटिक्स मॉड्यूल



बरही : बरही प्रखंड के देवचंदा मोड़ स्थित श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल ने अपनी उपलब्धियों से जिले में एक सफल सीबीएसई स्कूल की छवि बनाने में सफल रहा है। श्रीदस स्कूल के बच्चे हर क्षेत्र में परचम लहरा कर विद्यालय के साथ साथ क्षेत्र का नाम रोशन कर रहे हैं। इसी कड़ी में क्लास 7वीं की छात्रा आदिति आनंद ने एक रोबोटिक्स प्रोजेक्ट पर काम किया है, जिसका नाम उन्होंने 'क्लास रूम एनर्जी सेविंग मॉड्यूल' रखा है। यह मॉड्यूल सेंसर बेस्ड है, जो मोशन को डिटेक्ट करके अलार्म बजाता है। आदिति ने बताया कि यह मॉडल विभिन्न उद्देश्यों के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है। ऊर्जा बचत के लिए अगर फैन ऑन रह जाए, तो यह अलार्म बजाकर आपको सूचित कर सकता है। वहीं, किसानों को खेती में सुरक्षा प्रदान करने के लिए भी उपयोगी है। उन्होंने कहा कि अगर फेंसिंग में कोई जानवर छेड़छाड़ करे, तो अलार्म के माध्यम से किसान को जानकारी मिल जाएगी।इस दौरान प्रिंसिपल के. कुमार ने कहा कि आदिति का यह प्रोजेक्ट बेहद इनोवेटिव है। यह न सिर्फ क्लासरूम में बिजली की बबार्दी रोकेगा, बल्कि ग्रामीण इलाकों में किसानों की मदद भी करेगा। श्रीदस ऐसे छात्रों को प्लेटफॉर्म देकर उनके सपनों को पंख लगा रहा है, और हमें ऐसी प्रतिभाओं पर गर्व है।'स्कूल के मैनेजर राकेश कुमार ने आदिति और रोबोटिक्स टीचर अमन की प्रशंसा करते हुए कहा कि आदिति की लगन और अमन सर की गाइडेंस से यह प्रोजेक्ट संभव हुआ है। ऐसे इनोवेटिव आइडियाज से बच्चे न सिर्फ सीखते हैं, बल्कि भविष्य के इनोवेटर बनते हैं। स्कूल हर बच्चे की क्षमता को निखारने में कोई कसर नहीं छोड़ रहा। जानकारी के लिए बता दूं कि आदिति मूल रूप से रामगढ़ जिले की रहने वाली श्रीदस स्कूल की सातवीं कक्षा की छात्रा है। आदिति के मेहनत से परिजनों के अलावा विद्यालय परिवार बेहद खुश है। आदिति के पिता ने प्रशंसा व्यक्त करते हुए कहा, 'मुझे अपनी बेटी पर गर्व है। श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल बच्चों को निखारने में कोई कमी नहीं छोड़ रहा।

### डाड़ीकला थाना क्षेत्र में इंस्पेक्टर ने छठ घाट का किया निरीक्षण



बड़कागांव : बड़कागांव प्रखंड के डाड़ी कला थाना क्षेत्र अंतर्गत छठ घाटों की निरीक्षण बड़कागांव थाना पुलिस निरीक्षक ललित कुमार व थाना प्रभारी सागेंन मुर्मू के द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान विधि व्यवस्था को लेकर ललित कुमार ने कई महत्वपूर्ण सुझाव थाना प्रभारी को दिया। ताकि किसी भी प्रकार की अनहोनी को रोका जा सके। श्रद्धालुओं को सख्त हिदायत दी गई है कि नदी हो या तालाब छठ घाट के गहरे पानी में लोग नहीं जाए। इससे जान माल की खतरा बना रहता है। श्रद्धालुओं को सावधानी बरतने की जरूरत है।

### विधायक ने किया आरके आर्ट एंड क्राफ्ट सेंटर का किया उद्घाटन




**बरही :** बरही धनबाद रोड स्थित आरके आर्ट एंड क्राफ्ट सेंटर का उद्घाटन बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने फीता काटकर किया। इस दौरान आरके आर्ट एंड क्राफ्ट सेंटर का संचालक रवि केशरी, राहुल केशरी ने विधायक एवं अन्य अतिथियों को प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। उद्घाटन के पूर्व रवि केशरी के माता पिता एवं उनके परिवार जनों ने विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की। उद्घाटन के अवसर पर विधायक मनोज कुमार यादव ने रवि केशरी एवं उनके द्वारा संचालित प्रतिष्ठान का तारीफ करते हुए कहा कि आर्ट (कला) एवं क्राफ्ट के मामले में आरके आर्ट का जोड़ नहीं है। बरही क्षेत्र में इनके द्वारा बेहतर आर्ट बनाया जाता है। जिसकी सराहना मिलती रहती है। इनका नया प्रतिष्ठान भी बेहतर ढंग से संचालित होगा और बरही वासियों को बेहतर आर्ट एवं क्राफ्ट से संबंधित समान मिलेगा। संचालक रवि केशरी ने बताया कि उनके इस प्रतिष्ठान में आर्ट एवं क्राफ्ट का सभी तरह को गिफ्ट आइटम उपलब्ध है। उचित दर पर बेहतर गिफ्ट मिलेगा। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर , मंडल अध्यक्ष भगवान केशरी, गुरुदेव गुप्ता, आकाश जयसवाल, मुन्ना यादव, रोहित केशरी, संतोष यादव, इंद्रदेव ठाकुर, जियाउद्दीन अंसारी, नागेश्वर रजक, संजय केशरी सहित कई लोग मौजूद थे।

## एक नजर

### झारखंड के कई जिलों में छाए बादल, 25 को बारिश की आशंका

रांची : झारखंड के कई जिलों में गुरुवार की सुबह से बादल छाया रहा। वहीं शनिवार को राज्य के दक्षिणी और पश्चिमी जिलों में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होने की आशंका है। यह जानकारी मौसम विभाग ने गुरुवार को दी। विभाग के अनुसार 26 अक्टूबर को पश्चिमी जिलों गढ़वा, पलामू, चतरा और लातेहार में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होने की संभावना है। वहीं पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक तापमान 34.6 डिग्री और सबसे कम तापमान 16.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। गुरुवार को रांची में अधिकतम तापमान 31.8 डिग्री, जमशेदपुर में 33.4, बोकारो में 34.6 डिग्री, बोकारो में 32.1 और चाईबासा में अधिकतम तापमान 33.8 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

### जैप-2 के जवान ने की खुदकुशी, जांच में जुटी पुलिस

रांची : राजधानी रांची के जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र के कुटे स्थित विस्थापित भवन में झारखंड आर्म्ड पुलिस (जैप-2) के एक जवान ने गुरुवार की सुबह को फंदे से लटककर खुदकुशी कर ली। मृत जवान की पहचान शिव पूजन रजवार के रुप में हुई है। जवान बोकारो पेटरवार का रहने वाला था। घटना की सूचना मिलते ही जगन्नाथपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। खुदकुशी के कारण का खुलासा फिलहाल नहीं हो पाया है। घटना की सूचना मिलने के बाद सिटी एसपी पारस राणा और फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी की टीम मौके पर पहुंचकर मामले की जांच कर रही है।

### वाहन का रंग बदल देने पर मंत्री पर कार्रवाई करें मुख्यमंत्री : दुर्गा

रांची : झारखंड अगेंस्ट करप्शन के केंद्रीय अध्यक्ष दुर्गा उरांव ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से, सरकार में शामिल श्रम मंत्री संजय यादव के विरुद्ध नियम संगत कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने गुरुवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि मंत्री ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए अपने सरकारी वाहन का रंग बदल दिया। ताकि ट्रैफिक पुलिस, विभागीय अधिकारी कर्मी या फिर कोई आमजन उस वाहन को पहचान न सकें। उन्होंने कहा कि इस तरह की हरकत मंत्री पद की गरिमा के बिलकुल विपरीत है। इस संबंध में दुर्गा उरांव ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर कहा है कि रंग बदलने के बाद मंत्री संजय यादव अपने वाहन को विभिन्न स्थानों पर ले गए। मंत्री क्या सोचकर वाहन को इधर-उधर ले गए यह जांच का विषय है। लेकिन राज्य की ट्रैफिक पुलिस और विभाग धन्य है जिसने सजगता दिखाते हुए इस वाहन को न सिर्फ पकड़ लिया, बल्कि संबंधित वाहन पर नियम अनुसार फाइन भी लगाया। उन्होंने कहा कि यदि पुलिस तत्परता नहीं दिखाती तो यह वाहन कुछ और भी नियमों का उल्लंघन कार्य कर सकता था। उरांव ने कहा कि मंत्री का यह कदम सरकारी संपति के साथ छेड़छाड़ और शासन के नियमों की अवहेलना है। इससे राज्य सरकार और मुख्यमंत्री की छवि धूमिल हो रही है और जनता के बीच गलत संदेश जा रहा है। इसलिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इसपर कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मंत्रियों और विधायकों को जनता के विकास कार्यों में ध्यान देना चाहिए, न कि व्यक्तिगत शौक पूरे करने में उर्जा खर्च करनी चाहिए।

# नहाय खाय के साथ 25 से शुरू होगा चार दिवसीय महापर्व छठ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



रांची : चार दिवसीय छठ महापर्व 25 अक्टूबर, दिन शनिवार को नहाय-खाय सह कद्दू भात से शुरू हो जाएगा। खरना पूजन 26 अक्टूबर, दिन रविवार को होगा। 26 अक्टूबर को शाम में छठ पर्व का खरना पूजन होगा। इसके पश्चात छठ व्रतियों की ओर से खीर और रोटी (पूरी) खाने के बाद कार्तिक छठ के समापन-पारण होने तक करीब 36 घंटे तक का निर्जला उपवास शुरू हो जाएगा। वहीं 27 अक्टूबर, सोमवार को अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पण किया जाएगा। 28 अक्टूबर, मंगलवार को प्रातः बेला में उदीयमान आदित्य देव को अर्घ्य अर्पित किया जाएगा। इसके बाद इस छठ पर्व का पारण-समापन हो जाएगा। छठ के चार दिवसीय अनुष्ठान से पहले ही छठ व्रतियों की ओर से महापर्व छठ व्रत का प्रसाद बनाने के लिए गेहूं और अरवा चावल को अच्छे से धोकर एवं साफ कर घर की आंगन तथा छतों पर धूप में बैठकर सुखाया जा रहा है। छठ महापर्व में नियम, निष्ठा, विधि विधान के साथ साथ स्वच्छता एवं साफ-सफाई का पूरा ख्याल रखा जाता है छठ घाटों की साफ-सफाई अंतिम चरण मेंरांची के विभिन्न छठ घाटों बड़ा तालाब, बटन तालाब, हटनिया तालाब, जोडा तालाब, करमटोली तालाब, अरगोड़ा तालाब, धुर्वा स्थित जगरन्नाथपुर तालाब, धुर्वा डैम, गेतलसूद डैम, कांके डैम, तिरिल सहित विभिन्न जल स्रातों की साफ-सफाई का काम अंतिम चरण में है। साथ ही छठ घाटों के निर्माण और वहां पर पर्याप्त रौशनी सहित अन्य सुविधा बहाल करने के लिए प्रशासन और नगर निगम की टीम काम कर रही है। साथ ही इसमें विभिन्न सामाजिक संगठनों की ओर से भी मदद की जा रही है।

क्यों मनाते हैं महापर्व छठ आचार्य कौशल किशोर शर्मा ने गुरुवार को बताया कि छठ पर्व सृष्टि में उर्जा के सबसे बडे स्रोत भगवान सूर्य के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने के लिए मनाया जाता है। वहीं छठी मईया को भगवान सूर्य की बहना माना जाता है। ऐसी मान्यता है कि जब किसी नवजात बच्चे का जन्म होता है तो उसके छह माह तक छठी मईया उक्त बच्चे के पास रहती हैं और बच्चे की रक्षा करती हैं। इसके अलावा छठ महापर्व को लेकर हमारे धर्मग्रंथों में भी कई कथाओं का वर्णन है। इन कथाओं के अनुसार त्रेता युग में भगवान राम ने भी माता सीता के साथ छठ व्रत किया था। उन्होंने माता सीता के साथ 14 वर्ष का वनवास खत्म कर आयोध्या लौटने और रावण का वध करने पर सूर्य देव के प्रति आभार प्रकट करने के लिए महापर्व छठ किया था।

## किसानों को नहीं मिल रहा पीएम किसान सम्मान योजना का लाभ, कार्रवाई की मांग

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



रांची : झारखंड की कांग्रेस सोशल मीडिया कोऑर्डिनेटर ब्यूटी मंडल ने राज्य सरकार से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के लंबित मामलों को लेकर गंभीर शिकायत की है। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और राज्य कृषि विभाग से इस दिशा में त्वरित कार्रवाई की मांग की है। ब्यूटी मंडल ने बताया कि झारखंड के पाकुड़, देवघर, जामताड़ा और लोहरदगा जिलों के किसानों का पीएम किसान सम्मान निधि का स्टेट अप्रूवल कई महीनों से पेंडिंग है। इस कारण कई किसानों को उनकी किस्त समय पर नहीं मिल पा रही है, जिससे वे आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह योजना किसानों के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए केंद्र सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है, लेकिन राज्य स्तर पर स्वीकृति में देरी के कारण इसका लाभ पात्र किसानों तक नहीं पहुँच पा रहा है। मंडल ने राज्य सरकार और संबंधित अधिकारियों से अपील की है कि वे जल्द से जल्द किसानों की स्टेट अप्रूवल जारी करें, ताकि उन्हें उनका वाजिब हक समय पर मिल सके और उनकी आर्थिक परेशानियाँ कम हों। किसानों को उनका हक समय पर मिले, इसके लिए झारखंड सरकार और कृषि विभाग से तुरंत कार्रवाई की माँग की जाती है, ब्यूटी मंडल ने अपने पोस्ट में लिखा।

## रांची नगर निगम की बैठक में शहर को अतिक्रमण और गंदगी से मुक्त करने का निर्देश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



रांची : रांची नगर निगम के प्रशासक सुशांत गौरव ने गुरुवार निगम सभागार में इनफोर्समेंट टीम के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने फील्ड में हो रही दिक्कतों की जानकारी ली और चल रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। बैठक के दौरान प्रशासक ने शहर को साफ-सुथरा और व्यवस्थित बनाने के लिए कई जरूरी निर्देश दिए। प्रशासक ने कहा कि शहर को जाम और अतिक्रमण से मुक्त बनाने के लिए युद्धस्तर पर अभियान चलाया जाए। मुख्य सड़कों और चौक-चौराहों से अवैध कब्जे तुरंत हटाए जाएं। सुशांत गौरव ने कहा कि सड़क या खुले स्थानों पर कचरा या निर्माण मलबा फेंकने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सभी दुकानदारों को दो डस्टबिन रखना जरूरी है, ऐसा नहीं करने पर जुर्माना लगेगा। उन्होंने कहा कि तालाबों में कचरा डालने या गंदगी फैलाने वालों पर चालान काटा जाए। अगर जरूरत पड़ी तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। नगर निगम के काम में रुकावट डालने वालों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है। प्रशासक ने निर्देश दिया कि छठ पूजा से पहले तालाबों के आसपास रात में गश्त की जाए और असामाजिक तत्वों पर नजर रखी जाए। किसी भी तरह का अतिक्रमण मिलने पर तुरंत हटाया जाए। उन्होंने कहा कि यह अभियान छठ पर्व तक लगातार जारी रहेगा और पर्व के बाद साफ-सफाई और यातायात सुधार पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। बैठक में उप प्रशासक गौतम प्रसाद साहू, सहायक प्रशासक, इनफोर्समेंट अधिकारी और अन्य निगम कर्मी मौजूद थे।

## बिहार में बनेगी तेजस्वी के नेतृत्व में युवा सरकार : कैलाश यादव

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



रांची : राजद के झारखंड प्रदेश के प्रवक्ता कैलाश यादव ने आगामी बिहार विधानसभा चुनाव में इंडी गठबंधन से मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार राजद के युवा नेता तेजस्वी यादव और उपमुख्यमंत्री पद के लिए वीआईपी के मुकेश सहनी को घोषित करने पर बधाई दी है। उन्होंने गुरुवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि बिहार में तेजस्वी यादव के नेतृत्व में युवा सरकार बनेगी जो नए बिहार का सपना सच करेगी। यादव ने कहा कि तेजस्वी यादव और मुकेश सहनी दोनों युवा चेहरे हैं। बिहार की जनता महागठबंधन को वोट देकर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भाजपा एनडीए सरकार को उखाड़ फेंकेगी। उन्होंने कहा कि बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व में लगभग 20 वर्षों से भाजपा-जदयू गठबंधन की सरकार चल रही है। इसके बावजूद बिहार में एक सुई का कारखाना भी नहीं खुलवा सकी। बिहार में सरकार ने पलायन, बेरोजगारी, शिक्षा, चिकित्सा और विधि व्यवस्था सुरक्षा उद्योग, युवा, किसान और मजदूरों की जिंदगी बदहाल करने का काम किया है। यादव ने कहा कि बिहार में तेजस्वी यादव के नेतृत्व में एक दूरदर्शी विजन के साथ युवा सरकार बनेगी। बधाई देने वाले में प्रदेश अध्यक्ष सह विधायक संजय सिंह यादव, श्रम एवं उद्योग मंत्री संजय प्रसाद यादव, विधायक सुरेश पासवान, विधायक नरेश सिंह, पूर्व मंत्री सत्यानंद भोक्ता, पूर्व विधायक गौतम सागर राणा सहित प्रदेश सहित अन्य के नाम शामिल हैं।

## छठ पर्व को लेकर नगर निगम प्रशासक ने विभिन्न तालाबों का किया निरीक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर नगर निगम के प्रशासक सुशांत गौरव ने गुरुवार को धुर्वा डैम, बटन तालाब, शालीमार तालाब धुर्वा, जगन्नाथपुर तालाब सहित विभिन्न तालाबों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने घाटों की सफाई व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा उपायों और श्रद्धालुओं की सुविधाओं सहित अन्य समस्याओं पर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। मौके पर प्रशासक सुशांत गौरव ने कहा कि लोक आस्था का महापर्व छठ अब निकट है। इसलिए, सभी संबंधित पदाधिकारी-कर्मी शेष बचे कार्यों को युद्धस्तर पर पूरा करें। ताकि श्रद्धालुओं को एक स्वच्छ, सुरक्षित और सुगम वातावरण में बेहतर अनुभव प्राप्त हो सके। बटन तालाब के निरीक्षण के क्रम में खास तौर पर सफाई व्यवस्था संतोषजनक पाई गई। प्रशासक ने निर्देश दिया कि सफाई कार्य निरंतर अभियान के रूप में जारी रहे। उन्होंने घाट की सीढ़ियों पर नाम या नंबर लिखने वालों पर कार्रवाई करने, सीढ़ियों की पेंटिंग का कार्य जल्द पूरा करने, विशेष प्रकाश व्यवस्था ससमय सुनिश्चित करने, सुरक्षा की दृष्टिकोण से बैरिगेटिंग कार्य को पूरा करने, तालाब परिसर में क्षतिग्रस्त सड़क के निकट बोलार्ड लगाकर बैरिगेटिंग करने का निर्देश दिया। वहीं शालीमार तालाब, धुर्वा में उन्होंने सफाई व्यवस्था भी संतोषजनक पाया। इसी तरह जगन्नाथपुर तालाब में युद्धस्तर पर सफाई अभियान चलाने कार निर्देश दिया। धुर्वा डैम में भी निगम प्रशासक ने सफाई व्यवस्था संतोषजनक पाया।

## सरला बिरला पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने 'जॉय ऑफ गिविंग वीक' में बढ़-चढ़ कर लिया भाग

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



रांची : सरला बिरला पब्लिक स्कूल, राँची के विद्यार्थियों ने जॉय ऑफ गिविंग वीक (सेवा कार्यक्रम का एक हिस्सा) के अंतर्गत भाग लिया। इस अभियान के तहत विद्यार्थियों ने गुरु नानक होम फॉर चिल्ड्रेन विद डिसएबिलिटिज, करुणा अनाथालय, सेंट माइकल ब्लाइंड स्कूल और अपना घर वृद्धाश्रम का दौरा किया। प्रत्येक केंद्र पर उन्होंने जरूरत की वस्तुएँ भेंट कीं और उनके साथ समय बिताकर हर जगह प्रेम और आनंद का वातावरण बनाया। गुरु नानक होम फॉर चिल्ड्रेन विद डिसएबिलिटीज में विद्यार्थियों ने वहाँ के बच्चों के साथ हँसी-खुशी भरे पल साझा किए, जिससे पूरा वातावरण उल्लास और स्नेह से भर उठा। संस्थान के प्रबंधन ने विद्यार्थियों के इस प्रयास की सराहना की और उनके प्रति आभार व्यक्त किया। करुणा अनाथालय की यात्रा भी विद्यार्थियों के लिए अत्यंत संतोषजनक रही। उन्होंने वहाँ आवश्यक वस्तुएँ वितरित कीं और बच्चों के साथ सौहार्दपूर्ण बातचीत कर आपसी सहयोग और दया का सच्चा अर्थ जाना। सेंट माइकल ब्लाइंड स्कूल में छात्रों के लिए एक विशेष रूप से ज्ञानवर्धक अनुभव की प्रतीक्षा थी, जहाँ उन्होंने न केवल अपना योगदान दिया, बल्कि दृष्टिबाधित बच्चों के साथ सार्थक पल भी साझा किए। अपना घर वृद्धाश्रम में विद्यार्थियों ने बुजुर्गों के प्रति प्रेम और सम्मान प्रकट किया। उन्होंने प्रार्थनाएँ कीं, गीत गाए और दीये वितरित किए जो प्रकाश और आशा के प्रतीक थे। बुजुर्गों ने उन्हें आशीर्वाद दिया, जिससे बच्चों के मन में कृतज्ञता और सहानुभूति की भावना और गहरी हो गई। सरला बिरला पब्लिक स्कूल, राँची में आयोजित जॉय ऑफ गिविंग वीक केवल एक सामुदायिक पहल नहीं, बल्कि यह करुणा, दानशीलता और उससे मिलने वाली सच्ची खुशी का उत्सव होता है। कार्यक्रम पर विचार व्यक्त करते हुए, प्राचार्या मनीषा शर्मा ने कहा कि विद्यालय हर वर्ष इस प्रकार की पहलें करता है ताकि विद्यार्थियों में करुणा, कृतज्ञता और सामाजिक जागरूकता की भावना विकसित हो और वे संवेदनशील एवं जिम्मेदार नागरिक बन सकें।

## संक्षिप्त खबरें

### जनप्रतिनिधियों के फोन कॉल को ग्नोर कर रहे राज्य के अधिकारी : बाबूलाल मरांडी



रांची : प्रतिपक्ष के नेता और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने आरोप लगाया है कि राज्य के आलाधिकारी जनप्रतिनिधियों के फोन नहीं उठा रहे। मरांडी ने कहा कि आज सुबह लगभग 11 बजे उन्होंने जनसरोकार से जुड़े एक मामले में बात करने के लिये बोकारो जिले के एसपी, डीसी और एसडीओ को उनके सरकारी एवं गैर सरकारी नंबरों पर कॉल किया और करवाया। लेकिन हैरानी की बात यह है कि इन तीनों प्रमुख अफसरों के सरकारी एवं ज्ञात गैर सरकारी नंबर्स स्विच ऑफ थे। कहा कि अगर दिन के 11 बजे जिले के शीर्ष अधिकारी ही संपर्क से बाहर हों, तो यह बताने की जरूरत नहीं कि सरकार कितनी गंभीरता से काम कर रही है और ऐसे अधिकारी कितने गैर ज़िम्मेदार हैं? मरांडी ने कहा कि यह भी जानकारी मिली है कि झारखंड के अधिकांश वरिष्ठ अधिकारी तीन-तीन, चार-चार मोबाइल नंबर रखते हैं—एक सरकारी नंबर, जो कभी उठाया नहीं जाता, दूसरा प्राइवेट नंबर, जो सिर्फ दोस्तों और परिचितों के लिए होता है, और बाकी सीक्रेट नंबर, जो सेटिंग-गेटिंग और धंधे के लिए प्रयोग होता है। उन्होंने कहा कि समाचारों में भी आया था कि एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी तो सात-आठ फोन तक एक बैग में साथ रखकर चलते हैं और उनके लिये दलाली और वसूली का काम संभाल रहे कुछ लोग भी थोक के भाव मोबाइल रखकर नेटवर्किंग एवं वसूली की रकम को जगह पर पंहुचाने का काम सँभाले हुए हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, मेरी बातों पर यकीन न हो तो खुद से भी पता कर लें कि उनके आँख में धूल झोंक कर बेनामी नंबरों से ऐसे अफसर कैसे-कैसे धंधा कर रहे हैं? यह स्थिति प्रशासनिक अनुशासन पर गंभीर सवाल उठाता है। मरांडी ने कहा कि मुख्यमंत्री को इस पर संज्ञान लेना चाहिए। अधिकारियों को कुर्सी पर बैठने के लिए नहीं, बल्कि जनता की सेवा के लिए नियुक्त किया गया है। अगर जनप्रतिनिधियों को ही अधिकारियों से बात करने में इतनी कठिनाई हो रही है, तो आम जनता का हाल सहज ही समझा जा सकता है।

### छठ से पहले मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की दो किस्तें एक साथ मिलेंगी




रांची : झारखंड सरकार ने मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत लाभुक महिलाओं के लिए बड़ी राहत की घोषणा की है। जिन महिलाओं को 14वीं किस्त का भुगतान नहीं मिल पाया था, उन्हें इस महीने दो किस्तों की राशि एक साथ दी जाएगी। यानी हर लाभार्थी महिला के खाते में कुल 5,000 ट्रांसफर किए जाएंगे। सरकारी सूत्रों के अनुसार, पिछली किस्त से वंचित महिलाओं को अब 14वीं और 15वीं दोनों किस्तें एक साथ मिलेंगी। इससे त्योहारों से पहले उन्हें दोहरी राहत मिलेगी और योजना का पूरा लाभ प्राप्त होगा। वहीं, जिन महिलाओं को पहले ही 14वीं किस्त मिल चुकी है, उनके खातों में इस बार नियमित रूप से 15वीं किस्त के 2,500 भेजे जा रहे हैं। मईयां सम्मान योजना की 15वीं किस्त की राशि फिलहाल राज्य के 12 जिलों में भेजी जा चुकी है। इनमें रांची, धनबाद, देवघर, बोकारो, जमशेदपुर, लोहरदगा, गुमला, जामताड़ा, सिमडेगा, चतरा, पाकुड़ और गढ़वा शामिल हैं। इन जिलों में लाभुकों के आवेदन और दस्तावेजों का सत्यापन पहले ही पूरा हो चुका था, इसलिए इन्हें प्राथमिकता के आधार पर भुगतान किया गया है। शेष जिलों की महिलाओं के खातों में राशि 20 से 25 अक्टूबर के बीच भेजी जाएगी। सरकार का कहना है कि उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि हर पात्र महिला को उसका हक समय पर मिले, ताकि वे त्योहारों के मौके पर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर और सशक्त महसूस कर सकें।

### रांची के चार्टर्ड साइकिल स्टैंड बने कचरे के ढेर



रांची : रांची स्मार्ट सिटी कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा वर्ष 2019 में शुरू की गई चार्टर्ड साइकिल योजना का उद्देश्य शहर में पर्यावरण के अनुकूल यातायात को बढ़ावा देना था। लेकिन मार्च 2025 में योजना का अनुबंध समाप्त होने के बाद से साइकिल स्टैंडों की देखरेख और रखरखाव पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। शहर में लगभग 90 से 100 साइकिल स्टैंड स्थापित किए गए थे लेकिन अब इनकी स्थिति खराब होती जा रही है। रखरखाव के अभाव में कई स्थानों पर साइकिल स्टैंडों के आसपास लोगों ने कचरा फेंकना शुरू कर दिया है, जिससे वे अब कचरे के ढेर में तब्दील हो गए हैं। कुछ स्टैंडों के पास लोग खुले में पेशाब तक कर देते हैं, जिसके कारण वहां लगातार गंदगी और दुर्गंध बनी रहती है। वहीं कई साइकिल स्टैंडों पर जंग लगना और बोर्ड फट जाना जैसी समस्याएं भी देखने को मिल रही हैं। इस पूरे मामले पर स्मार्ट सिटी के जीएम राकेश ने बताया कि मार्च में योजना का कॉन्ट्रैक्ट खत्म हो चुका है, जिसके चलते रखरखाव पर ध्यान नहीं दिया जा पा रहा है। लेकिन अनुबंध के विस्तार की प्रक्रिया चल रही है। जैसे ही नया कॉन्ट्रैक्ट फाइनल होगा, सभी साइकिल स्टैंड फिर से सुचारू रूप से काम करने लगेंगे और उनके मेंटेनेंस का पूरा ध्यान रखा जाएगा। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि जल्द ही अगर सफाई और मरम्मत का काम शुरू नहीं हुआ तो यह योजना जो कभी शहर की ग्रीन मूवमेंट की पहचान थी, अब वही कबाड़ की पहचान हो जाएगी।

### मास्टर्स एशियन गेम्स में भाग लेने वाले खिलाड़ियों का हुआ सम्मान समारोह



रांची : गुरुवार को नवंबर माह में होने वाले मास्टर्स एशियन गेम्स में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ियों के सम्मान में एक समारोह का आयोजन किया गया। उपस्थित खिलाड़ियों को शाल और टी शर्ट देकर सम्मानित किया गया,इस अवसर पर अर्पित आनंद ने कहा की खेल किसी भी उम्र में जीवन को चलायमान रखता है साथ ही स्वास्थ्य भी ठीक रखता है उन्होंने खिलाड़ियों को शुभकामना दी की वो झारखंड और देश के लिए मेडल जीत कर आयें। इस अवसर पर मुख्य रूप से अर्पित आनंद, राजीव रंजन, पिंटू, सुशील कुमार विभूति भूषण(गप्पू जी), इन्द्र शेखर उपस्थित थे। खिलाड़ियों में अमोल कांत मिश्रा, महेश धोबी, चक्रधर महतो, शिवकुमार दत, बीरेन्द्र साहू, किरण कुमारी तांबा, अंकिता कुमारी, कृष शांडिल्य आदि उपस्थित थे। खिलाड़ियों ने भी भरोसा दिलाया की वो झारखंड और भारत के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देंगे।

एक नजर

## जिले में सघन वाहन जांच अभियान, दो ट्रक सहित 11 वाहन जब्त



**सरिया :** जिला परिवहन विभाग ने गुरुवार को पूरे जिले में सघन जांच अभियान चलाकर ओवरलोडिंग और नियमों के उल्लंघन के मामले में 11 वाहनों को जप्त किया। इन वाहनों को संबंधित थानों को सौंप दिया गया है। सरिया में भी दो ट्रकों को ओवरलोडिंग के आरोप में पकड़ा गया और विधिसम्मत कार्रवाई शुरू की गई है ।जिला परिवहन अधिकारी संतोष कुमार ने बताया कि सरिया-बगोदर रोड पर एक हाईवा (वाहन संख्या खल्02इर5821) को 20 टन से अधिक गिट्टी लादकर ले जाते हुए पकड़ा गया। इसके अलावा, एक बिहार नंबर के ट्रक को भी क्षमता से अधिक सामान लादने के कारण जप्त किया गया। दोनों वाहनों पर परिवहन नियमों के तहत दंडात्मक कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू की गई है ।उन्होंने बताया कि बगोदर में दो ट्रकों को नाबालिग चालकों द्वारा बिना लाइसेंस के नेशनल हाईवे पर चलाते हुए पकड़ा गया। इन वाहनों को बगोदर थाने को सौंपकर दंड की कार्रवाई शुरू की गई है। जिले के विभिन्न हिस्सों से कुल 11 वाहनों को जप्त कर संबंधित थानों को सौंपा गया है। परिवहन विभाग ने नियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए इस तरह के अभियान को और सख्त करने की बात कही है।

## बरहरवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण



**साहिबगंज:** बरहरवा प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. पंकज कर्मकार के नेतृत्व में गुरुवार को नियमित टीकाकरण कार्यक्रम (रूटीन इम्यूनाइजेशन) के तहत कहरपाड़ा, गोपालपुर एवं मोगलपाड़ा सत्र स्थलों का औचक निरीक्षण किया गया ।निरीक्षण के दौरान तीनों केंद्रों पर एएनएम, सहिया एवं सेविका समय पर उपस्थित पाई गईं और टीकाकरण कार्य सुचारू रूप से संचालित हो रहा था। डॉ. कर्मकार ने टीकाकरण रजिस्टर, लाभार्थी सूची और ड्यू लिस्ट का अवलोकन किया एवं संतोष व्यक्त किया। हालांकि, उन्होंने यह पाया कि किसी भी सत्र का सुपरवाइजर (सीएचओ/एम पीडब्ल्यू/बीटीटी) द्वारा भ्रमण नहीं किया गया था। इस पर उन्होंने असंतोष जताते हुए निर्देश दिया कि आगे से प्रत्येक सुपरवाइजर नियमित रूप से सत्र पर्यवेक्षण (सुपरविजन विजीट) करें और रिपोर्ट समय पर जमा करें। डॉ. कर्मकार ने स्वास्थ्यकर्मियों को ड्यू लिस्ट पालन, कोल्ड चैन, वैक्सीन सुरक्षा, एवं सेफ्टी हाइजीन पर विशेष ध्यान देने को कहा। साथ ही, उन्होंने सत्र स्थल की साफ-सफाई, लाभार्थियों की सुविधा, और समुदाय की भागीदारी की भी समीक्षा की ।उन्होंने कहा कि नियमित टीकाकरण स्वास्थ्य विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है और सभी स्वास्थ्यकर्मी इसे पूरी निष्ठा से संपन्न करें। अंत में, डॉ. कर्मकार ने एएनएम एवं सुपरवाइजरी स्टाफ को रिपोर्ट समय पर अपलोड करने का निर्देश देते हुए कहा कि सभी आरआई सत्रों की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाएगी ताकि 100% टीकाकरण लक्ष्य प्राप्त किया जा सके।

# लिट्टीपाड़ा प्रखंड में उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पाकुड़/लिट्टीपाड़ा :** ज़िले के लिट्टीपाड़ा प्रखंड कार्यालय सभागार में उपायुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में प्रखंड एवं पंचायत स्तरीय सभी विभागों के पदाधिकारियों और कर्मियों के साथ केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना, पीएम जनमन आवास योजना, अबुआ आवास योजना एवं बिरसा आवास योजना एवं 15 वें वित आयोग एवं स्वास्थ्य विभाग की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में ग्राम पंचायत कुंजबोना, तालझारी, जामजोरी, सूरजबेड़ा, सोनाधनी और बड़ाघघरी की धीमी प्रगति पर उपायुक्त ने असंतोष व्यक्त करते हुए संबंधित पंचायत सचिवों को तेजी लाने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि सभी योजनाओं का समय पर क्रियान्वयन सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने निर्देश दिया कि 2 नवम्बर तक सभी लंबित आवासों को पूर्ण किया जाए, अन्यथा अपेक्षित प्रगति नहीं करने वाले पंचायत सचिवों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि बीडीओ तीन दिन में प्रगति की समीक्षा करें और यह सुनिश्चित करें कि लाभुकों को समय पर आवास की सुविधा मिले।

**बिरसा हरित ग्राम योजना की समीक्षा**

बैठक में बिरसा हरित ग्राम योजना के अंतर्गत फलदार एवं इमारती पौधारोपण की स्थिति पर चर्चा की गई। उपायुक्त ने कहा कि सभी योजना स्थलों पर साइन बोर्ड लगाए जाएं, घेराबंदी की जाए, फलदार पौधों में ल-टेका लगाया जाए और सी.पी.टी. निर्माण समय पर पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि ग्राम रोजगार सेवक अपने कार्यों में पारदर्शिता लाएं और सभी निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने बताया कि अगले भ्रमण के दौरान योजना स्थलों का निरीक्षण किया जाएगा।

**जियो टैग फोटोग्राफ की हुई जांच**

बैठक के दौरान पंचायत सचिवों एवं ग्राम रोजगार सेवकों के दैनिक कार्यों की जियो टैग फोटोग्राफ के माध्यम से जांच की गई। कई के मोबाइल में फोटोग्राफ उपलब्ध नहीं पाए जाने पर उपायुक्त ने नाराजगी जताई। उपायुक्त ने कहा कि कार्य में लापरवाही या कर्तव्यहीनता पाए जाने पर कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

**पंचायत सचिवालय को मॉडल पंचायत बनाने के निर्देश**

15 वें वित्त आयोग की सुदृढ़ीकरण राशि से पंचायत स्तर पर किए जा रहे कार्यों की समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने कहा कि सभी पंचायत सचिवालयों में कूड़ेदान की व्यवस्था, हैंड वॉश यूनिट की स्थापना, शौचालय में कमोड अधिष्ठापन तथा कमरों में नाम पट्ट (जैसेझ्रमैया कक्षा,स्वच्छता कक्ष, पंचायत ज्ञान केंद्र, प्रज्ञा केंद्र) लगाए जाएं। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी पंचायत सचिवालयों को 30 बिंदुओं पर सुसज्जित कर मॉडल पंचायत के रूप में विकसित किया जाए।

**स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा - कालाजार एवं एनीमिया उन्मूलन पर बल**

स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने कहा कि कालाजार एवं एनीमिया उन्मूलन कार्यक्रमों के तहत सभी एमपीडब्ल्यू, सीएचओ, मुखिया एवं पंचायत सचिव मरीजों की पहचान कर दवा सेवन सुनिश्चित कराएं। उन्होंने यह भी कहा कि जुड़वा बच्चे वाली, सात माह में प्रसव करने वाली या लगातार सीजेरियन से प्रसव करने वाली गरीब माताओं की पहचान कर उन्हें किट और चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाए, ताकि मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाई जा सके।

## चित्रगुप्त महराज जी के मंदिर में पूजा-अर्चना धूमधाम से संपन्न

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** कार्तिक मास की यम द्वितीया दिन-गुरुवार को साहिबगंज के कृषि विज्ञान केन्द्र और साक्षरता मोड़ के बीच स्थित श्री चित्रगुप्त महराज जी की भव्य मन्दिर में स्थापित संगमरमर की प्रतिमा की पूजा अर्चना साहिबगंज जिला अनतर्गत करीब चार सौ परिवार ने एक साथ मिलकर किया। पूजन उपरांत सामूहिक भोज का भी आयोजन किया गया जिसमें चित्रांश परिवार एवं अन्य सात सौ से भी ज्यादा लोग शामिल हुए। मुख्य यजमान के रूप में राजमहल के जनसेवक-सह प्रज्ञ प्रखण्ड कल्याण पदाधिकारी कैलाश वर्मा एवं उनकी अर्धांगिनी श्रीमती सिंकी रहे साथ ही पुरोहित प्रमोद पांडेय ने पूजन कराया। इस मंदिर के अध्यक्ष कल्याण प्रसाद श्रीवास्तव ने बताया कि इस दिन हम सभी कायस्थ समाज के लोग कलम-दवात की पूजा करते हैं एवं पुरे साल भर की आय-व्यय का लेखा जोखा अपने इष्टदेव श्री चित्रगुप्त महराज जी को अर्पण करते हैं। उनकी कृपा से आज भी कायस्थ समाज के सभी लोग अत्यंत तीव्र बुद्धि के होते हैं और कई सम्मानित पद पर आसीन भी हैं। देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेन्द्र प्रसाद से लेकर हर क्षेत्र में हम कायस्थ समाज के लोग ही भारत देश की सेवा करते आ रहे हैं। पूजन के मौके पर पूजा सचिव आलोक वर्मा, राजीव सिन्हा, कोषाध्यक्ष कमलाकान्त श्रीवास्तव, कुमार चंदन, रविन्द्र वर्मा, अरूण श्रीवास्तव, अशोक श्रीवास्तव, रमण वर्मा, चंदन श्रीवास्तव, विनय वर्मा, रंजीत सिन्हा, विनय सिन्हा, प्रमोद निरंजन, प्रकाश कुमार वर्मा, चीकू, कस्तुरी कृष्णा, वेदिका वर्मा एवं सभी चित्रांश परिवार शामिल हुए।

## शहर के चार मां काली का धूमधाम से भव्य विसर्जन निकला गया

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** शहर के गुल्ली भट्टा स्थित मां बम काली, पोखरिया स्थित बड़ी मां काली, झंडा मेला मां काली, बायसी स्थान मां काली का गुरुवार को धूमधाम से भव्य रूप में विसर्जन निकाला गया। जहां विसर्जन में श्रद्धालुओं का भीड़ का ताता लगा हुआ था और मां बम काली की प्रतिमा को रस्सी लगाकर श्रद्धालुओं के द्वारा खींचकर और जयकारा लगाकर ले जा रहे थे। जहां पोखरिया बड़ी मां काली को 32 कहार के कंधे में सवार होकर बड़ी मां काली महारानी जी को शहर भ्रमण में हजारों महिला-पुरुष श्रद्धालु मां को विदाई देने के लिए सड़कों पर भीड़ उमड़ पड़ी। जगह-जहग बड़ी मां काली का स्वागत पूजन किया जा रहा था। बड़ी मां काली महारानी जी के हाथों में प्रज्वलित दीपक जो पूजा के समय प्रज्वलित होती है और विसर्जन तक हाथों में प्रज्वलित रहती है, कितना भी हवा चले आंधी आए प्रज्वलित दीपक नहीं बुझती है, मां बड़ी काली महारानी की महिमा अपरंपार है। श्रद्धालुओं ने जयकारा लगाने से भक्तिमय से पूरा शहर गूंज उठा,वहीं हर तरफ मां का ही जयकारा लग रहा था और मां के विसर्जन में जहां अखाड़े में तरह-तरह के कालाबाजी का प्रदर्शन श्रद्धालुओं के द्वारा किया जा रहा था।

## जेएमएम केंद्रीय सचिव, पुलिस कप्तान ने मोटर बोट से विभिन्न छठ घाटों का किया निरीक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** आगामी छठ महापर्व को लेकर जिला प्रशासन की ओर से तैयारियों का जायजा लिया गया। झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सचिव सह प्रवक्ता पंकज मिश्रा ने पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह, सदर अनुमंडल पदाधिकारी अमर जॉन आइंद एवं सीओ वासुकीनाथ टुडू के साथ मोटर बोट से साहिबगंज के विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह ने गुरुवार को जिले के विभिन्न मुख्य छठ घाटों का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने घाटों की साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था एवं भीड़ प्रबंधन की स्थिति का विस्तार से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पुलिस कप्तान अमित कुमार सिंह ने संबंधित पुलिस पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि छठ व्रतियों को किसी प्रकार की भीड़ भाड़ से असुविधा न हो, इसके लिए सभी पुलिस पदाधिकारी आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर पुलिस बल सुरक्षा व्यवस्था को लेकर थाना प्रभारियों को सतर्क रहने एवं अतिरिक्त बल की तैनाती के निर्देश दिए। वहीं जेएमएम केंद्रीय सचिव पंकज मिश्रा ने अधिकारियों से कहा कि छठ महापर्व लोक आस्था का पर्व है, इसलिए प्रशासन की जिम्मेदारी है कि श्रद्धालुओं को सुरक्षित और स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराया जाए।

## कायस्थ समाज द्वारा श्रद्धा भाव से की गई चित्रगुप्त महाराज की पूजा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सरिया :** सरिया में गुरुवार को कायस्थ समाज द्वारा अपने इष्ट देव चित्रगुप्त महाराज की पूजा घरों में विधि विधान से की गई। गुड़,दूध, घी,अदरक तथा गंगाजल का पंचामृत बनाकर भोग लगाया गया। उनके समक्ष साल भर का लेखा-जोखा प्रस्तुत कर जीवन में सुख समृद्धि की कामना की। आरती के पश्चात नैवेद्य ग्रहण किया गया। वहीं भैयारी का भी आयोजन किया गया। जहां समाज के लोगों ने सामूहिक रूप से भोजन किया। वहीं भाई बहन के प्रेम त्याग और समर्पण का प्रतीक भैया दूज का पर्व भी मनाया गया। जहां बहनों ने गोधन कुट कर अपने भाइयों के लंबी उम्र की कामना की। ऐसी मान्यता है कि यम देवता ने अपनी बहन यमुना को इसी दिन दर्शन दिया था जो काफी लंबे समय से उससे मिलने के लिए व्याकुल थी। अपने घर भाई यम के आगमन पर बहन यमुना ने उनका स्वागत किया। यामिनी प्रसन्न होकर वरदान दिया कि यमुना नदी में इस दिन भाई बहन स्नान करें तो इसका बड़ा पुण्य होगा। यह ने उसी दिन यह भी वचन दिया कि सभी भाई अपनी बहन के घर जाकर उन्हें स्नेह संदेश देंगे, बहन भाई की लंबी उम्र की कामना करेंगी। उसे दिन से यह परंपरा चली आ रही है। कार्तिक शुक्ल पक्ष के द्वितीय तिथि को भाई अपनी बहनों के घर उपहार लेकर पहुंचते हैं। बहनें भाई के हाथों में पीठौर लगाकर पान सुपारी,मुद्रा आदि देकर उनकी लंबी उम्र की प्रार्थना करती हैं।

# विशेष अभियान 5.0 के तहत रेलवे स्टेशन पर अमृत संवाद कार्यक्रम का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** अमृत काल की भावना और प्रधानमंत्री जी द्वारा प्रतिपादित पंच प्रण के सिद्धांतों से प्रेरित होकर, रेलवे मंत्रालय द्वारा विशेष अभियान 5.0 के तहत अमृत संवाद नामक नागरिक-केन्द्रित जन संवाद कार्यक्रम की शुरूआत की गई है। रेल चौपाल की संकल्पना से प्रेरित यह पहल नागरिकों और भारतीय रेल के बीच संवाद, सहभागिता एवं साझी जिम्मेदारी के भाव को और अधिक सुदृढ़ बनाने का उद्देश्य रखती है। इसी क्रम में, पूर्व रेलवे के मालदा मंडल द्वारा साहिबगंज रेलवे स्टेशन पर ह्रअमृत संवादह्व कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता मालदा मंडल के मंडल रेल प्रबंधक शमनीष कुमार गुप्ता के द्वारा किया गया। इस अवसर पर मंडल के वरिष्ठ शाखा अधिकारियों की उपस्थिति रही। इसके अतिरिक्त एनजीओ संजीवनी गंगा, ईस्टर्न रेलवे हाई स्कूल, साहिबगंज के छात्र, प्रधानाचार्य एवं शिक्षकगण, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, रेलवे कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में यात्रियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंडल रेल प्रबंधक मालदा के प्रेरणादायक संबोधन से हुआ। अपने संबोधन में उन्होंने स्वच्छता, जन-जागरूकता एवं सामुदायिक सहभागिता के महत्व पर बल दिया तथा स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत विभिन्न पहलों की जानकारी दी। उन्होंने यह भी बताया कि मालदा मंडल यात्रियों की सुविधा, सुरक्षा और स्टेशन अधोसंरचना के उन्नयन के लिए निरंतर प्रयासरत है। कार्यक्रम के दौरान डीआरएम/मालदा ने यात्रियों से सीधा संवाद कर उनके बहुमूल्य सुझाव आमंत्रित किए। उन्होंने यात्रियों से स्टेशन परिसर को स्वच्छ बनाए रखने में सहयोग करने का आग्रह किया और स्वच्छता से संबंधित विभिन्न उपायों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। डीआरएम/मालदा ने स्टेशन की मूलभूत सुविधाओं और यात्री सुविधाओं के उन्नयन से संबंधित प्रमुख बिंदुओं का भी उल्लेख किया। इसके अतिरिक्त, उन्होंने मीडिया प्रतिनिधियों के साथ संवाद किया और विशेष अभियान 5.0 के तहत चलाए जा रहे स्वच्छता एवं जन-जागरूकता अभियानों की जानकारी साझा की। अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत साहिबगंज स्टेशन को उन्नत यात्री सुविधाओं, सौंदर्यीकरण एवं पर्यावरणीय सुधारों के साथ विकसित किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान स्वच्छता और सामुदायिक सेवा में योगदान देने वाले व्यक्तियों एवं संस्थाओं को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत कचरा पृथक्करण एवं सतत अपशिष्ट प्रबंधन के प्रति जागरूकता अभियान चलाया गया। इसके लिए स्टेशन परिसर में सूखे एवं गीले कचरे के लिए पृथक डस्टबिन लगाए गए।

संक्षिप्त खबरें

## पूर्व सांसद डॉ. रविंद्र राय ने सरिया में अन्नकूट उत्सव में लिया हिस्सा



**सरिया:** सरिया ठाकुरवाड़ी स्थित लक्ष्मी नारायण धर्मशाला में अन्नकूट उत्सव के अवसर पर प्रसाद ग्रहण करने पहुंचे कोडरमा लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद डॉ. रविंद्र राय ने इस संवाददाता से बातचीत में सामाजिक और धार्मिक परंपराओं की महत्ता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सरिया में 50 वर्षों से चली आ रही अन्नकूट की परंपरा सामाजिक सहभागिता और समरसता को मजबूत करती है। इस अवसर पर सभी वर्गों के लोग एक साथ प्रसाद ग्रहण कर नए फसल के आगमन का स्वागत करते हैं ।बिहार में एनडीए की मजबूत स्थितिराजनीतिक हलचल पर बात करते हुए डॉ. राय ने बताया कि वे वर्तमान में बिहार में चुनावी कार्यों में व्यस्त हैं। हाल ही में बांका और जहानाबाद में सक्रिय रहे डॉ. राय ने कहा कि बिहार में एनडीए गठबंधन अब तक की सबसे मजबूत स्थिति में है। उन्होंने दावा किया कि नीतीश कुमार और नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बिहार में सामाजिक सामंजस्य और समरसता स्थापित हुई है, जिसके चलते एनडीए को आगामी चुनाव में दो-तिहाई बहुमत के साथ ऐतिहासिक जीत मिलने की संभावना है। पार्टी कार्यकर्ता के रूप में जिम्मेदारीडॉ. राय ने बताया कि वे पूर्व में बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष और कार्यकारी अध्यक्ष रह चुके हैं। वर्तमान में उन्हें पार्टी द्वारा विशेष योजना के तहत एक लोकसभा क्षेत्र और कुछ विधानसभा क्षेत्रों की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्होंने कहा, ह्लहम पुराने कार्यकर्ता हैं, अनुभव के आधार पर पार्टी की सेवा में जुटे हैं ।ह्व किसी अन्य राजनीतिक चर्चा को खारिज करते हुए उन्होंने जोर देकर कहा कि वे बीजेपी के समर्पित कार्यकर्ता हैं और पार्टी के लिए हर स्तर पर काम करने को तैयार हैं।

## शिवांगी मंडपम में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान सम्मेलन आयोजित



**सरिया:** गुरुवार को बगोदर विधानसभा स्तर पर आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान सम्मेलन का आयोजन सरिया के शिवांगी मंडपम में किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं संचालन भाजपा जिला अध्यक्ष महादेव दुबे ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में धनबाद लोकसभा क्षेत्र के सांसद ढुल्लू महतो, हजारीबाग सदर के विधायक प्रदीप प्रसाद तथा बगोदर के लोकप्रिय विधायक नागेंद्र महतो उपस्थित रहे ।सांसद ढुल्लू महतो ने अपने संबोधन में कहा कि आत्मनिर्भर भारत कैसे बने, इस पर प्रदेश से लेकर क्षेत्र स्तर तक विस्तार से चर्चा की गई है। उन्होंने बताया, १मैं धनबाद लोकसभा क्षेत्र से हूं और पूर्व में बाघमारा विधानसभा से तीन बार विधायक रह चुका हूं ।१ महतो ने बगोदर विधायक नागेंद्र महतो के कथन का जिक्र करते हुए कहा, १नागेंद्र भैया कह रहे थे कि मैं लाल झंडे को उखाड़कर विधायक बना हूं। बगोदर में लाल झंडे को उखाड़ने वाले हमारे नागेंद्र भैया और कार्यकताओं और मैंने धनबाद की खून से लाल धरती को भी भाजपा का झंडा लहराने का काम किया है। सभा को संबोधित करते हुए बगोदर विधायक नागेंद्र महतो तथा हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने भी आत्मनिर्भर भारत के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि विनोद यादव आशीष बॉर्डर, दिलीप वर्मा, नारायण पांडे, छोटे लाल यादव, अजय यादव, देवनाथ राणा, रीता माथुर, आशा राज, नगर सांसद प्रतिनिधि छोटू मंडल, सचिन सिंह समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे ।यह सम्मेलन भाजपा के व्यापक अभियान का हिस्सा है, जो 25 सितंबर से 25 दिसंबर तक चल रहा है, जिसमें स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देकर देश को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने पर जोर दिया जा रहा है।

## छठ महापर्व को लेकर उपविकास आयुक्त ने सभी घाटों में जाकर निरीक्षण किए



**साहिबगंज:** शहर में छठ महापर्व को लेकर छठ घाटों की साफ सफाई का कार्य गुरुवार को उपविकास आयुक्त सतीश चंद्रा, डीएसओ झुन्नू मिश्रा ने बिजली घाट,शकुंतला घाट, गंगा घाट से शुरू किया गया,सभी गंगा घाट वायसी स्थान घाट, मालवीय घाट, ओझा टोली घाट, जनता घाट एवं चानन घाट का स्थलीय भ्रमण कर स्थिति का जायजा लिया। उपरोक्त सभी गंगा घाटों की पर्व त्याहारों में साफ सफाई, ब्लीचिंग छिड़काव, समतल बनाने, डस्ट गिराने, लाईट की समुचित व्यवस्था, बैरिकेटिंग, डस्टबिन, गहरे जल स्तर में दुर्घटना से सावधानी हेतु साइनेज, पार्किंग, पेय जल आदि मूलभूत सुविधाओं को उपलब्ध कराने हेतु नगर प्रशासक अभिषेक कुमार सिंह को निर्देश किया गया। वहीं उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा ने कहा कि दो दिनों के अंदर सभी छठ घाटों को साफ सफाई से लेकर गंगा किनारे दलदल मिट्टी को समतल बनाकर डस्ट गिरा कर मुझे सूचित करे। मौके पर मौजूद डीएसओ झुन्नू मिश्रा,ओर अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

## ऑटो पलटने से डालाबाड़ी पहाड़ निवासी व्यक्ति की हुई मौत



**साहिबगंज:** बोरियो थाना क्षेत्र के डालाबाड़ी पहाड़ निवासी व्यक्ति बुधु पहाड़िया पिता स्व. मैसा पहाड़िया की मौत बुधवार को उस वक्त मौत हो गई जब वह अपने अन्य परिजनों के साथ ऑटो पर सवार होकर कल्याणचक में मेला देखने के लिए जा रहे थे। जहां जसकुट्टी मोड़ के थोड़ा आगे रक्सी स्थान के समीप ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गई और उक्त व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार मृतक बुधु पहाड़िया बुधवार को मेला देखने के लिए जा रहे थे तभी सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए जिसके बाद उन्हें बेहतर इलाज हेतु सीएचसी बोरियो लाया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। उधर घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने मृतक व्यक्ति के शव को अपने कब्जे में लेते हुए गुरुवार को शव का पोस्टमार्टम कराने के लिए सदर अस्पताल लेकर आई। जहां सदर अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने फौरन शव का पोस्टमार्टम करने के बाद पुलिस की उपस्थिति में परिजनों को शव सौंप दिया। फिलहाल बोरियो थाना क्षेत्र की पुलिस पूरे मामले की गहराई से छानबीन कर रही है।

## एक नजर

### सोहराय पर्व के अवसर पर गाव में किया गया बरद भिड़का कार्यक्रम



**सिल्ली :** सोहराय पर्व के अवसर पर बरद भिड़का कार्यक्रम किया गया। बरद भिड़का कार्यक्रम में गाँव के जगह-जगह खंटा गाड़ कर मोटे रस्सी से बैल को बांधकर ढोल नगाड़े बजाकर बैल को नचाया गया। इस कार्यक्रम में गाँव के हर उम्र के लोग मिलकर करते हैं। गांव की महिलाओं ने मिलकर खंटा का विधिवत पूजन किये। फिर गाँव के लोग बरद भिड़का कार्यक्रम करते हैं। इसमें गीत गाने और नचाने वालो में दशरथ महतो, रामपदो, परमेश्वर, रुपेश, बिरेन, गंगाधर चंन्द्रमोहन,जितेन्द्र,सुधीर मिर्धा थे। और कार्यक्रम में पुरे गांव की महिलाऐं और पुरुष उपस्थित थे। कार्यक्रम के व्वथा में रंजीत, महतो,बिमल,विकाश,सुजीत,जयन्त, बंशीधर, उपेन्द्र, जगन्नाथ कमलेश,कैलाश, रतन कुमार आदि मुख्य थे। इस कार्यक्रम कि जानकारी चण्डी प्रसाद महतो ने दी।

### भाई फोटा का त्यौहार धूम धाम से मनाया गया



**सिल्ली:** भाई फोटा का त्योहार सिल्ली और आसपास के क्षेत्रों में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर बहनों ने अपने भाइयों को चंदन का टीका लगाकर और मिठाई खिलाकर उनका अभिवादन किया। भाई फोटा के इस पावन अवसर पर बहनों ने अपने भाइयों की लंबी उम्र और सुख-समृद्धि की कामना की। सुबह से ही बहनों ने अपने भाइयों का स्वागत करने के लिए विशेष तैयारियां की थीं। उन्होंने अपने घरों को सजाया और अपने भाइयों के लिए विशेष भोजन तैयार किया। बहनों ने अपने भाइयों को चंदन का टीका लगाकर और मिठाई खिलाकर उनका अभिवादन किया। भाई-बहन के प्यार का प्रतीक है भाई फोटा भाई फोटा का त्योहार भाई-बहन के प्यार और स्नेह का प्रतीक है। इस दिन बहनें अपने भाइयों की लंबी उम्र और सुख-समृद्धि की कामना करती हैं और भाई अपनी बहनों की रक्षा और देखभाल का वचन देते हैं। भाई फोटा का यह त्योहार भाई-बहन के रिश्ते को और भी मजबूत बनाता है।

### गुरु नानक देव जी के प्रकाश उत्सव को लेकर पहले दिन निकाली गई प्रभात फेरी

रामगढ़ : सिख धर्म के प्रवर्तक और सिखों के प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव के प्रकाशोत्सव पहले दिन गुरुवार को प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी में निशान साहिब लेकर सरदार गुरजोत सिंह सैनी प्रभातफेरी की अगुवाई कर रहे थे। प्रभात फेरी गुरुद्वारा साहिब से निकलकर किला मंदिर लोहार टोला चट्टी बाजार फॉरेस्ट गली होते हुए जयसवाल कॉलोनी माता महेंद्र कौर अरोड़ा के आवास पहुंची, सरदार दलजिंदर सिंह रंजू अरोड़ा जी के परिवार ने साध संगत का स्वागत किया। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से माता गुरु शरण कौर कालरा जी ने माता महेंद्र कौर अरोड़ा जी कको सिरोपा देकर सम्मानित किया। ₹गुरुनानक की वाडियाई, कल तारण गुरुनानक आया, नाम मिले ता जीवा नानक नाम मिले ता जीवा₹ जैसे साध-संगत शबद कीर्तन करते हुए चल रहे थे। प्रभातफेरी में रामगढ़ गुरुद्वारा के प्रधान परमदीप सिंह कालरा, मीत प्रधान अमरजीत सिंह सैनी, विंकल कालरा, तेजेंद्र सिंह सोनी, डॉक्टर नरेंद्र सिंह सोनी,प्रीतम सिंह कालरा,रोमी छाबड़ा, मनप्रीत कौर सैनी,नवल कौर मल्होत्रा,बबली सोनी, सहित भारी संख्या में श्रद्धालु शामिल थे।

# संकल्प सृजन सेवा बस्तियों में शिशु सृजन वाटिका का शुभारंभ, बच्चों में संस्कार भरने का उद्देश्य

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** संस्कार मानव जीवन की धुरी है। संस्कारों के बिन मनुष्य क्या जीवन उस फल के जैसा है जिसमें कोई रस नहीं जिसकी कोई अनुभूति नहीं जिसका कोई अस्तित्व नहीं, और बच्चों में संस्कार रूपी यह रस भरने का कार्य घर परिवार, समाज के बीच होता है। इसी उद्देश्य से संकल्प सृजन सेवा बस्तियों में बच्चों में संस्कार भरने हेतु छोटे-छोटे संस्कार केंद्र संचालन करती है। कह सकते हैं संस्कारों की आधारशिला यह शिशु सृजन वाटिका है। उक्त बातें संस्था की महासचिव साध्वी झा ने बोकारो रेलवे स्टेशन के समीप बसे हुए कुली कॉलोनी में शिशु सृजन वाटिका के




शुभारंभ समारोह में बतौर मुख्य अतिथि कहा। सर्वप्रथम भारत माता चित्र के समक्ष वैदिक मंत्रोंच्चारण के बीच दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सह सचिव रीता सिंह ने चयनित केंद्र संचालिका सुगांती कुमारी को केंद्र संचालन के तौर तरीके से अवगत कराया। मौके पर बच्चों के बीच पठन-पाठन सामग्री एवं संचालिका को श्यामपट्ट एवं अन्य आवश्यक वस्तु भेंट करते हुए केंद्र संचालन हेतु उत्साहित किया गया। साथ ही लोक आस्था के महान पर्व छठ पूजा के मध्येनजर कॉलोनी की छठव्रती बहनों के बीच नए वस्त्र फल नारियल एवं धूपबत्ती भेंट देते हुए उन से आशीष प्राप्त किए गए। संयोजिका लालमोती ने बताया कि संकल्प सृजन के कार्य किसी भी सेवा बस्ती के लिए वरदान है। संस्था द्वारा सेवा के कार्य में सबसे अग्रणी भूमिका निभाते हुए अभिवंचित वर्ग के नवजात शिशु हेतु दूध उपलब्ध कराना, बाल वर्ग हेतु शिशु सृजन वाटिका, किशोरों के लिए किशोर किशोरी सृजन केंद्र तथा वृद्धो के लिए सुदामा योजना यह सब कुछ अद्वितीय आयाम है। इसके अलावे मातृशक्ति स्वावलंबन की दिशा में स्वयं सहायता समूह एवं कुटीर उद्योगों से आत्मनिर्भरता बढ़ी है। मौके पर कुली समुदाय से उपस्थित बंधुओ ने शिशु सृजन वाटिका के शुभारंभ हेतु संस्था के प्रति आभार प्रकट किया साथ हीं संस्था के साथ कदम से कदम मिलकर चने की बात कही। इस अवसर पर विशिष्ट समाज सेवी सुनिता जी एवं संकल्प सृजन कार्यकर्ता सहित बड़ी संख्या में स्थानीय बंधु भगिनी उपस्थित हुए। अंत में बच्चों के बीच मिष्ठान वितरण एवं लालमोती देवी द्वारा कल्याण मंत्र उच्चारण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। सभा का संचालन निरीक्षिका प्रिया पांडे एवं धन्यवाद ज्ञापन नव चयनित संचालिका सुगांती कुमारी ने किया।

## मां काली की प्रतिमा विसर्जन के साथ ही पूजा संपन्न

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** नया नगर के बरकाकाना हनुमान मंदिर स्थित श्री श्री काली पूजा समिति की ओर से आयोजित तीन दिवसीय काली पूजा प्रतिमा विसर्जन के साथ ही संपन्न हो गयी। रामगढ़. नया नगर बरकाकाना के हनुमान मंदिर सीसीएल कॉलोनी स्थित श्री श्री काली पूजा समिति की ओर से आयोजित तीन दिवसीय काली पूजा प्रतिमा विसर्जन के साथ ही संपन्न हो गयी.पहले दिन पूजा , दूसरे दिन मां की जोत रामगढ़ स्थित वैष्णो माता के मंदिर से लाई गई और अनुष्ठान के साथ विस्थापित के जागरण, मां की झांकी का आयोजन किया एव बुधवार की शाम प्रतिमा का विसर्जन किया गया. इससे पूर्व श्रद्धालुओं के बीच सोमवार को खिचड़ी की भोग, मंगलवार हलुवा-चन। एवं बुधवार बुंदिया प्रसाद का



वितरण किया गया. तीन दिनों तक जारी पूजा अनुष्ठान में स्थानीय लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया. आयोजन समिति के बड़े भैया आशुतोष पाठक ने बताया कि नया नगर में बहुत पुराने समय से मां काली की पूजा होती आ रही है. आयोजन स्थानीय लोग का भरपूर सहयोग प्राप्त होता है. मौके पर मौजूद हिमांशु श्रीवास्तव छात्र नेता ने कहा कि जिस तरह से मां आती है खुशियों के साथ हम प्राथना करे कि मां अगले साल भी इससे और धूम धाम के साथ पधारे मौके पे मौजूद कमेटी के सदस्य हिमांशु श्रीवास्तव,अमित कुमार, अरुण नमन , नवीन कुमार ,प्रदीप कुमार, रोहित श्रीवास्तव, रुद्र श्रीवास्तव, रवि भूषण मिश्रा, हिमांशु श्रीवास्तव, नीतीश श्रीवास्तव, सुनील पाठक, बनती कुमार, राजदीप कुमार, रामनंदन रजक, राजु शर्मा, राजू पंडित , अनुपम आनंद, शंभु ठाकुर, लालटू मैट्रो, अंकित लाल, प्रकाश जी, अभिषेक, किसलय, मनीष, विकाश,अमित कुमार सिन्हा, एवं आदि थे।

## सेंट्रल सौंदा बांसगढ़ा खदान स्थित चोरों ने एक बंद घर को बनाया

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** जिले के भुरकुंडा सेंट्रल सौंदा बांसगढ़ा खदान स्थित चोरी की एक बड़ी वारदात सामने आई है, जहां शंभू नाथ शर्मा, पिता स्वर्गीय मुन्नीलाल ठाकुर ने भुरकुंडा ओपी में आवेदन देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। आवेदन में उन्होंने बताया कि दाह संस्कार में हजारीबाग गया हुआ था, इसी बीच घात लगाए चोरों ने उनके आवास में दस्तक दी और चोरी की बड़ी घटना को अंजाम दिया, चोरों ने घर पर सिर्फ कपड़े छोड़ पूरे घर को खाली कर दिया। इसकी जानकारी कल पड़ोसियों द्वारा उन्हें दिया गया। जिसके बाद भुक्तभोगी ने भुरकुंडा ओपी में आवेदन देकर बताया है कि उनके घर से सोने का हार 1 जोड़ा, सोने की चैन 2 पीस, सोने की बालियां 3 जोड़ा, झुमका 4 जोड़ा, अंगूठी 3 जोड़ा, टॉप्स 1 जोड़ा, चांदी का



पायल 4 जोड़ा, चांदी का बेरा 15 पीस, पीतल का बाल्टी, टीवी, होम थिएटर, बैटरी-इन्वर्टर, पल्सर बाइक 150 सीसी जिसका नंबर खल्ड1इठ-4787 सहित नगद बीस हजार रुपए, कुल सात लाख से दस लाख रुपए की संपत्ति का चोरी कर लिया गया है। जिसे लेकर भुरकुंडा ओपी में शिकायत दर्ज कराई गई है पुलिस जांच पड़ताल में जुटी ओपी प्रभारी निर्भय गुप्ता ने बताया कि मामले का जांच पड़ताल किया जा रहा जांच पड़ताल के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा कितने की चोरी हुई है और जल्द आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## छठ महापर्व को लेकर बाजार में बढी रौनक



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी चार दिवसीय छठ महापर्व को लेकर बाजार में रौनक बढ़ गई है' छठ महापर्व की खरीदारी शुरू हो चुकी है' छठव्रती खरीदारी के लिए फल मंडी और दुकानों में पहुंचने लगे है। रामगढ़ जिले का प्रमुख फल मंडी रामगढ़ बाजार समिति में खरीदारों की भीड़ उमड़ने लगी है ' फल मंडी में महंगाई का असर भी दिख रहा है' इस बार फल काफी महंगे बिक रहे हैं' इस बार फल मंडी में से की पत्तियां 400 से लेकर 800 रुपए तक बिक रही है। पिछले वर्ष से 400 से लेकर 600 तक बिकी थी। वही कला भी इस बार 400 से लेकर 600 रुपए घद बिक रहा है। वहीं पिछले बार नारियल 20 से 25 रुपए प्रति पीस तक बिक रहा था। लेकिन इस बार 30 से 35 रुपए तक नारियल बिक रहा है। वही इस बार अनानास भी महंगा बिक रहा है। 20 से 25 प्रति पीस अनानास बिक रहे हैं'बाजार समिति स्थित फल मंडी में इस बार फलों की बिक्री पिछले वर्ष के अनुपात में काम होने की संभावना व्यक्त की गई है। फल के थोक विक्रेताओं की माने तो इस बार फल मंडी में 30 से 35 ट्रक केला बिकेगा।

## 30 टन अवैध कोयला के साथ ट्रक जब्त, ट्रक मालिक गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** गुरुवार को समय करीब 08.00 बजे पुलिस अधीक्षक महोदय, रामगढ़ के द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि एक 12 चक्का ट्रक रामगढ़ से हजारीबाग के तरफ जा रही है। जिसमें अवैध कोयला लोड होने की संभावना है। सूचना का सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु बीस माईल के समीप वाहन चेकिंग लगाया गया इसी क्रम में रामगढ़ के तरफ से एक बारह चक्का ट्रक गाडी आते हुई दिखाई दिया जिसे साथ गये सशस्त्र बल के सहयोग से रोकने का ईशारा किया गया तो ट्रक चालक ट्रक को 100 मीटर पहले रोककर भागने का लगा जिसे पकड़ने का काफी प्रयास किया गया परन्तु भागने में सफल रहा। ट्रक में बैठे एक व्यक्ति को पकड़ लिया गया। ट्रक को चेक



करने पर ट्रक के डाला में कोयला लोड पाया गया। पकडाये व्यक्ति से पूछने पर अपने को ट्रक का स्वंय मालिक बताया। ट्रक में लोड कोयला से संबंधित कागजात की मांग करने पर उनके द्वारा कोई भी वैध कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया। तत्पश्चात ट्रक गाड़ी संख्या 1. बारह चक्का ट्रक संख्या खल्10 -0128 के डाला में लोड करीब 30 टन अवैध कच्चा कोयला 2. एक रेडमी कम्पनी का एण्ड्रायड मोबाईल जिसका - 868480053886896 एवं 868480053886904 जिसमें सीम नं0-9334170930 लगा हुआ को जप्त किया गया। एवं बारह चक्का ट्रक संख्या खल्10 -0128 के मालिक राकेश कुमार उम्र करीब 42 वर्ष पे0- अरुण कुमार ग्राम- रामनगर कॉलोनी नियर भोलू बांध, थाना- चास, जिला बोकारो को गिरफ्तार किया गया।

## सूर्य मंदिर सिदगोड़ा में छठ पूजा की तैयारियां पूरी, 27 अक्टूबर को प्रवेश द्वार खुलेगा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता


**जमशेदपुर :** जमशेदपुर के सिदगोड़ा स्थित सूर्य मंदिर परिसर में छठ महोत्सव की तैयारी अंतिम चरण में हैं। गुरुवार को इस संबंध में सूर्य मंदिर समिति की महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता भालूबासा स्थित एक होटल में सम्पन्न हुई। प्रेस वार्ता में मंदिर समिति के संरक्षक चंद्रगुप्त सिंह, अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, मीडिया प्रभारी प्रमोद मिश्रा मौजूद रहे। प्रेस-वार्ता के दौरान मंदिर समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने बताया कि छठ महोत्सव को सफल बनाने के लिए सभी स्तरों पर जोर-शोर से तैयारियां की जा रही है। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य छठ महोत्सव के सफल आयोजन में समिति के सदस्यगण पूरे तन्मयता




से जुटे हैं। इसके लिए, सूर्य मंदिर के दोनों तालाब समेत पूरे मंदिर परिसर में पेंटिंग एवं सफाई का कार्य जोर-शोर से चल रहा है। तालाब की पूरी सफाई के बाद सतह की पेंटिंग की जा रही है। पेंटिंग का कार्य संपन्न होने के बाद इसमें स्वच्छ निर्मल जल भरा जायेगा। बताया कि दोनों तालाब के जल की पारदर्शिता और स्वच्छ्ता बेहद आकर्षक रहेगी। इसके साथ ही, छठ महोत्सव के निमित्त मंदिर परिसर व आसपास के क्षेत्र में आकर्षक विद्युत सज्जा की जा रही है। छठ पूजा में सूर्य मंदिर को विशेष तौर पर रंग-बिरंगे फूलों से सजाया जायेगा। भूपेंद्र सिंह ने बताया कि सूर्य मंदिर आने-जाने वाली मार्गों की सफाई का कार्य जारी है। उन्होंने बताया कि सूर्य मंदिर के स्वयंसेवक छठ व्रतियों एवं श्रद्धालुओं की सेवा में लगातार सक्रिय रहेंगे। समिति ने पिछले वर्षों की भांति इस वर्ष भी बिना किसी लाभ हानि के पूजन सामग्रियों की बिक्री नहीं करने का निर्णय लिया है। वहीं, संरक्षक चंद्रगुप्त सिंह ने बताया कि छठ व्रतधारियों के लिए दोपहर 2 बजे सभी प्रवेश द्वार को खोल दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि पहले आओ-पहले पाओ की तर्ज पर घाट पर भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया जाएगा। महापर्व छठ के प्रथम अर्घ्य 27 अक्टूबर को संध्याकाल में सुप्रसिद्ध लोक गायिका डिंपल भूमि के संग प्रसिद्ध गायिका मानवी सिंह एवं स्थानीय कलाकार सूर्य मंदिर परिसर के शंख मैदान में श्रद्धालुओं के बीच भक्ति संगीत की धारा बहाएंगी। उन्होंने संगीतप्रेमी शहरवासियों से संध्या अर्घ्य के दिन संध्या 7 बजे से आयोजित होने वाले सांस्कृतिक संध्या में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने और छठ गीतों के साथ लोकगीत व भजन संगीत के आनंद लेने की अपील की। ग्यारह सौ लोगों को निःशुल्क पूजन सामग्री भेंट करेगी सूर्य मंदिर समितिः भूपेंद्र सिंह ने बताया कि मंदिर समिति की ओर से 26 अक्टूबर को आर्थिक रुप से कमजोर व्रतधारियों के बीच निःशुल्क पूजन सामग्रियों का वितरण किया जायेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### फ्रांस के पर्यटकों ने मानभूम LDY की बारिकियों से हुए अवगत, LDY देख हुए अभिभूत



ईचागढ़ : सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के चोगा गांव में गुरुवार को फ्रांस के पर्यटक पहुंचे और नटराज कला केन्द्र चोगा में फ्रांस के पर्यटकों ने मानभूम LDY कला का बारिकी को समझने का कोशिश किया। नटराज कला केन्द्र के कलाकारों ने LDY का मनमोहक दृश्य प्रस्तुत किया। कलाकारों ने विदेशी पर्यटकों को मनमोहक मां दुर्गा द्वारा महिषासुर वध छऊ का प्रदर्शन कराया।नटराज कला केन्द्र चोगा के सचिव प्रभात कुमार महतो ने फ्रांस से आए पर्यटकों को मुखौटा,साज सज्जा एवं ढोल ,नगाड़े और सहनाई के संबंध में भी जानकारी दिया। पर्यटकों ने मुखौटा का भी अवलोकन किया व इसका निर्माण में लगे आवश्यक सामग्री का अवलोकन कर जानकारी लिया। मानभूम छऊ नृत्य कला प्रदर्शन देख आत्म विभोर हुए। विभिन्न भाव भंगिमा,नगाड़े,सहनाई का धुन से मंत्रमुग्ध होकर फ्रांस में भी इसका प्रचार प्रसार व नटराज कला केन्द्र के कलाकारों को वहां भी स्टेज देने का बात किया। नई दिल्ली के गायडर सानु कुमार गीरी ने बताया कि पर्यटक फ्रांस से दिल्ली पहुंचे और गो ट्रेवल रांची के सहयोग से सीधे चोगा गांव पहुंचे,उन्होंने कहा कि देश विदेश में मानभूम छऊ नृत्य का प्रदर्शन नटराज कला केन्द्र के कलाकारों ने किया है। उन्होंने LDY कला का भेष ,भूषा और ताल से प्रभावित होकर जल्द ही यहां के कलाकारों को फ्रांस आमंत्रित करने की बात कही। मौके पर विदेशी मेहमानों में जोजेत,अवनी, क्रिस्टीन,जेराद, दोमीनीक, नटराज कला केन्द्र के सचिव प्रभात कुमार महतो आदि कलाकार उपस्थित थे।

### भाई बहन का अटूट संबंध का प्रतीक भाई दूज हर्शोल्लास के साथ संपन्न



**ईचागढ़ :** भाई -बहन के अटूट संबंध का प्रतीक भाई दूज या भाई फोंटा धुमधाम से मनाया गया। ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र में गुरुवार को हर्शोल्लास के साथ मनाया गया। बहनें अपने भाइयों के ललाट पर तिलक लगाकर भाई की लंबी आयु की कामना की ।भाईयों? को तरह तरह के व्यंजन दिखाकर विदा किया गया। भाई अपनी बहन को उपहार के रूप में आभूषण, कपड़े आदि देकर शुभकामनाएं दिया। बहनें भी अपने भाइयों को उपहार एवं कई तरह के पकवान से आदि सम्मान कर लंबी आयु की कामना की । बंगाली समुदाय में संख और उलुध्वनी के साथ बहने अपने भाइयों को तीलक लगाकर भाई बहन के अटुट संबंध को बनाए रखने एवं लंबी आयु की कामना किया। पुरे क्षेत्र में भाई फोंटा,गोवर्धन पूजा,गौ पूजा एवं गोशाला का पूजा में लोग मशगूल रहे। भाई दूज को लेकर लोग बताते हैं कि एक बार यमराज अपनी बहन यमुना की घर गये थे और यमुना ने अपने भैया यमराज को तीलक कर मीठे और रूचिकर व्यंजन खिलाकर उत्सव की तरह सत्कार किया था। बताया जाता है कि तब से आज तक भाई दूज मनाने का परम्परा प्रचलित है।

### सुदूरवर्ती ग्रामों में सोहराय की धूम,पारंपरिक गीत संगीत के साथ बेल खुटान का हुआ आयोजन



**चांडिल :** अनुमंडल क्षेत्र के गांगुडीह पुनर्वास स्थल में बुडी वाँदना के अवसर पर वेल खुटान एवं सांस्कृतिक क्रार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम स्थानीय संस्कृति और परंपराओं को बढ़ावा देने के लिए आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में पारंपरिक गीत संगीत के साथ बेल खुटान का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय कलाकारों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्थानीय संस्कृति और परंपराओं को बढ़ावा देना और लोगों को एक साथ लाना था। यह कार्यक्रम सुदूरवर्ती ग्रामों में सोहराय की धूम का हिस्सा था, जिसमें पारंपरिक गीत संगीत के साथ बेल खुटान का आयोजन किया गया था। मौके पर श्यामल मार्डी,नायके बाबा कालीचरण मुर्मू,गुरुचरण मुर्मू, सनातन माडी ,मंगल मार्डी ,सुधीर मुर्मू दुलाल हांसदा, विमल ,सुजीत सोरेन , सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

### छठ पर्व को लेकर जिलेभर में छठ घाटों की सफाई तेजी से जारी



**सिमडेगा :** उपायुक्त सिमडेगा कंचन सिंह के दिशा-निर्देशन में जिले के सभी प्रखंडों में छठ पर्व की तैयारी जोर-शोर से की जा रही है। आगामी लोक आस्था के महापर्व छठ को देखते हुए सभी छठ घाटों की साफ-सफाई एवं समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। उपायुक्त महोदया के निर्देशानुसार प्रत्येक प्रखंड में प्रखंड विकास पदाधिकारी के नेतृत्व में विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत घाटों की सफाई, समतलीकरण, जल स्रोतों की शुद्धिकरण एवं प्रकाश व्यवस्था का कार्य किया जा रहा है। छठ व्रतियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए नालों की सफाई, घाटों तक पहुंचने वाले मार्गों की मरम्मत, बैरिकेडिंग, पेयजल और सुरक्षा व्यवस्था पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। नगर पंचायत एवं ग्राम पंचायत स्तर पर भी साफ-सफाई अभियान चलाया जा रहा है ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उपायुक्त महोदया ने सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि छठ पर्व के दौरान स्वच्छता और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। प्रशासन द्वारा सतर्कता और सहयोग की अपील भी की गई है ताकि छठ पर्व शांतिपूर्ण एवं श्रद्धामय वातावरण में संपन्न हो सके।

## बांग्लादेश में धार्मिक उत्पीड़न के बीच आईएमएफ : ढहती अर्थव्यवस्था

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) का हालिया निर्णय, जिसमें उसने बांग्लादेश की नई सरकार बनने तक अगली किस्त जारी करने से इनकार किया है, इसके माध्यम से बता दिया है कि यह अंतरराष्ट्रीय समुदाय की उस गहरी चिंता का प्रतीक है जो इस देश के शासन तंत्र की नीतिगत सड़ांध और नैतिक गिरावट को देख रही है।

वस्तुतः आईएमएफ ने बांग्लादेश को बड़ा झटका दिया है। संगठन ने साफ कर दिया है कि वह लोन की छठी किस्त तब तक जारी नहीं करेगा, जब तक बांग्लादेश में स्थायी, निर्वाचित और वैधानिक सरकार नहीं बन जाती। आईएमएफ ने जनवरी 2023 में बांग्लादेश के लिए 5.5 अरब डॉलर का पैकेज स्वीकृत किया था। इस राशि का उद्देश्य था; विदेशी मुद्रा भंडार को स्थिर करना, मुद्रा टका की गिरावट रोकना और बढ़ती महंगाई पर नियंत्रण पाना। पाँच किस्तों में से 3.6 अरब डॉलर पहले ही जारी किए जा चुके हैं लेकिन करीब 800 मिलियन डॉलर की छठी किस्त रोक दी गई है।

अब आईएमएफ के इस फैसले को महज आर्थिक कदम मानना भूल होगी। यह एक प्रकार का राजनीतिक और नैतिक दबाव है, जो संकेत देता है कि अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थान बजट या बैलेंस शीट नहीं देखते बल्कि यह भी परखते हैं कि शासन में पारदर्शिता, नागरिक सुरक्षा और धार्मिक समानता का कितना पालन हो रहा है।

देश के भीतर प्रशासनिक रिश्वतखोरी की स्थिति भयावह है। पासपोर्ट सेवा में 75 प्रतिशत, वाहन पंजीकरण में 72 प्रतिशत और न्यायिक सेवाओं में 34 प्रतिशत लोगों को रिश्वत देनी पड़ती है। यह स्थिति केवल आर्थिक नुकसान नहीं पहुंचाती बल्कि नागरिकों के बीच शासन के प्रति अविश्वास भी पैदा करती है। माना जा रहा है कि आईएमएफ का भरोसा टूटने का एक कारण यह भी है, क्योंकि किसी भी आर्थिक सुधार को लागू करने के लिए सबसे पहले प्रशासनिक ईमानदारी और पारदर्शिता चाहिए, जो ढाका में दुर्लभ है।

यूनुस सरकार पर बढ़ता दबाव

नोबेल पुरस्कार विजेता मोहम्मद यूनुस, जिन्हें कभी गरीबों का मसीहा कहा गया, आज उसी मंच पर आलोचना का केंद्र बने हुए हैं। साल 2024 में शेख हसीना सरकार के पतन के बाद यूनुस ने सेना समर्थित अंतरिम सरकार का नेतृत्व संभाला लेकिन वह न तो आर्थिक स्थिरता दे पाए न राजनीतिक भरोसा। आईएमएफ, विश्व बैंक और विदेशी निवेशक, सभी ने स्पष्ट संकेत दिया है कि वे केवल एक लोकतांत्रिक, जनादेश-आधारित सरकार के साथ ही दीर्घकालिक सहयोग करेंगे।

धार्मिक उत्पीड़न और आर्थिक अस्थिरता

बांग्लादेश की आर्थिक गिरावट केवल वित्तीय अनुशासन की कमी से नहीं, बल्कि सामाजिक असमानता और धार्मिक उत्पीड़न से भी जुड़ी है। जब किसी समाज में भय का वातावरण होता है, जब नागरिकों को सुरक्षा नहीं मिलती, तो निवेशकों का भरोसा भी डगमगाने लगता है। आईएमएफ और अन्य वैश्विक संस्थान इन संकेतों को गंभीरता से लेते हैं। हिंदू समुदाय, जो बांग्लादेश की कुल आबादी का लगभग 8 प्रतिशत है, ऐतिहासिक रूप से व्यापार, शिक्षा और पेशेवर वर्गों में प्रमुख भूमिका निभाता रहा है। जब इस समुदाय को निशाना बनाया जाता है, तो स्थानीय बाजार और उत्पादन चक्र कमजोर पड़ते हैं। उद्योग-धंधों में अस्थिरता आती है और उपभोक्ता विश्वास टूटता है। यह सीधे जीडीपी और रोजगार दर को प्रभावित करता है। बांग्लादेश का सामाजिक संकट उसकी अर्थव्यवस्था जितना ही गंभीर है। देश में हिंदू अल्पसंख्यक समुदाय पर लगातार हमले हो रहे हैं। साल 2025 में बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर हिंसा अपने चरम पर रही। वर्ष के पहले छह महीनों में ही 250 से अधिक हमले, 27 हत्याएँ, और 60 से ज्यादा मंदिरों पर हमले हुए।

### सूडोकु नवताल- 7592

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 5 | | | | | | |
| 3 | | | | | | | | |
| | | | 6 | | | 7 | 4 | |
| 6 | | | 2 | | 4 | | | |
| 1 | | | | | | | | 8 |
| | | | 7 | | 5 | | | 3 |
| | 4 | 7 | | | 1 | | | |
| | | | | | | | | 6 |
| | | | | | | 5 | 2 | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -7591 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 9 | 2 | 6 | 8 | 5 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 6 | 7 | 4 | 5 | 9 | 2 | 3 |
| 7 | 5 | 2 | 3 | 9 | 1 | 6 | 4 | 8 |
| 1 | 7 | 5 | 4 | 2 | 6 | 8 | 3 | 9 |
| 6 | 4 | 3 | 8 | 5 | 9 | 2 | 7 | 1 |
| 2 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 5 | 2 | 1 | 6 | 8 | 7 | 3 | 9 | 4 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 3 | 4 | 1 | 6 | 2 |
| 3 | 6 | 4 | 9 | 1 | 2 | 7 | 8 | 5 |

# माओवाद का खात्मा : संकल्प से सिद्धि की ओर अग्रसर

मृत्युंजय दीक्षित



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई में गृहमंत्री अमित शाह ने देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए सबसे बड़ा खतरा बने माओवाद को मार्च 2026 तक समाप्त करने का जो संकल्प लिया है वह अब सिद्धि की ओर अग्रसर है। देश का एक बहुत बड़ा भू भाग जो विकास की मुख्यधारा से अलग था अब शेष भारत के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने को तत्पर है। आज छत्तीसगढ़ के नक्सलवादी आतंकवाद के लिए कुख्यात बस्तर में तिरंगा फहरा रहा है और नक्सलवादियों के गढ़ में गृहमंत्री अमित शाह की जनसभाएं हो रही हैं। गृहमंत्री नक्सलवादियों को स्पष्ट संदेश देते हैं कि, माओवादियों आपके पास अब दो ही विकल्प बचे हैं या तो समर्पण कर दें या फिर एनकाउंटर के लिए तैयार रहें।

इस सख्ती का ही असर है कि 17 अक्टूबर 2025 को छत्तीसगढ़ में एक साथ 210 माओवादियों ने एक साथ समर्पण किया है। उधर, महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के समक्ष छह करोड़ रुपए के इनामी माओवादी पोलित ब्यूरो सदस्य मल्लेजुला वेणुगोपाल राव उर्फ भूपति उर्फ सोनू उर्फ अभय ने 60 साथियों सहित बंदूक छोड़कर विकास की राह थाम ली है। इन माओवादियों ने 54 हथियारों के साथ आत्मसमर्पण किया है जिनमें सात एके 47 और नौ इंसास राइफलें है। भूपति माओवादी संगठन में सबसे प्रभावशाली रणनीतिकारों में माना जाता था और उसने लंबे समय तक महाराष्ट्र- छत्तीसगढ़ सीमा पर अभियानों का नेतृत्व किया। भूपति वही खतरनाक माओवादी आतंकवादी है जिसने छत्तीसगढ़ में सीआरपीएफ के 76 जवानों का नरसंहार किया था।

महाराष्ट्र का गढ़चिरौली जिला दशकों से माओवादी गतिविधियों का केंद्र रहा है। इस क्षेत्र के शीर्ष माओवादी का समर्पण शेष बचे हुए नक्सलियों खासकर निचले स्तर के कैडर को सीधा संदेश दे रहा है कि अब जब उनका सबसे बड़ा और अनुभवी नेता हथियार डाल रहा है तो उनके पास भागने या छिपने का कोई रास्ता नहीं बचा है। इससे वे भी समर्पण करने के लिए मन बनायेंगे। यह समर्पण छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, तेलंगाना जैसे राज्यों के लिए शांति का बड़ा संकेत है। भूपति व उसके साथियों के समर्पण करने से माओवादियों की सबसे मजबूत दीवार ढह गई है।

जनवरी 2023 में गृहमंत्री अमित शाह ने माओवाद के खिलाफ ऑपरेशन को हरी झंडी दी, उसके बाद से अब तक सुरक्षाबलों ने 312 माओवादियों को मार गिराया है। मारे गए माओवादियों में में सीपीआई माओवादी महासचिव वासव राजू समेत पोलित ब्यूरो और केंद्रीय समिति के आठ सदस्य भी शामिल हैं। 21 जनवरी 2024 से लेकर अब तक माओवाद के खिलाफ अनेक ऑपरेशन सफलतापूर्वक चलाए जा चुके हैं, जिनमें 836 माओवादी गिरफ्तार किये गए हैं और 1639 आत्मसमर्पण कर चुके हैं। आत्मसमर्पण करने वालों में पोलित ब्यूरो और एक केंद्रीय समिति सदस्य शामिल है। वर्ष 2010 में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने माओवाद को भारत की सबसे बड़ी चुनौती बताया था किंतु उस समय राजनैतिक कारणों से माओवाद के पूर्ण सफाए का कोई ब्लूप्रिंट नहीं बन पाया था। मनमोहन सरकार के कार्यकाल में माओवादी बहुत बड़ी चुनौती थे। उस समय ये नेपाल के पशुपतिनाथ से आंध्र प्रदेश के तिरुपति तक लाल कॉरिडोर बनाने का सपना देख रहे थे । ये भारत, भारत के संविधान और भारत की सनातन संस्कृति से बैर रखते हैं।

वर्ष 2013 में विभिन्न राज्यों के 126 जिलों के माओवादी हिंसा से ग्रस्त होने की रिपोर्ट केंद्र को भेजी गई थी। वर्ष 2014 में मोदी सरकार आने के बाद से मार्च 2025 तक यह संख्या 126 से घटकर केवल 18 जिलों तक सीमित रह गई है। वर्तमान में नक्सल प्रभावित जिलों की संख्या 11 रह गई है। इनमें छत्तीसगढ़ के सात जिले, झारखंड का एक जिला पश्चिम सिंहभूम, मध्यप्रदेश का एक जिला बालाघाट, महाराष्ट्र का एक जिला गढ़चिरौली और ओडिशा का एक जिला कंधमाल शामिल है। इनमें भी अब छत्तीसगढ़ के तीन जिले बीजापुर, नाराणपुर और सुकमा ही अति माओवादी प्रभावित बचे हैं। वर्ष 2014 के पूर्व माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में 15 अगस्त और 26 जनवरी जैसे राष्ट्रीय पर्वों पर तिरंगा फहराना अपराध माना जाता था, गरीबों के लिए सरकारी सहायता नहीं पहुच पाती थी और दूरदराज के गांवों से किसी भी माध्यम से संपर्क नहीं हो पाता था।

अब समय बदल चुका है, छत्तीसगढ़ के माओवाद से मुक्त हुए क्षेत्रों में विकास की नई गंगा बह रही है। बस्तर जैसे कुख्यात जिले मे तिरंगा शान से फहरा रहा है। युवा बड़ी संख्या में खेलो इंडिया जैसे कार्यक्रमों में भागीदारी कर रहे है। माओवादियों से मुक्त हुए क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे का तीव्र विकास किया जा रहा है। कल्याणकारी योजनाएं लागू की जा रही हैं जिससे वहां की जनता दोबारा माओवादियों के दुष्प्रचार में न फंसे। माओवाद के विरुद्ध अभियान के अंतर्गत उनकी फंडिग रोकने का काम भी किया जा है।

जैसे-जैसे माओवाद के सफाए का अभियान आगे बढ़ रहा है, उसके समर्थक राजनैतिक तत्वों के पेट में दर्द भी उठ रहा है। माओवाद के समर्थन से फल फूल रहे वामपंथी दलों ने केंद्र सरकार को पत्र लिखकर माओवादियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान को बंद करने की अपील तक कर दी। तेलंगना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने तो एक कार्यक्रम में कह दिया कि, ह्लमाओवाद एक विचारधारा है जो कभी समाप्त नहीं हो सकती। सोशल मीडिया पर भी माओवादी विचारधारा के समर्थक भी यही बात कह रहे हैं कि यह विचारधारा पूरी तरह समाप्त नहीं हो सकती।

माओवाद एक जहरीली, खतरनाक और नरसंहार का समर्थन करने वाली विचारधारा है जिसका अंत करने के लिए सरकार ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। सुरक्षा बल आक्रामक भी हैं और समर्पण करने वालों का स्वागत भी कर रहे हैं। पुनर्वास और पुनर्जीवन का प्रयास कर रही है। विकास को हर द्वार तक ले जा रही है जिससे आम व्यक्ति नक्सल के लाल आतंक के भय को भूल कर आगे बढ़ सके।

# बच्चों से भीख मंगवाना एक सामाजिक अपराध

डॉ प्रियंका सौरभ



किसी के भी जीवन की सबसे अमूल्य संपत्ति बचपन है। खेलना, पढ़ना, सीखना और सुरक्षित वातावरण में बड़े होना, हर बच्चे का अधिकार है। लेकिन बच्चों का शोषण, भीख मंगवाने के लिए उनका इस्तेमाल और उनकी मासूमियत का लाभ उठाना आज गंभीर सामाजिक समस्या बन चुका है। भीख मंगवाना व्यक्तिगत समस्या नहीं है; यह एक व्यवस्थित व्यवसाय बन चुका है। छोटे-बड़े शहरों में यह आम दृश्य है कि मासूम बच्चे हाथ में थाली, कपड़े या किसी वस्तु के साथ चलते हैं और लोग उनके मासूम चेहरों पर दया दिखा कर पैसे डाल देते हैं। यह न केवल बच्चों के बचपन को छीनता है, बल्कि उन्हें मानसिक और शारीरिक रूप से भी प्रभावित करता है। समाज की जागरूकता की कमी, लोगों का दया भाव और कुछ परिवारों की आर्थिक मजबूरी मिलकर इस समस्या को बढ़ावा देते हैं। यह सिर्फ गरीबी का नतीजा नहीं बल्कि बच्चों के अधिकारों का उल्लंघन भी है।

बचपन किसी भी मानव जीवन का सबसे महत्वपूर्ण और संवेदनशील हिस्सा होता है। यह वह समय है जब बच्चे सीखते हैं, अनुभव प्राप्त करते हैं और अपनी पहचान बनाते हैं। लेकिन जब बच्चों को भीख मंगवाने या किसी अन्य शोषण के लिए मजबूर किया जाता है, तो उनका विकास बाधित होता है। भीख मंगवाना कभी-कभी आर्थिक मजबूरी का नतीजा हो सकता है, लेकिन जब यह नियमित रूप से होता है और बच्चे को मजबूर किया जाता है, तो यह शोषण बन जाता है। मासूमियत का फायदा उठाकर बच्चों से पैसे कमाना एक नैतिक अपराध है। समाज की भूमिका यहां महत्वपूर्ण बन जाती है। लोग यह सोचकर पैसा देते हैं कि वे मदद कर रहे हैं, लेकिन वास्तव में वे बच्चों के शोषण को प्रोत्साहित कर रहे हैं। माता-पिता और परिवार की भी जिम्मेदारी बनती है कि वे अपने बच्चों को इस तरह की गतिविधियों से बचाएं।

भारत में बाल श्रम और बच्चों से भीख मंगवाने को रोकने के लिए कई कानून हैं। बाल श्रम (निषेध और विनियमन) अधिनियम बच्चों को मजदूरी और शोषण से बचाने के लिए बनाया गया है। इसके अलावा, चाइल्डलाइन 1098 जैसी सेवाएँ 24७७ बच्चों की मदद के लिए उपलब्ध हैं। एनजीओ और सामाजिक संगठन भी सक्रिय रूप से बच्चों को शोषण से बचाने और उन्हें शिक्षा उपलब्ध कराने का काम कर रहे हैं। लेकिन वास्तविक चुनौती यह है कि कई बार बच्चे और उनके माता-पिता कानूनी संरचना से अनजान रहते हैं और शोषण नेटवर्क इतने संगठित होते हैं कि उन्हें पकड़ना मुश्किल होता है। सरकार और समाज को मिलकर बच्चों की सुरक्षा के लिए जागरूकता फैलानी होगी और उन्हें सही दिशा में मार्गदर्शन देना होगा।

समाज का दया भाव और सहानुभूति अक्सर बच्चों के शोषण का कारण बन जाती है। अगर लोग बच्चों को भीख देने के बजाय सही तरीके से मदद करें, तो वे शोषण को बढ़ने से रोक सकते हैं। स्थानीय समुदाय, स्कूल, माता-पिता और पड़ोसी मिलकर बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित कर सकते हैं। बच्चों को सुरक्षित वातावरण, शिक्षा और खेलकूद का अवसर देना उनके विकास के लिए जरूरी है। समाज को यह समझना होगा कि केवल पैसे देना बच्चों की मदद नहीं है। सही कार्रवाई, जैसे एनजीओ, चाइल्ड लाइन और सामाजिक संस्थाओं को सूचित करना ही बच्चों को शोषण से बचा सकती है।

भीख मंगवाना कई जगहों पर आर्थिक व्यवसाय बन चुका है। कुछ परिवार और नेटवर्क मासूम बच्चों को इस्तेमाल करके पूरे दिन हजारों रुपये कमाते हैं। यह सिर्फ बच्चों की मासूमियत का फायदा उठाना नहीं है, बल्कि उन्हें मानसिक और शारीरिक रूप से प्रभावित करना भी है। पैसा देने वाले लोग यह सोचते हैं कि वे दया कर रहे हैं लेकिन असल में वे इस प्रणाली को मजबूती प्रदान कर रहे हैं। यह एक चक्र बन जाता है, जिसमें बच्चों का शोषण जारी रहता है। बच्चों के भविष्य और समाज की नैतिक जिम्मेदारी के लिहाज से यह गंभीर समस्या है। इस समस्या का समाधान समाज, सरकार और नागरिकों के मिलकर काम करने में है। बच्चों की सुरक्षा और शिक्षा के लिए कदम उठाना जरूरी है। पैसे देने की बजाय मदद करें। बच्चों को भीख देने के बजाय उन्हें शिक्षा, खेल और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध करवाएं। बच्चों की सुरक्षा के लिए चाइल्ड लाइन (1098) और मान्यता प्राप्त एनजीओ से संपर्क करें। समाज में बच्चों के अधिकारों और शोषण की समस्या के बारे में जागरूकता बढ़ाएं। स्कूल, माता-पिता और पड़ोसी मिलकर बच्चों के सुरक्षित वातावरण को सुनिश्चित करें। सिर्फ दया भाव या छोटे पैसों से बच्चों की मदद नहीं होगी। सही कार्रवाई, जागरूकता और कानूनी उपाय ही उन्हें बचा सकते हैं। समाज, सरकार और नागरिकों के मिलकर सही कदम उठाने से ही इस समस्या का समाधान संभव है। जागरूकता, शिक्षा और सहयोग से ही हम बच्चों को उनका बचपन वापस दिला सकते हैं और उनके उज्ज्वल भविष्य की नींव रख सकते हैं।

# सेहत पर भारी पड़ती रहन-सहन, खानपान की बदलती प्राथमिकताएं



डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

देशवासियों के रहन-सहन और खान-पान में तेजी से बदलाव आ रहा है। लोगों की प्राथमिकताएं चाहे शहरी क्षेत्र हो या ग्रामीण, सभी जगह बदलाव का दौर चल रहा है। बदलती प्राथमिकताएं सेहत पर भारी पड़ने लगी है तो गंभीर चिंता का कारण भी बनती जा रही है। बदलाव को इसी तरह से भली-भांति समझा जा सकता है कि प्राथमिकताओं में वाहन, दवा और जंक फूड प्रमुखता लेते जा रहे हैं। यूनिसेफ की पिछले दिनों जारी रिपोर्ट के अनुसार बदलाव का यह दौर शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में नेक टू नेक देखा जा रहा है। अनाज का स्थान जंक फूड ले चुका है। ग्रामीण क्षेत्र में जंक फूड का उपयोग जहां 10 प्रतिशत हो गया है वहीं, अनाज उपयोग 5.4 प्रतिशत रह गया है। इसी तरह से शहरी क्षेत्र में जंक फूड की हिस्सेदारी 11 प्रतिशत हो गई है तो अनाज पर खर्च का प्रतिशत केवल केवल 4 प्रतिशत रह गया है। वाहन आदि पर व्यय ग्रामीण क्षेत्र में 7.8 फीसदी हो गया है तो शहरी क्षेत्र में कुछ ही अधिक 8.2 प्रतिशत हो गया है। यह रहन-सहन व खान-पान के बदलाव की तस्वीर है। साइड-इफेक्ट यह कि अनाज से ज्यादा खर्च स्वास्थ्य यानी की इलाज पर ग्रामीण क्षेत्र में 6.5 प्रतिशत तो शहरी क्षेत्र में इससे कुछ कम 5.9 प्रतिशत होने लगा है। शिक्षा पर खर्च में ग्रामीण क्षेत्र जहां 3.8 प्रतिशत पर अटका है वहीं शहरी क्षेत्र 6 प्रतिशत है। निश्चित रुप से शहरी क्षेत्र में शिक्षा प्राथमिकता बनी हुई है।

यूनिसेफ की चिंता यह नहीं है कि किस पर कितना व्यय हो रहा है। चिंता का कारण यह है कि जंक-फूड के साइड-इफेक्ट सामने आने लगे हैं। आज अधिक कैलोरी वाले जंक-फूड पेट भरने का प्रमुख साधन बन गया है। साइड इफेक्ट देखिये कि बच्चों से लेकर बड़ों तक देश में मोटापा तेजी से बढ़ता जा रहा है। इसी तरह से मोटापा के कारण होने वाली बीमारियों के साथ आज की युवा पीढ़ी हृदय रोग की शिकार होती जा रही है। दुनिया के देशों में जहां डायबिटिज यानी मधुमेह की गिरफ्त को कम करने में जुटे हैं वहीं हमारे देश में मधुमेह की गिरफ्त लगातार मजबूत होती जा रही है। मधुमेह से ग्रसित लोगों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इसके साथ ही अन्य बीमारियों की पकड़ अधिक होती जा रही है। जंक फूड के चलते इम्यूनिटी प्रभावित हो रही है। अधिक कैलोरी के कारण शरीर थुलथुल होता जा रहा है। हालांकि मोटापे की समस्या से समूची दुनिया जूझ रही है। यूनिसेफ की रिपोर्ट के अनुसार डिब्बाबंद खाने के चलते साल 2030 तक देश में 2.7 करोड़ से अधिक बच्चे मोटापे की चपेट में आने की आशंका व्यक्त की जा रही है। बच्चे हो या बड़े सबकी पंसद बर्गर, पिज्जा, चिप्स, कुरकुरे, मैगी, बिस्कुट और इसी तरह से डिब्बाबंद खाद्य सामग्री के साथ जूस और सॉफ्ट ड्रिंक पसंद बनते जा रहे हैं। इसका एक तो बड़ा कारण ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में समाज रुप से बढ़ती मार्केटिंग सुविधा, चंद मिनट से लेकर कुछ मिनटों में ही सामग्री की उपलब्धता, फिर स्वाद और आक्रामक विज्ञापनों के मोहजाल के कारण पैक्ड खाद्य सामग्री के प्रति तेजी से रुझान बढ़ा है। आकर्षक नाम, आकर्षक आउटलेट, वेल अरेंज्ड डिलिवरी सिस्टम व गिग वर्कर्स की टीम द्वारा आर्डर के साथ ही चंद मिनटों में उपलब्धता और इसके साथ ही इंस्टेट खाने की आदत के कारण यह सब हो रहा है।

चिंता का कारण है कि खाना जो पौष्टिकता और समयानुकूल होता था वह अब कहीं खो गया है। अब स्वाद और इंस्टेट खाने का मोह होने लगा है। एक अन्य कारण शहरों में अध्ययन के लिए जाने, पीजी और लाइब्रेरी की कल्चर ने युवाओं का जंक फूड की गिरफ्त में अधिक ले लिया है। कौन खाना बनाए- के चक्कर में एक फोन पर सहज उपलब्धता को देखते हुए भी जंक फूड को बढ़ावा मिला है। फिर यह शहरों से गांवों तक पहुंच गई है जिससे गांवों में भी जंक फूड आम होता जा रहा है।

यूनिसेफ ही नहीं समूची दुनिया की चिंता का कारण यह है कि खानपान और रहन-सहन की बदलती प्रवृति स्वास्थ्य को बुरी तरह से प्रभावित कर रही है। आज समूची दुनिया मोटापा की समस्या को लेकर गंभीर है तो हृदय रोग की गिरफ्त में कम आयु के भी आने लगे हैं। अब तो साइलेंट अटैक का दौर और चल गया है और संभलने तक का मौका नहीं मिलता है। ऐसे में परंपरागत खानपान की और लौटना ही होगा। पिछले दिनों ही अधिक कैलोरी और मोटापे की लगातार विकराल होती समस्या के कारण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी स्वयं लोगों से अधिक तैलीय खाद्य पदार्थ के उपयोग को कम करने के लिए देशवासियों से आग्रह कर चुके हैं। राजस्थान की सरकार ने एक बड़ा निर्णय करते हुए सरकारी बैठकों में चना-मूंगफली का उपयोग शुरू कर दिया है। यह विश्वव्यापी समस्या है, ऐसे में लोगों की आदत में बदलाव के समग्र प्रयास करने होंगे। यह मालूम होने के बावजूद लोगों द्वारा जंकफूड का उपयोग बढ़ रहा है, इस आदत को बदलना होगा।

## दैनिक पंचांग

**24 अक्टूबर 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | तुला में | वृश्चिक | 07.50 ब.से |
| चंद्र | वृश्चिक में | धनु | 10.06 बजे से |
| मंगल | तुला में | मकर | 12.11 बजे से |
| बुध | तुला में | कुंभ | 13.58 बजे से |
| गुरु | कर्क में | मीन | 15.30 बजे से |
| शुक्र | कन्या में | मेष | 17.01 बजे से |
| शनि | मीन में | वृष | 18.41 बजे से |
| राहु | कुंभ में | मिथुन | 20.39 बजे से |
| केतु | सिंह में | कर्क | 22.53 बजे से |
| राहुकाल | | सिंह | 01.09 बजे से |
| 10.30 से | | कन्या | 03.21 बजे से |
| 12.00 बजे तक | | तुला | 05.31 बजे से |

**शुक्रवार** 2025 वर्ष का 297 वा दिन **दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** शरद।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947
**मास** कार्तिक **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** तृतीया 01.20 बजे रात्र को समाप्त।
**नक्षत्र** अनुराधा अहोरात्र।
**योग** सौभाग्य 05.55 बजे को समाप्त।
**करण** तैतिल 12.04 बजे तदनन्तर गर 01.20 बजे रात्र को समाप्त।
**चन्द्रायु** 02.5 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 11°46'
**सूर्य** दक्षिणायन
**कलि अहर्गण** 1872507
**जूलियन दिन** 2460972.5
**कलियुग संवत्** 5126
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1447
**महीना** जमादि उल्लावल
**तारीख** 01

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| चर | 05.55 से | 07.23 बजे तक | रोग | 05.38 से | 07.1 बजे तक |
| लाभ | 07.23 से | 08.51 बजे तक | काल | 07.11 से | 08.43 बजे तक |
| अमृत | 08.51 से | 10.19 बजे तक | लाभ | 08.43 से | 10.15 बजे तक |
| काल | 10.19 से | 11.47 बजे तक | उद्वेग | 10.15 से | 11.47 बजे तक |
| शुभ | 11.47 से | 01.15 बजे तक | शुभ | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| रोग | 01.15 से | 02.43 बजे तक | अमृत | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| उद्वेग | 02.43 से | 04.10 बजे तक | चर | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| चर | 04.10 से | 05.38 बजे तक | रोग | 04.23 से | 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## एक नजर

### गुजरात कॉलोनी में महिला ने बच्चों के साथ घर में चोरी की घटना को दिया अंजाम

**बोकारो** : बोकारो के चास स्थित गुजरात कॉलोनी से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि एक महिला अपने बच्चों के साथ किसी वस्तु को बेचने के बहाने एक घर में दाखिल हुई और मौके का फायदा उठाकर अलमीरा से नकदी व जरूरी सामान चुरा ले गई।घटना के समय परिवार के सदस्य अपने-अपने काम में व्यस्त थे। जब गृहस्वामी ने अलमीरा खुला देखा, तो शक हुआ। उन्होंने घर में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले, जिसमें साफ दिखाई दिया कि वही महिला अपने बच्चों के साथ घर में घुसती है और करीब 10 से 15 मिनट बाद बाहर निकलती नजर आती है। गृहस्वामी ने स्थानीय थाना में इस संबंध में लिखित आवेदन भी दिया है, लेकिन अब तक किसी कार्रवाई न होने से वे नाराज हैं। पड़ोसियों ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से कॉलोनी में अंजान महिलाएं और लोग घूमते देखे जा रहे हैं, जिससे इलाके में दहशत का माहौल है।

### समर्पित भाजपा कार्यकर्ता इंद्र झा की मृत्यु, आज दाह संस्कार

**बोकारो**: पांच दशकों की लंबी भाजपा राजनीतिक सफर तय करने वाले इंद्र झा का गुरुवार को बोकारो जनरल अस्पताल में मृत्यु हो गई।झा लीवर सिरोसिस बीमारी से 2009 ग्रसित थे। अभी कुछ दिनों पहले रांची के एक अस्पताल से स्वास्थ्य लाभ ले कर लौटे थे। सोमवार को उनकी तबियात नासाज हुई तो उनको बोकारो जनरल अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां गुरुवार को उनकी मृत्यु हो गई। इस समाचार की जानकारी होते ही भाजपा सहित अन्य राजनैतिक दलों के लोगों का संवेदना प्रकट करने सिलसिला जारी है। उनको श्रद्धांजलि देने झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, बोकारो विधायक श्वेता सिंह, धनबाद के पूर्व सांसद पशुपतिनाथ सिंह, राजद के अवधेश कुमार यादव सहित अन्य उनके निवास पहुंचे और उनको श्रद्धांजलि दी।

# चास में भगवान श्री चित्रगुप्त जी की पूजा हुई संपन्न



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : चीरा चास के सैनिक पैलेस,बैंक्विट हॉल में कायस्थ महापरिवारो ने सामूहिक रूप से भगवान श्री चित्रगुप्त जी की पूजा संपन्न की। लगभग 108 परिवारों ने कागज, कलम और दवात की सामूहिक रूप से पूजा की मुख्य रूप से कायस्थ समुदाय के लोग भगवान चित्रगुप्त को, दिवाली के बाद, कार्तिक शुक्ल पक्ष की द्वितीया इस पूजा में लोग भगवान चित्रगुप्त की पूजा करते हैं, जो हिंदू धर्म में धर्मराज यम के सहायक और कर्मों के लेखा-जोखा रखने वाले देवता माने जाते हैं। चित्रगुप्त पूजा में कायस्थ महापरिवार के लोग अपनी लेखनी को साफ-सुथरा कर सजाये और भगवान चित्रगुप्त की मूर्ति को स्थापित किया और उनकी पूजा की जाती है। पूजा को उपरांत प्रसाद वितरण और खिचड़ी महाभोग का वितरण किया गया, साथ ही ड्राइंग कंपटीशन, शाम में रंगारंग कार्यक्रम प्राइज डिसटीब्यूशन, क्विज कंपटीशन और सामूहिक भोजन का व्यवस्था किया। कार्यक्रम में महिलाओं ने भी बढ़-चढ़ के हिस्सा लिया। पूरा कार्यक्रम महासचिव हिमांशु वर्मा की देखरेख में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित थे। महासचिव हिमांशु वर्मा, अध्यक्ष प्रवीण कुमार, उपाध्यक्ष धर्मेंद्र श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष ललित वर्मा, मुख्य सलाहकार अरुण सिन्हा, कार्यकारिणी सदस्य. कपूर अंजन, खुश्लेष कुमार, जीवेश सिन्हा, संजीव सिन्हा, सुदीप सिन्हा, राजेश्वर प्रसाद, डॉ पंकज श्रीवास्तव, कमल किशोर, रचना वर्मा और रिचा वर्मा इत्यादि लोग उपस्थित।

## सेक्टर-2 में भव्य रूप से सम्पन्न हुई भगवान चित्रगुप्त पूजा, समिति ने मनाया 25वां वर्ष



**बोकारो** : श्री चित्रिगुप्त सेवा समिति सेक्टर-2 की ओर से इस वर्ष भी भव्य तरीके से भगवान चित्रगुप्त पूजा का आयोजन माँ अंबे गार्डन सेक्टर-2 डी में किया गया। पूजा स्थल पर श्रद्धालुओं और समुदाय के लोगों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।कार्यक्रम में पूजा-अर्चना के साथ-साथ बच्चों के लिए क्विज प्रतियोगिता और रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ आकर्षण का केंद्र रहीं। चित्रिगुप्त परिवार के मेधावी बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। वहीं इस वर्ष पूजा के 25वें वार्षिकोत्सव के अवसर पर समिति के विशिष्ट सदस्यों को भी सम्मान प्रदान किया गया।पूजा आयोजन को सफल बनाने में अध्यक्ष बालाजी, महासचिव अनिल श्रीवास्तव, संरक्षक के.एन. प्रसाद, संयुक्त सचिव अमरनाथ लाल दास, कोषाध्यक्ष मुनीश कुमार श्रीवास्तव, संजय कुमार कर्ण, सदस्य गोरख प्रसाद सिन्हा, एल.वी.एस. राजू, धीरज एन.के. प्रसाद सहित सभी सदस्यों का सामूहिक योगदान रहा।

## टी बी उन्मूलन अभियान में बीएसएल कर रही सक्रिय योगदान



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : भारत सरकार के नेशनल ट्यूबरक्लोसिस एलिमिनेशन प्रोग्राम को बोकारो के परिक्षेत्रीय गाँवों में गति प्रदान करने के उद्देश्य के तहत बीएसएल के सीएसआर के तहत टी बी से पीड़ित मरीजों के लिए एंटी टी बी किट का निःशुल्क वितरण नियमित रूप से किया जा रहा है। ज्ञातव्य है कि टी बी उन्मूलन हेतु बीएसएल और पीरामल स्वास्थ्य के बीच संपन्न समझौता ज्ञापन किया गया है जिसके तहत बोकारो के परिक्षेत्रीय यथा गाँव जैना, टांड बालीडीह, रितुडीह, डुमरो, खुटरी, टांड मनोहरपुर, बांसगोड़ा, तेतुलिआ इत्यादि में एंटी टीबी किट का निःशुल्क वितरण किया जा रहा है. इस विशेष अभियान में पीरामल स्वास्थ्य तथा जिला टी बी अधिकारी के माध्यम से चिन्हित परिक्षेत्रीय गाँवों के 400 से अधिक टीबी मरीजों को बीएसएल के सीएसआर के तहत छः(06) माह की अवधि के लिए एंटी टी बी किट निःशुल्क उपलब्ध कराया जा रहा है। हाई प्रोटीन युक्त एंटी टी बी किट में विभिन्न प्रकार के खाद्य सामग्री शामिल है जो टी बी मरीजों के स्वास्थ्य लाभ के लिए अहम मानी जाती है। उल्लेखनीय है कि बीएसएल के सीएसआर के तहत पीरामल स्वास्थ्य की टीम मोबाइल मेडिकल यूनिट इस्पात संजीवनी के जरिए परिक्षेत्रीय गांवों में स्वास्थ्य सेवायें सक्रिय रूप से मुहैया कराती रही है।

## कोक-ओवन मजदूरों की ऐतिहासिक जीत, श्रेय चट्टानी एकता को : राजेंद्र सिंह



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : इस्पात संयंत्र के कोक-ओवन सुदर्शन कैंटीन में क्रान्तिकारी इस्पात मजदूर संघ सम्बद्ध हिन्द मजदूर सभा द्वारा आहुत कोक-ओवन, ब्लास्ट फर्नेस तथा ट्रैफिक विभाग के सम्पूर्ण हड़ताल नोटिस पर माननीय सहायक श्रमायुक्त के हस्तक्षेप के बाद दिनांक 17/10/2025 को धनबाद मे चली मैराथन त्रिपक्षीय बैठक में मजदूरो की ऐतिहासिक और शानदार जीत से उत्साहित मजदूरो ने एक भव्य विजय उत्सव का आयोजन किया।मजदूरो ने पुष्प गुच्छ और पुष्प मालाओं से जोरदार नारो के साथ संघ के महामन्त्री सह-सदस्य एनजेसीएस श्री राजेंद्र सिंह का स्वागत किया। कोक-ओवन के मजदूरो ने एक दूसरे को लड्डु खिलाकर विजय उत्सव मनाया। विजय उत्सव की अध्यक्षता जुम्मन खान ने की। विजय उत्सव को सम्बोधित करते हुये राजेंद्र सिंह ने कहा कि शानदार जीत का सारा श्रेय आपलोगो की चट्टानी एकता को है। हमारी एकता को तोड़ने के लिये प्रबंधन ने बहुत चालें चलीं, कुछ दलाल युनियनो को भी लगाया गया। मगर हम एक थे, एक हैं और एक ही रहेंगे। हमने अपनी एकता के दम पर हड़ताल नोटिस मे शामिल सभी मुद्दो को हासिल किया। नियमित कर्मियों के इन्सेंटिव रिवॉर्ड स्कीम पर स्पष्ट निर्णय के साथ हमने जीत हासिल किया है। ग्रुप हेल्थ इंश्योरेंस स्कीम के द्वारा ई.एस.आई.सी. से बाहर हो चुके स्किल्ड मजदूरो का परिवार सहित ईलाज का रास्ता साफ हो गया है।नवंबर अन्त तक स्कीम लागु हो जायेगी। वर्षो से एक हीं ग्रेड मे कार्य कर रहे ठेका मजदूरो के ग्रेड प्रमोशन को भी प्रबंधन ने मान लिया है,युनियन के सहयोग से जल्द ग्रेड प्रमोशन स्कीम को पूरे प्लांट स्तर पर लागु किया जायेगा। ग्रेच्युटी का लाभ ठेका मजदूर आन्दोलन में हमारी सबसे बड़ी जीत है। ठेका मजदूरो के सुरक्षा को चाक-चौबंद बनाने के लिये नियमित कामगारो की भाँति ठेका मजदूरो को भी उच्च गुणवत्तापूर्ण सुरक्षा उपकरण उपलब्ध करायी जायेगी।

## संक्षिप्त खबरें

### उत्क्रमित उर्दू मध्य विद्यालय के भवन निर्माण के चारदिवारी क्षतिग्रस्त, संवेदक की भारी अनियमितता



**साहिबगंज**: उधवा प्रखंड क्षेत्र के दक्षिण सरफराजगंज पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित उर्दू मध्य विद्यालय इंग्लिश में अतिरिक्त छह नए कमरों के भवन का निर्माण कार्य शुरू होते ही ठेकेदार की कथित लापरवाही से चारदीवारी का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया, जिससे विद्यालय की सुरक्षा पर सवाल खड़े हो गए हैं। विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सद्दाम हुसैन ने चारदीवारी क्षतिग्रस्त होने पर गहरी नाराजगी जताई है। उन्होंने बताया कि संबंधित ठेकेदार ने मनमानी तरीके से बिना किसी पूर्व अनुमति या सूचना के निर्माण सामग्री फेंकने के लिए दीवार को क्षतिग्रस्त किया है। उन्होंने बताया कि दीवार के क्षतिग्रस्त हो जाने से स्कूल की सुरक्षा पर सीधा असर पड़ गया है। विद्यालय में बच्चों के लिए लाखों रुपए की कीमती शिक्षण सामग्री और अन्य उपकरण रखे हुए हैं। ऐसे में टूटी हुई दीवार के कारण चोरी होने की आशंका काफी बढ़ गई है। उन्होंने क्षतिग्रस्त दीवार की जल्द से जल्द मरम्मत करने की मांग की है। वही अध्यक्ष के विरोध के बाद, ठेकेदार ने आश्वासन दिया है कि नए भवन का निर्माण कार्य पूरा होने के बाद वह क्षतिग्रस्त हुई चारदीवारी की मरम्मत तुरंत करवा देगा। फिलहाल एसएमसी अध्यक्ष ने इसकी शिकायत शिक्षा विभाग से की है। इस संबंध में बीपीओ अटल बिहारी भगत ने बताया कि चारदीवारी तोड़ना सरासर गलत काम किया है।

### गैरेज से चोरी हुई इलेक्ट्रिक स्कूटी बरामद दो चोर गिरफ्तार



**बोकारो**: चीरा चास थाना क्षेत्र अंतर्गत भाई काका कंपलेक्स के सामने स्थित एक गैरेज से चोरी हुई इलेक्ट्रिक स्कूटी का पुलिस ने खुलासा करते हुए चोरी में शामिल दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।जानकारी के अनुसार, वादी कुमार सौरभ, पिता संजय शर्मा, निवासी भाई काका कंपलेक्स, चीरा चास ने 18 अक्टूबर को अपनी इलेक्ट्रिक स्कूटी की चोरी को लेकर थाना में लिखित आवेदन दिया था। आवेदन के आधार पर चीरा चास थाना कांड संख्या 133/2025, 21 अक्टूबर को धारा 303(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।थाना प्रभारी चंदन कुमार दूबे के नेतृत्व में वरीय अधिकारियों के आदेश पर एक विशेष छापामारी टीम का गठन किया गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चोरी की गई स्कूटी के साथ घटना में प्रयुक्त लाल रंग की स्कूटी भी बरामद की है।गिरफ्तार आरोपियों की पहचान आमीर असरफ, पिता मुर्तजा हुसैन गौहर, निवासी गौस नगर भर्रा बस्ती, तथा जुल्फीकार खान, पिता कासिम खान, निवासी गौस नगर सेंट जेवियर कॉलोनी, दोनों थाना चीरा चास, जिला बोकारो के रूप में की गई है। छापामारी दल में थाना प्रभारी पु०अ०नि० चंदन कुमार दूबे के साथ पु०अ०नि० राजेश्वर पासवान, पु०अ०नि० विक्रम कुमार, पु०अ०नि० राजकपुर सेठ, सा०आ० पिन्दु कुमार शाही, आरक्षी जाकिर हुसैन तथा मार्सल चटर्जी सहित सशस्त्र बल शामिल थे।

## उत्तर प्रदेश

# भाई को अकाल मृत्यु से बचाने के लिए यमुना स्नान

### मथुरा पहुंचे 1.25 लाख श्रद्धालु, यमराज मंदिर में रात से ही लंबी लाइन







**मथुरा।** भाई दूज है। मथुरा में यमुना स्नान के लिए 1.25 लाख से ज्यादा श्रद्धालु पहुंचे। यमुना नदी के विश्राम घाट पर यमराज का मंदिर है। विश्राम घाट पर ही मुख्य स्नान चल रहा है। यहां गुरुवार तड़के से ही भारी भीड़ रही। लोग परिवार के साथ पहुंचे। बड़े बुजुर्ग से लेकर छोटे बच्चों तक, सभी ने पूरी श्रद्धा के साथ यमुना स्नान किया। भाई-बहनों ने एक-दूसरे का हाथ पकड़कर यहां यम फांस (अकाल मृत्यु) से मुक्ति के लिए स्नान किया। स्नान के बाद बहनों ने भाई को आसन पर बिठाकर तिलक किया। इसके बाद विश्राम घाट की ओर जाने वाली सीढ़ियों पर बने यमराज-यमुना मंदिर में जाकर वैदिक विधि-विधान से दीप जलाकर पूजा की। विश्राम घाट पर पंडों ने भाई-बहनों की पूजा कराई। दिवाली के बाद कार्तिक शुक्ल द्वितीया को भाई दूज का त्योहार मनाया जाता है। इसे यम द्वितीया भी कहते हैं। मान्यता है कि जो भाई इस दिन बहन के घर जाकर भोजन ग्रहण करता है और तिलक करवाता है, उसकी अकाल मृत्यु नहीं होती है। पूरे यूपी में यह त्योहार उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि 23 अक्टूबर को रात 10.46 बजे तक रहेगी। इसके बाद कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि शुरू होगी। टीके का शुभ समय- दोपहर 1.13 बजे से 3.28 बजे के बीच टीका लगाया जा सकता है। 2 घंटे 15 मिनट का शुभ मुहूर्त है। आयुष्मान योग- तिथि पर आयुष्मान योग भी बन रहा है, यह योग 24 अक्टूबर की सुबह 5 बजे खत्म होगा। मान्यता है इसमें यम देवता की पूजा करने से अभय होने का वरदान मिलता है। शिववास योग- भाई दूज पर शिववास योग का भी संयोग है। रात 10.46 बजे तक योग रहेगा। इसमें भगवान शिव कैलाश पर मां गौरी के साथ रहेंगे। शिव परिवार की पूजा से सभी मनोरथ पूरे होते हैं। विश्राम घाट की ओर जाने वाली सीढ़ियों पर बने यमराज-यमुना मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ है। यहां भाई बहनों ने साथ जाकर वैदिक विधि-विधान से दीप जलाकर पूजा अर्चना की। भाई दूज पर मान्यता है कि राहु काल में भाई को तिलक करने से बचना चाहिए। ज्योतिषियों की मानें तो भाई दूज पर आयुष्मान और शिववास योग समेत कई मंगलकारी शुभ योग बन रहे हैं। इन योग में यम देव की पूजा करने से भाई को आरोग्यता और लंबी आयु का वरदान मिलेगा। भाई दूज पर खासतौर पर मथुरा में यमुना नदी में भाई-बहन स्नान करते आते हैं। मान्यता है कि ऐसा करने से भाई-बहन को सौभाग्य और सुख-समृद्धि मिलती है। भाई-बहन आपसी स्नेह बना रहता है। बहन भाई को तिलक लगाती हैं और भाई की लंबी उम्र, सौभाग्य की कामना यमराज और यमुना से करती हैं। पूजा में बहन प्रार्थना करती है कि मार्कण्डेय, हनुमान, बलि, परशुराम, व्यास, विभीषण, कृपाचार्य और अश्वत्थामा, इन आठ चिरंजिवियों की तरह मेरे भाई को भी चिरंजीवी होने का वर दें। यमराज-यमुना सूर्य देव और संज्ञा की संतानें हैं। शनि देव सूर्य और छाया की संतान हैं। यमुना अपने सगे यमराज से बहुत स्नेह रखती हैं। जब यमराज ने अपनी अलग यमपुरी बसाई तो वे अपने काम में बहुत व्यस्त हो गए थे। इस वजह से वे बहन यमुना से मिलने नहीं आ पाते थे। यमुना ने कई बार यमराज से कहा कि आप मेरे घर आइए, लेकिन लंबे समय तक यमराज यमुना के घर नहीं जा सके। इसके बाद एक दिन यमुना ने यमराज से वचन ले लिया कि आपको मेरे घर खाना खाने आना ही होगा। जिस दिन यमराज यमुना के घर पहुंचे, उस दिन कार्तिक शुक्ल द्वितीया थी। इस तिथि पर यमुना ने यमराज को अपने घर भोजन कराया था। यमराज यमुना के आतिथ्य से बहुत प्रसन्न हुए और वर मांगने के लिए कहा। तब यमुना ने यमराज से वर मांगा था कि अब से हर साल कार्तिक शुक्ल द्वितीया पर आप मेरे घर आएंगे और इस दिन जो भाई अपनी बहन के घर खाना खाएगा, उसे लंबी उम्र, अच्छा स्वास्थ्य और सौभाग्य का वर मिलेगा। यमराज ने यमुना के ये बातें मान लीं। तभी से भाई दूज मनाने की परंपरा चली आ रही है।

## सना खान उत्तर प्रदेश अंडर 19 महिला क्रिकेट टीम में चयनित



संवाददाता

**कुशीनगर।** नगर पंचायत फाजिलनगर के पिपरा रज्जब की निवासी अनीश अहमद की पुत्री सना खान ने उत्तर प्रदेश अंडर 19 महिला क्रिकेट टीम में चयनित होकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उप्र क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से अंडर 19 महिला क्रिकेट टीम में सना का चयन राइट हैंड बैट्समैन ओपनर के रूप में हुआ है। इस सफलता का इन्होंने श्रेय माता-पिता, गुरुजनों व शुभचिंतकों को देते हुए कहा कि अपने प्रदेश प्रतिनिधित्व करना गर्व की बात है । इन की सफलता की क्षेत्र और सोशल मीडिया पर खूब चर्चा है चाचा रईस अहमद ने कहा कि बेटी को बहुत जल्द हम इंडिया टीम की तरफ से खेलते हुए देखना चाहते है सना की छोटी बहन भी महिला क्रिकेट एसोसिएशन उतरप्रदेस अण्डर 15 में पिछली साल सेलेकशन फास्ट बॉलर के रूप हुआ था जो उप्र के प्रतिनिधित्व करती है। सना की सफलता पर क्षेत्रीय विधायक सुरेंद्र कुशवाहा, भाजपा मण्डल अध्यक्ष राणा सिंह, सपा नेता व जिला पंचायत सदस्य राजन शुक्ला, सपा विधान सभा अध्यक्ष विजय यादव, आसिफ, पत्रकार असफाक अंसारी, जावेद अंसारी, मुन्ना इराकी, जुनेद, दानिश इराकी आदि लोगो ने बधाई दी।

## गोभी, टमाटर, बैगन, शिमला मिर्च, ब्रोकली का पौधा उपलब्ध: जिला उद्यान अधिकारी

### शरदकालीन गन्ने के साथ सब्जी की खेती से बढ़ेगी आय बढ़ेगी: ओम प्रकाश गुप्ता



संवाददाता

**कुशीनगर।** जनपद में सब्जियों की उन्नत प्रजातियों की हाईटेक नर्सरी राजकीय परिक्षेत्र बरवाफॉर्म में तैयार करके उद्यान विभाग द्वारा कृषकों को उपलब्ध कराया जा रहा है। इस समय हाईटेक नर्सरी में गोभी, टमाटर, ब्रोकली, पत्तागोभी, फूलगोभी, मिर्च, शिमला मिर्च, पपीता आदि का पौधा तैयार है। जो उचित दाम पर कृषकों को दिया जा रहा है। यह जानकारी जिला उद्यान अधिकारी कुशीनगर श्री कृष्ण कुमार ने राजकीय परिक्षेत्र बरवाफॉर्म में दी। उन्होंने बताया कि आलू की दो प्रजातियाँ कुफरी सिंदूरी, कुफरी बहार का 100 कुंतल बीज कंद बुवाई के लिए उपलब्ध है। किसान अपना आधार कार्ड, खतौनी दिखाकर प्राप्त करें। पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर कृषकों को बीज मिलेगा। इस अवसर उत्तर प्रदेश गन्ना प्रशिक्षण केंद्र पिपराइच-गोरखपुर के पूर्व सहायक निदेशक ओम प्रकाश गुप्ता ने किसानों को बताया इस समय शरदकालीन गन्ने की बुवाई किसान धान काटकर कर रहे हैं। गन्ने के साथ आलू की खेती किसानों के लिए वरदान सिद्ध होगी मात्र 100 से 110 दिनों में एक एकड़ गन्ने में 80 से 90 कुंतल आलू की उपज होगी। 10 प्रति किलो बेचने पर 80 से 90 हजार का होगा जिससे किसान की आय बढ़ेगी। गन्ने के साथ बोया गया आलू, गन्ने की 50 से 60 कुंतल प्रति एकड़ औसत उपज बढ़ा देगा।

किसान अपनी सुविधा अनुसार गन्ने के साथ लहसुन, बैगन, गोभी, टमाटर, ब्रोकली, शिमला मिर्च, सब्जी मटर बो सकतें हैं। जिला उद्यान अधिकारी ने ओम प्रकाश गुप्ता को हाईटेक नर्सरी में तैयार सब्जी के पौधों को दिखाया। सब्जी पौध प्रभारी श्री अखिलेश कुशवाहा ने बताया कि सब्जी का पौधा 2 प्रति पौधा की दर से दिया जा रहा है। शिमला मिर्च का 3 में एक पौधा दिया जा रहा है। ये सभी अधिक उपज देने वाली प्रजातियां है। जिला उद्यान अधिकारी ने बताया कि इस हाईटेक नर्सरी में वैज्ञानिक तकनीक से पौधा तैयार किया जा रहा है। सब्जी की खेती, किसानों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करेगी। गन्ने के साथ सब्जी की खेती से कुशीनगर जिले में नई क्रांति आयेगी। गन्ने के साथ सहफसली खेती करने के लिए ढाढ़ा चीनी मिल विशेष प्रशिक्षण अभियान चला रही है।

## संक्षिप्त डायरी


### विहिप के राष्ट्रीय सचिव संगठन बने रालोद प्रदेश अध्यक्ष डा. रामाशीष राय



संवाददाता

**कुशीनगर।** उत्तर प्रदेश की राजनीति में एक सशक्त पहचान रखने वाले वरिष्ठ नेता राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष डा. रामाशीष राय को विश्व हिंदी परिषद में बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है। देवरिया लोकसभा क्षेत्र के ओलीपट्टी निवासी डा. राय को परिषद के राष्ट्रीय सचिव (संगठन) के पद पर राष्ट्रीय महासचिव डा. विपिन कुमार एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष देवी प्रसाद मिश्र ने मनोनीत किया है। डा. राय न केवल एक अनुभवी राजनेता हैं।बल्कि हिंदी भाषा के प्रचार- प्रसार में भी वर्षों से अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। डा. रामाशीष राय ने 1973 से 1976 तक अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) से सक्रिय राजनीति की शुरूआत की। इसके बाद वे भारतीय जनता पार्टी से जुड़े और ब्लॉक, जिला व प्रदेश स्तर पर विभिन्न दायित्वों का कुशलतापूर्वक निर्वहन किया। उनके सामाजिक योगदान और युवाओं के मुद्दों पर सतत कार्य को देखते हुए वर्ष 1997 में उन्हें राज्यपाल द्वारा उत्तर प्रदेश विधान परिषद में मनोनीत किया गया। वे भाजयुमो (भाजपा युवा मोर्चा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी रह चुके हैं। जहां उन्होंने युवाओं की दिशा और दशा सुधारने हेतु महत्वपूर्ण पहल की। डॉ. राय की पहचान एक हिंदीप्रेमी चिंतक के रूप में भी रही है। वे वर्षों से हिंदी भाषा के संरक्षण और संवर्धन के लिए कार्य कर रहे हैं। राष्ट्रीय मुद्दों पर उनकी राष्ट्रवादी दृष्टि और हिंदी के पक्ष में उनके लेखन कार्य को देशभर में सराहा गया है। विहिप में राष्ट्रीय सचिव (संगठन) के रूप में उनकी नियुक्ति से परिषद को संगठात्मक रूप से और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में नई ऊर्जा मिलेगी। डा.राय के मनोनयन पर लोकतंत्र रक्षक सेनानी जितेंद्र पांडेय शैलानी, रालोद के प्रदेश सचिव सियाशरण पांडेय, सिंहासन गुप्ता, पूर्व प्रधानाचार्यगण मुन्नीलाल गुप्ता, गोरखनाथ पांडेय, हरिशंकर उपाध्याय, प्रोफेसर डा.विजय प्रताप उपाध्याय, डा.मधूसूदन मणि त्रिपाठी, डा.विजयलाल श्रीवास्तव, प्रधानाचार्य अरविंद मिश्र, ओंकार सिंह, अजय राय, विनोद राय, प्रमोद शाही,पूर्व ग्राम प्रधानगण छेदी चौहान, रमेश राय, देवेन्द्र राय, प्रबंधक राजेश्वर राय, चंद्रभूषण तिवारी, अवधेश सिंह,ओमप्रकाश राय, अवनींद्र राय, आकाश राय आदि सहित बुद्धिजीवियों, शिक्षाविदों, युवाओं ने हर्ष व्यक्त किया है।

### मिशन शक्ति टीम ने आपसी झगड़े का कराया निपटारा



संवाददाता

**हमीरपुर।** राठ के मिशन शक्ति सेन्टर में आवेदिका रेखा पत्नी कंधीलाल अनुरागी, निवासी अतरौलिया राठ ने आकर प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसने अपने पति कंधीलाल अनुरागी के खिलाफ गाली-गलौज और मारपीट करने की शिकायत की थी। सेन्टर की टीम ने प्रार्थना पत्र के आधार पर दोनों पक्षों को मिशन शक्ति केन्द्र राठ बुलाकर आपस में बातचीत कराई गई, साथ ही दोनों की परेशानी को गौर से सुना गया। दोनों पक्षों के बीच पैदा पारिवारिक झगड़े के निपटारे के लिये काउंसलिंग की गई। काउंसलिंग के दौरान दोनों पक्षों को आपसी झगड़ा खत्म कर शांतिपूर्ण तरीके से जिंदगी गुजारने के लिये प्रेरित किया गया।

# भारतीय शेयर बाजार में आईपीओ की बौछार, सात कंपनियों को सेबी से मिली मंजूरी

**ये कंपनियां हैं, लॉजिस्टिक्स, सोलर एनर्जी, केमिकल्स, ज्वैलरी और फार्मा**

**नई दिल्ली**

भारतीय शेयर बाजार में जल्द ही आईपीओ की बौछार देखने को मिलेगी। हाल ही में सेबी ने सात कंपनियों को आईपीओ लाने की मंजूरी दी है। ये कंपनियां अलग-अलग सेक्टर्स से हैं, जिनमें लॉजिस्टिक्स, सोलर एनर्जी, केमिकल्स, ज्वैलरी और फार्मा शामिल हैं। ये सभी कंपनियां अपने शेयर बीएसई और एनएसई पर लिस्ट करेंगी। शैडोफैक्स टेक्नोलॉजीज लॉजिस्टिक्स क्षेत्र की प्रमुख कंपनी है, जिसका आईपीओ करीब 2000-2500 करोड़ रुपये का हो सकता है। इसमें नए शेयर और ओएफएस दोनों शामिल होंगे।

कंपनी इस पैसे का उपयोग अपने नेटवर्क और व्यवसाय विस्तार में करेगी। वहीं आर्किल का आईपीओ पूरी तरह ओएफएस है, जिसमें पुराने शेयरहोल्डर्स अपना हिस्सा बेचेंगे।

इससे कंपनी को नया फंडिंग नहीं मिलेगी, लेकिन इसकी मार्केट वैल्यू बढ़ेगी। रेज़ॉन सोलर भारत की टॉप-10 सोलर मॉड्यूल निर्माता कंपनी है, जिसका आईपीओ लगभग 1500 करोड़ रुपये का फ्रेश इश्यू है। कंपनी इस पैसे से सूरत में 3.5 जीडब्ल्यू सोलर सेल फैक्ट्री बनाएगी।सफेक्स केमिकल्स, जो कि केमिकल्स सेक्टर में 1991 से है, 450 करोड़ रुपये के फ्रेश शेयर जारी करेगा। इससे कंपनी कर्ज चुकाएगी और कॉर्पोरेट कामों में निवेश करेगी।




एगकॉन इक्विपमेंट्स का आईपीओ 332 करोड़ रुपये का होगा, जिसमें प्रमोटर्स अपना हिस्सा बेचेंगे।

## विक्रम सोलर को मिला 148.9 मेगावाट सौर मॉड्यूल सप्लाई का ठेका



**नई दिल्ली** विक्रम सोलर को सनश्योर एनर्जी से 148.9 मेगावाट उच्च दक्षता वाले सौर मॉड्यूल की आपूर्ति का ठेका मिला है। कंपनी के एम10आर एन-टाइप टॉपकॉन तकनीक वाले 595 वॉट पावर वाले मॉड्यूल महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश में लगाए जाएंगे। विक्रम सोलर के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि भारत ने हाल ही में 125 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता पार कर स्वच्छ ऊर्जा में महत्वपूर्ण प्रगति की है। सनश्योर एनर्जी के साथ यह साझेदारी इस प्रगति को आगे बढ़ाने में मदद करेगी। सनश्योर एनर्जी के एक अधिकारी ने बताया कि यह साझेदारी उनके प्रमुख बाजारों में कुशल निष्पादन और उन्नत तकनीक के समन्वय का परिचायक है। इससे दोनों कंपनियों को राष्ट्रीय ऊर्जा लक्ष्यों को पूरा करने में सहायता मिलेगी।

## पावरग्रिड ने 3,375 करोड़ की दो बड़ी पारेषण परियोजनाओं का अधिग्रहण किया




**भारी लोड वाले गलियारों का बोझ कम होगा**

**नई दिल्ली** पावरग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया ने 3,375 करोड़ रुपये की दो महत्वपूर्ण पारेषण परियोजनाओं का अधिग्रहण किया है। ये परियोजनाएं भारी लोड वाले पारेषण गलियारों पर दबाव कम करने, बिजली की विश्वसनीयता बढ़ाने और नवीकरणीय ऊर्जा के निरंतर प्रवाह को सुनिश्चित करने में मदद करेंगी। इससे देश के विभिन्न क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति और ग्रिड की स्थिरता में सुधार होगा। कंपनी ने बताया कि ये परियोजनाएं पंप स्टोरेज तकनीक से भी जुड़ी हैं, जो बिजली की मांग और आपूर्ति में संतुलन बनाए रखने में सहायक होगी। इस तरह पावरग्रिड स्वच्छ ऊर्जा के विकास और भारत के ऊर्जा स्थिरता लक्ष्यों को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। पावरग्रिड ने शुल्क आधारित प्रतिस्पर्धी बोली प्रक्रिया के तहत विंध्याचल वाराणसी ट्रांसमिशन लिमिटेड और एसआर डब्ल्यूआर पावर ट्रांसमिशन लिमिटेड नामक दो विशेष परियोजना कंपनियों को हासिल किया है। यह अधिग्रहण पावरग्रिड के पारेषण नेटवर्क को और मजबूत बनाएगा। 30 सितंबर तक, पावरग्रिड ने 286 सब-स्टेशन, 1,80,864 से अधिक सर्किट किलोमीटर पारेषण लाइन और 5,81,831 मेगावोल्ट एम्पियर क्षमता को संचालित किया है। नवीनतम तकनीकों और डिजिटल समाधान के उपयोग से कंपनी ने पारेषण प्रणाली की औसत उपलब्धता 99.80 प्रतिशत से अधिक बनाए रखी है।

## हुंदै मोटर इंडिया ने सुनील मूलचंदानी को राष्ट्रीय बिक्री प्रमुख नियुक्त किया



**नई दिल्ली** हुंदै मोटर इंडिया लिमिटेड (एचएमआईएल) ने सुनील मूलचंदानी को अपने 'फंक्शन हेड' (राष्ट्रीय बिक्री) के पद पर नियुक्त करने की घोषणा की है। मूलचंदानी इससे पहले मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड में मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी (मध्य क्षेत्र) के रूप में कार्यरत थे। उन्हें मोटर वाहन और वाणिज्यिक क्षेत्रों में 24 वर्षों से अधिक का अनुभव है। उनकी नियुक्ति का उद्देश्य एचएमआईएल के राष्ट्रीय बिक्री नेटवर्क को मजबूत करना और प्रमुख बाजारों में ग्राहकों के साथ बेहतर संबंध स्थापित करना है। मूलचंदानी ने 1999 में पुणे विश्वविद्यालय से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में स्नातक की डिग्री प्राप्त की है। इसके बाद उन्होंने सिम्बायोसिस सेंटर फॉर मैनेजमेंट एंड ह्यूमन रिसोर्स डेवलपमेंट (एससीएमएचआरडी), पुणे से प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा हासिल किया। उनकी विशेषज्ञता से हुंदै की बिक्री रणनीतियों को नई दिशा मिलेगी।

## दीपावली पर देश में रिकॉर्ड 6.05 लाख करोड़ का कारोबार

**उद्योग जगत ने माना, 'मेड इन इंडिया' और जीएसटी सुधारों का दिखा सीधा असर**

**नई दिल्ली** इस साल देश में दीपावली के त्योहारी मौसम में व्यापार ने नया कीर्तिमान स्थापित किया है। अखिल भारतीय व्यापारी परिसंघ (कैट) के सर्वेक्षण के अनुसार, दीपावली के दौरान कुल 6.05 लाख करोड़ रुपये का व्यापार दर्ज किया गया, जो अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा है। यह वृद्धि बढ़ते उपभोक्ता विश्वास और स्वदेशी उत्पादों की बढ़ती मांग का प्रतीक है। ब्रिक्स चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष हरवंश चावला ने बताया कि 'मेड इन इंडिया' नारे ने देश के बाजारों में मजबूती लाई है। उन्होंने कहा कि यह सफलता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आर्थिक सुधारों और प्रेरणादायक नेतृत्व का नतीजा है, जो आने वाले महीनों में और अधिक असर दिखाएगा। पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के एक प्रमुख अधिकारी ने जीएसटी सुधारों को दीपावली के व्यापार बढ़ने का मुख्य कारण बताया। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं को स्वदेशी उत्पाद अपनाने के लिए प्रधानमंत्री मोदी ने प्रेरित किया।

## कोयला मंत्रालय ने 'स्वदेशी तकनीक' की परिभाषा को किया व्यापक

**कोयला और लिग्नाइट गैसीकरण परियोजनाओं में निवेश को गति देने की दिशा में बड़ा कदम**

**नई दिल्ली** कोयला मंत्रालय ने कोयला और लिग्नाइट गैसीकरण परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता योजना के तहत स्वदेशी तकनीक की परिभाषा को विस्तारित कर दिया है। इस संशोधन का उद्देश्य भारत में गैसीकरण परियोजनाओं में निवेश और तकनीकी नवाचार को बढ़ावा देना है। नई परिभाषा के अनुसार, अब भारत में विकसित, स्वामित्व वाली और पर्याप्त रूप से सिद्ध तकनीक को स्वदेशी माना जाएगा। साथ ही ऐसी तकनीकें भी शामिल की जाएंगी जो विदेशी सहयोग के साथ भारतीय परिस्थितियों के अनुरूप विकसित या अनुकूलित की गई हों, बशर्ते वे महत्त्वपूर्ण नवाचार, तकनीकी विकास दिखाएं और भारतीय परिस्थितियों में स्वतंत्र रूप से व्यावसायिक रूप से व्यवहार्य हों। मंत्रालय ने यह स्पष्ट किया कि इस संशोधन का उद्देश्य भारतीय कंपनियों को विदेशी प्रौद्योगिकी के उपयोग के साथ-साथ स्थानीय नवाचार और आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रोत्साहित करना है। यह स्पष्टीकरण 30 सितंबर 2025 को जारी आरएफपी और 10 अक्टूबर 2025 को हुए पूर्व-बोली सम्मेलन के बाद जारी किया गया। सरकार ने आवेदकों को आवेदन जमा करने के बाद अपनी परियोजनाओं को दो श्रेणियों, व्यावसायिक रूप से स्केलेबल प्रदर्शन परियोजना और छोटे पैमाने की उत्पाद-आधारित परियोजना के बीच स्थानांतरित करने की अनुमति दी है, बशर्ते वे नई श्रेणी की पात्रता शर्तें पूरी करें। इसके अलावा भूमिगत कोयला गैसीकरण, परियोजनाओं को सिद्ध स्वदेशी तकनीक की शर्त से छूट दी गई है, क्योंकि वैश्विक स्तर पर ऐसी तकनीकें अभी भी पायलट स्तर पर हैं। हालांकि, ऐसी परियोजनाओं में कम से कम 100 करोड़ का पूंजीगत व्यय अनिवार्य होगा।

# शेयर बाजार हल्की तेजी के साथ बंद

**मुंबई**

भारतीय शेयर बाजार गुरुवार को हल्की तेजी के साथ बंद हुआ। आज सुबह दुनिया भर के बाजारों से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही आईटी शेयरों में खरीदारी हावी होने से बाजार ऊपर आया है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स अंत में 130.06 अंक बढ़कर 84,556.40 पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी भी दिन के अंत में 22.80 अंक बढ़कर 25,891.40 पर बंद हुआ।

बाजार में तेजी आईटी शेयरों के कारण आई। निफ्टी आईटी इंडेक्स 2.21 फीसदी ऊपर आया। पीएसयू बैंक, फाइनेंशियल सर्विसेज, एफएमसीजी, मेटल, रियल्टी, प्राइवेट बैंक और सर्विसेज इंडेक्स भी उछाल के साथ बंद हुए। वहीं फार्मा,एनर्जी, इन्फ्रा और कमोडिटी इंडेक्स नीचे आये। निफ्टी पैक में इन्फोसिस, एचसीएल टेक, टीसीएस, श्रीराम फाइनेंस, एक्सिस बैंक, ओएनजीसी, कोटक महिंद्रा बैंक, विप्रो, टाइटन, टेक महिंद्रा, टाटा मोटर्स, हिंडाल्को, टाटा स्टील, एलएंडटी, आईटीसी और बजाज फाइनेंस के शेयर लाभ में रहे जबकि इंटरग्लोब एविएशन, आयशर मोटर्स, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, जेएसडब्ल्यू स्टील, नेस्ले के शेयर गिरे। आज कारोबार के दौरान लार्जकैप की जगह पर मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में कमजोरी आई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 38.30 अंक की कमजोरी के साथ 59,371 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 9.20 की हल्की गिरावट के साथ 18,291.45 पर बंद हुआ।




इससे पहले आज सुबह बाजार की शुरुआत मजबूती के साथ हुई। बीएसई सेंसेक्स 727.81 अंक की बढ़त के साथ 85,154.15 पर खुला, वहीं निफ्टी50 ने 26,000 के स्तर को फिर से पार करते हुए 188.60 अंक उछाल के साथ 26,057.20 पर कारोबार शुरू किया। वहीं एशियाई बाजारों में गुरुवार को कमजोरी रही। जापान का निकी 225 इंडेक्स 0.1 फीसदी नीचे, हांगकांग का हांग सेंग इंडेक्स 0.22 फीसदी गिरा और दक्षिण कोरिया का कोस्पी इंडेक्स 0.09 फीसदी कम हुआ।

यह गिरावट वॉल स्ट्रीट में अमेरिकी बाजारों की कमजोरी और अमेरिका-चीन व्यापार तनाव की चिंताओं के कारण आई। अमेरिकी बाजारों में भी बुधवार को गिरावट रही।


अमेरिकी सरकार के शटडाउन के चौथे सप्ताह में प्रवेश और व्यापार तनाव के चलते तकनीकी शेयरों पर दबाव देखा गया। नैस्डेक 0.9 फीसदी , डाउ जोंस 0.7 फीसदी और एसएंडपी 500 0.5 फीसदी नीचे बंद हुआ।

# भारत-ईयू एफटीए की 14वीं वार्ता बेनतीजा, प्रमुख मुद्दों पर मतभेद कायम

**ब्रसेल्स में हुई बैठक में बाजार पहुंच, निवेश और पर्यावरणीय मानकों पर टकराव**

**नई दिल्ली**

भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) की 14वीं दौर की वार्ता ब्रसेल्स में 6 से 10 अक्टूबर तक चली, परंतु कोई ठोस सफलता नहीं मिल सकी। वस्तुओं एवं बाजार पहुंच, निवेश, और व्यापार व सतत विकास से जुड़े मुद्दों पर मतभेद कायम रहे। रिपोर्ट के अनुसार, निवेश अध्याय में भारत के संशोधित प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान कई प्रमुख बिंदुओं पर पर्याप्त भिन्नता बनी रही। फिर भी दोनों पक्षों के बीच रचनात्मक चर्चा हुई और व्यापार व सतत विकास से संबंधित कुछ प्रावधानों में प्रगति दर्ज की गई। वार्ता में दोनों पक्षों ने बाजार पहुंच पर शुल्क उदारीकरण, लचीलेपन और अपनी-अपनी 'रेड लाइन्स' को लेकर विचार साझा किए। हालांकि उदारीकरण के स्तर और टैरिफ खत्म करने की प्रक्रिया पर अब भी मतभेद बरकरार हैं। यूरोपीय संघ कार, वाइन, स्पिरिट और कृषि उत्पादों पर अधिक बाजार पहुंच चाहता है, जबकि भारत इन क्षेत्रों को संवेदनशील मानता है। भारत की प्राथमिकता सुरक्षा, पैकेजिंग और पर्यावरणीय मानकों, विशेष रूप से कार्बन बॉर्डर एडजस्टमेंट मैकेनिज्म से संबंधित गैर-शुल्कीय बाधाओं को सुलझाने की है। वार्ता के बाद एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि कृषि, ऑटोमोबाइल और सीबीएएम से जुड़े मुद्दों का समाधान समझौते के अंतिम दौर में किया जाएगा। दोनों पक्ष इस समझौते को शीघ्र निष्कर्ष तक पहुंचाने के प्रयास में हैं और



वर्ष 2025 के अंत तक इसे अंतिम रूप देने का लक्ष्य रखा गया है। इस बीच, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के ब्रसेल्स दौरे की संभावना है ताकि वार्ता को गति दी जा सके।

## भारत में अक्टूबर में यूपीआई से हर दिन 94,000 करोड़ का ट्रांजेक्शन हुआ




**नई दिल्ली** नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) के अनुसार अक्टूबर में यूपीआई के जरिए रोजाना औसतन 94,000 करोड़ रुपए के ट्रांजेक्शन हुए, जो सितंबर की तुलना में 13 फीसदी अधिक हैं। दिवाली की खरीदारी और हाल ही में जीएसटी कटौती ने इस उछाल को बढ़ावा दिया है। दिवाली की पूर्व संध्या पर 74 करोड़ ट्रांजैक्शन दर्ज कर यूपीआई ने नया रिकॉर्ड बनाया। अक्टूबर में अब तक रोजाना औसतन 6.95 अरब ट्रांजेक्शन हुए, जो सितंबर के 6.54 अरब से लगभग 6 फीसदी ज्यादा हैं। इस महीने छह बार ट्रांजेक्शन वैल्यू 1 लाख करोड़ रुपए से ऊपर पहुंची, जबकि सितंबर में यह तीन बार हुई थी। विशेषज्ञों का मानना है कि अक्टूबर में कुल ट्रांजेक्शन वैल्यू 28 लाख करोड़ रुपए पार कर सकती है। मोबाइल इंटरनेट की बेहतर पहुंच और क्यूआर कोड से पेमेंट सुविधा ने डिजिटल ट्रांजेक्शन को हर वर्ग तक पहुंचाया है। फेस्टिव सीजन, बोनस और डिस्काउंट्स के कारण डिजिटल खर्च में पहले से ज्यादा वृद्धि हुई है।

# जीएसटी घटने का लोगों को नहीं मिल रहा फायदा, 10 से 20 फीसदी बढ़ गईं कीमतें

**सरकार ने कई सेवाओं पर इनपुट टैक्स क्रेडिट का विकल्प कर दिया खत्म**

**नई दिल्ली**

22 सितंबर से जीएसटी की दर 18फीसदी से घटाकर 5फीसदी कर दी गई थी। सरकार का उद्देश्य था कि सैलून, जिम, फिटनेस सेंटर और योग क्लास जैसी सेवाएं आम लोगों के लिए सस्ती हों, लेकिन हुआ उलटा कीमतें घटने के बजाय 10 से 20 फीसदी तक बढ़ गई हैं। इस स्थिति ने ग्राहकों और कारोबारियों, दोनों को हैरान कर दिया है।दरअसल सरकार ने इन सेवाओं पर इनपुट टैक्स क्रेडिट का विकल्प खत्म कर दिया है। आईटीसी एक ऐसा प्रावधान होता है, जिससे व्यवसाय अपने खर्चों पर पहले से दिए गए टैक्स का कुछ हिस्सा वापस ले सकते हैं, लेकिन अब जब यह सुविधा बंद हो गई, तो सैलून, जिम और फिटनेस सेंटर जैसे व्यवसायों को इन सभी खर्चों पर पूरा जीएसटी खुद वहन करना पड़ रहा है। इससे उनकी कुल लागत बढ़ गई है, जिसका बोझ अंततः ग्राहकों पर डालना पड़ा।रिपोर्ट के मुताबिक कई बड़े सैलून चेन मालिकों ने बताया कि उन्होंने नई जीएसटी दर लागू होने से पहले ही कीमतों में बढ़ोतरी कर दी थी। उनका कहना है कि वे ग्राहकों को सस्ती सेवाएं देना चाहते हैं, लेकिन आईटीसी न मिलने से उनका मुनाफा प्रभावित हुआ है। अगर वे पुराने दामों पर ही सेवाएं देते रहेंगे, तो उन्हें नुकसान होगा। इसलिए उन्हें मजबूरी में कीमतें बढ़ानी पड़ीं।

इस तरह, जिम, फिटनेस सेंटर और योगा क्लब भी महंगाई का असर अपने ग्राहकों पर डाल रहे हैं। खासकर असंगठित क्षेत्र में यह प्रभाव ज्यादा दिख रहा है, जहां मूल्य नियंत्रण या निगरानी की कोई स्पष्ट व्यवस्था नहीं है।रिपोर्ट के मुताबिक सरकार के अधिकारियों ने स्वीकारा कि आईटीसी हटाए जाने के बाद कुछ सेवाओं की कीमतें बढ़ी हैं और इसका लाभ ग्राहकों तक नहीं पहुंच पाया। सरकार को इस मामले में कई शिकायतें भी मिली हैं। संगठित क्षेत्र में कुछ मामलों में कार्रवाई की गई है, हालांकि असंगठित क्षेत्र में मूल्य नियंत्रण करना चुनौतीपूर्ण साबित हो रहा है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यदि कोई सेवा प्रदाता जरूरत से ज्यादा जीएसटी वसूलता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## आरबीआई का सोना भंडार सितंबर 2025 तक 880 टन के पार

**आरबीआई ने वित्त वर्ष 2025-26 की पहली छमाही में कुल 0.6 टन सोना खरीदा**

**नई दिल्ली**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने अपने सोने के भंडार में लगातार वृद्धि जारी रखी है। सितंबर 2025 के अंत तक आरबीआई का कुल सोना भंडार 880 टन से अधिक हो गया है। यह आंकड़ा वित्त वर्ष 2024-25 के अंत में 879.58 टन था। हाल ही में जारी आंकड़ों के अनुसार, आरबीआई ने वित्त वर्ष 2025-26 की पहली छमाही में कुल 0.6 टन सोना खरीदा, जिसमें केवल सितंबर के अंतिम सप्ताह में 0.2 टन का इजाफा हुआ। 26 सितंबर 2025 तक आरबीआई के सोने का कुल मूल्य लगभग 95 अरब डॉलर था। वैश्विक आर्थिक और भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के कारण निवेशक सुरक्षित विकल्पों की तलाश में हैं, जिसके चलते सोने की मांग में इजाफा हुआ है। आरबीआई समेत कई केंद्रीय बैंक और निवेशक इस सुरक्षित निवेश की तरफ आकर्षित हो रहे हैं। छले वित्त वर्ष 2024-25 में आरबीआई ने कुल 54.13 टन सोना भंडार में जोड़ा था। यह वृद्धि न केवल वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के चलते हुई है, बल्कि सोने को वित्तीय परिसंपत्ति के रूप में देखे जाने की वजह से भी है। सोने की कीमतों में हुई



बढ़ोतरी ने घरेलू स्तर पर भी इस धातु की मांग को प्रोत्साहित किया है। आरबीआई का सोने का भंडार लगातार बढ़ना देश की आर्थिक सुरक्षा के लिहाज से महत्वपूर्ण है।

# टेस्ला की तीसरी तिमाही में मुनाफा गिरा, लेकिन बिक्री रिकॉर्ड स्तर पर

**कंपनी का मुनाफा घटकर 1.4 अरब डॉलर रह गया, कुल कमाई 28.1 अरब डॉलर पहुंची**

**नई दिल्ली**



टेस्ला ने तीसरी तिमाही में रिकॉर्ड बिक्री दर्ज की, लेकिन कंपनी का मुनाफा 37 प्रतिशत घटकर 1.4 अरब डॉलर रह गया। इस दौरान कुल कमाई 28.1 अरब डॉलर पहुंची, जो विशेषज्ञों की उम्मीदों से अधिक थी। प्रति शेयर मुनाफा 50 सेंट रहा, जबकि एनालिस्ट्स ने 55 सेंट का अनुमान लगाया था। ग्रॉस मार्जिन 18 प्रतिशत पर बना रहा। एक्सटेंडेड ट्रेडिंग में कंपनी के शेयर 2 प्रतिशत गिर गए। टेस्ला के ऑपरेटिंग खर्च 3.4 अरब डॉलर तक पहुंच गए, जो पिछले साल की तुलना में 50 प्रतिशत अधिक हैं। महंगाई, इंपोर्ट टैरिफ और अन्य खर्चों ने कंपनी के मुनाफे को प्रभावित किया है। हालांकि, फ्री कैश फ्लो करीब 4 अरब डॉलर रहा, जो पिछले साल से बेहतर है और विशेषज्ञों के अनुमान से अधिक है। अमेरिका में 7,500 डॉलर का टैक्स क्रेडिट सितंबर के अंत तक उपलब्ध था, जिससे बिक्री में तेजी आई। हालांकि, ट्रंप प्रशासन की नीतिगत बदलावों के कारण रेगुलेटरी क्रेडिट की मांग में कमी आई है, जिससे कंपनी को कुछ नुकसान हुआ है। टेस्ला ने बताया कि ट्रेड और टैरिफ पॉलिसी में बदलावों के कारण शॉर्ट टर्म अनिश्चितता बनी हुई है, लेकिन कंपनी लंबी अवधि की ग्रोथ पर ध्यान केंद्रित कर रही है। भारत में मॉडल वाई की बुकिंग मात्र 600 रही, जो उम्मीद से कम है। कंपनी ऑटोनॉमस टेक्नोलॉजी और नए प्रोडक्ट्स पर जोर दे रही है, लेकिन लागत नियंत्रण और नीतिगत चुनौतियां अभी बनी हुई हैं। टेस्ला की टीम का मानना है कि भविष्य ऑटोनॉमी और तकनीकी नवाचारों में है। इस साल टेस्ला के शेयर 9 प्रतिशत बढ़े हैं, लेकिन मेगाकैप कंपनियों के मुकाबले कमजोर प्रदर्शन दिखा रहा है। निवेशक एलन मस्क की भविष्य की योजनाओं पर भरोसा करते हैं।

## सरकार एमएसएमई के लिए एक नया सुधार पैकेज लाने की तैयारी में

**छोटे उद्योगों पर कर और नियमों का बोझ होगा कम**

**नई दिल्ली**




सरकार एमएसएमई के लिए एक नया सुधार पैकेज लाने की तैयारी कर रही है। पीएमओ इस दिशा में एमएसएमई मंत्रालय और वित्त मंत्रालय के साथ मिलकर काम कर रहा है।

इस पहल का मकसद छोटे उद्योगों पर कर और नियमों का बोझ कम करना और उनकी लागत पर टिके रहने की क्षमता बढ़ाना है। यह पैकेज साल के अंत तक घोषित किया जा सकता है।

जानकारी के मुताबिक, यह पूरी तैयारी तीन चरणों में हो रही है। पहले चरण में स्थानीय स्तर पर वर्कशॉप, दूसरे में नवंबर में सात शहरों में क्षेत्रीय सम्मेलन, और अंत में राष्ट्रीय सम्मेलन किया जाएगा।

इन बैठकों के जरिए जमीन से जुड़ी राय और सुझाव इकट्ठे कर अंतिम सुधार पैकेज तैयार किया जाएगा। एक अधिकारी के अनुसार इन सुधारों को नीचे से ऊपर की दिशा में तैयार किया जा रहा है।

जोनल बैठकों के ज़रिए हर क्षेत्र की परेशानियाँ और ज़रूरतें समझी जाएँगी, और फिर राष्ट्रीय स्तर पर इनके आधार पर सिफारिशें तैयार की जाएंगी। दस्तावेजों के मुताबिक, यह पूरी चर्चा दो बातों पर केंद्रित है - खर्च कम करना और काम की क्षमता बढ़ाना।

सरकार ने एमएसएमई इकाइयों से पैसे की लागत, कच्चे माल, माल ढुलाई, बिक्री, नियमों और क्वालिटी से जुड़ी बातों पर सुझाव मांगे हैं।

इसके साथ ही, मंत्रालय ने यह भी कहा है कि तकनीक, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और नए विचारों (नवाचार) की मदद से देशभर में मैन्युफैक्चरिंग को मजबूत बनाने के तरीके सुझाए जाएं।एमएसएमई मंत्रालय नवंबर के मध्य तक अपनी सिफारिशें प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) को भेजने की योजना बना रहा है। इसके बाद वित्त मंत्रालय इन सुझावों की जाच और समीक्षा करेगा, ताकि यह समझा जा सके कि इनका सरकारी खर्च और नीतियों पर क्या असर पड़ेगा। इसके बाद अंतिम सुधार पैकेज को मंजूरी के लिए तैयार किया जाएगा।

# महागठबंधन का एलान: तेजस्वी यादव होंगे मुख्यमंत्री का चेहरा




## सहनी की जिद पूरी], अशोक गहलोत बोले- डिप्टी सीएम एक से ज्यादा होंगे

**पटना।** बिहार चुनाव को लेकर महागठबंधन ने गुरुवार को संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में अपने मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री पद के चेहरों का एलान कर दिया। महागठबंधन ने स्पष्ट कहा कि पूरा गठबंधन एकजुट है। बिहार में बदलाव लाने के लिए तैयार है। महागठबंधन में मुख्यमंत्री का चेहरा तेजस्वी यादव होंगे। वहीं मुकेश सहनी को महागठबंधन ने उपमुख्यमंत्री पद का चेहरा घोषित किया गया है। कांग्रेस नेता अशोक गहलोत ने कहा कि, सरकार बनने पर अन्य वर्गों से भी उपमुख्यमंत्री बनाएं जाएंगे। सभी दलों ने एक स्वर में कहा कि भारी बहुमत से हमलोग सरकार बनाने जा रहे हैं। वहीं वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी ने कहा कि हमलोग पिछले साढ़े तीन साल से इस समय का इंतजार कर रहे थे। हमलोगों ने प्रण लिया था कि जब तक भाजपा को तोड़ेंगे नहीं, तब तक छोड़ेंगे नहीं। आज वह समय आ चुका है। चुनाव के बाद बिहार की जनता भाजपा को खदेड़ देगी। महागठबंधन की सरकार बनने जा रही है।वहीं भाकपा माले के वरिष्ठ नेता दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा कि 2020 के विधानसभा चुनाव में कुछ चंद सीटों के कारण हमलोग सरकार नहीं बना पाए। आज फिर से वह समय आया है। नीतीश सरकार ने छात्रों के साथ अन्याय किया। उनपर लाठियां बरसाई। महिलाओं को रोजगार योजना के नाम पर 10 हजार देकर छल किया। पूरे देश में लोगों की आशंका है कि क्या बिहार में



महाराष्ट्र चुनाव वाला किस्सा दोहराया जाएगा। लेकिन, हम लोगों को आश्वास्त करते हैं कि बिहार बिल्कुल तैयार है। महागठबंधन के सातों दल पूरी एकता के साथ बदलाव के एजेंडे को पूरा करेंगे। वहीं राजस्थान के सीएम अशोक गहलोत ने कहा कि इंडिया गठबंधन ने लोकसभा चुनाव में एनडीए को अच्छी टक्कर दी। पिछले चुनाव में महागठबंधन मामूली वोटों के अंतर से पीछे रह गए। एनडीए संवैधानिक संस्थाओं को दुरुपयोग कर खेला करना चाहता है। यह लोग चुनाव जीतने के लिए कुछ भी करने के लिए तैयार हैं। इस चुनाव में अगले मुख्यमंत्री के रूप में हमलोग तेजस्वी यादव को चुनते हैं। वह नौजवान हैं। जो कहते हैं करते हैं। अब तक जो वादे किए, उसमें खड़े उतरे। इसलिए महागठबंधन ने फैसला लिया है कि हमलोगों का मुख्यमंत्री चेहरा तेजस्वी यादव ही होंगे।

वहीं अशोक गहलोत ने कहा कि मुकेश सहनी की पार्टी महागठबंधन के प्रमुख दलों में से एक हैं। उनकी छवि को देखते हुए महागठबंधन उन्हें डिप्टी सीएम का फेस घोषित करता है। तेजस्वी यादव ने कहा कि महागठबंधन को नया बिहार बनाना है। इसलिए हमलोग एकजुट हुए हैं। हमलोग इस निकम्मी सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प ले चुके हैं। तेजस्वी यादव ने कहा कि सीएम नीतीश कुमार के साथ एनडीए में अन्याय किया गया है। एनडीए ने एक बार भी संयुक्त प्रेस वार्ता नहीं की। अब तक मुख्यमंत्री का चेहरा नीतीश कुमार को घोषित किया गया है। इस पर गृह मंत्री अमित शाह ने मुहर लगा दी है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि विधायक दल का नेता मुख्यमंत्री तय करेगा। लेकिन, क्या कारण है कि आपलोग नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री का चेहरा नहीं घोषित कर रहे हैं? आपलोग पिछले 20 साल में कई जगह मुख्यमंत्री का चेहरा चुनाव से पहले घोषित कर चुके हैं। पिछले चुनाव में भी आपलोगों ने नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित कर दिया था। लेकिन, इस बार क्या कारण है कि उन्हें सीएम फेस घोषित नहीं कर रहे हैं। तेजस्वी यादव ने आरोप लगाया कि भाजपा, सीएम नीतीश कुमार की पार्टी को खत्म करना चाहती है। उन्होंने कहा कि भाजपा की केंद्र में सरकार हैं लेकिन देश का सबसे ज्यादा गरीब और पिछड़ा राज्य बिहार है। अभी 70 हजार का घोटाले की बात आई सीएजी की रिपोर्ट में लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। सृजन घोटला और बालिका गृह में क्या हुआ? यह सबने देखा। एनडीए सरकार में लगातार पुल गिर रहे हैं। चूहे शराब पी रहे हैं। रोज गोलियां चलती है। यहीं बगल में गोपाल खेमका की हत्या हो गई। मेरे घर के बाहर गोलियां चली लेकिन कुछ नहीं हुआ। लगातार भ्रष्टाचार और अफसरसाही से लोग परेशान हो चुकी हैं। यह लोग प्रचार में भी चले गए लेकिन एक भी एजेंडा नहीं बताया कि अगले पांच साल में क्या करेंगे। अब तक पीएम मोदी या गृह मंत्री अमित शाह ने अपना एजेंडा नहीं रखा। यह लोग महागठबंधन का नकल करने में लगे हुए है। हमलोग जिस योजना की बात करते हैं, उसका नकल यह लोग कर लेते हैं। तेजस्वी यादव ने कहा कि एनडीए वाले नकलची हैं। इनके नेता थके हुए हैं। यह लोग बिहार को ठगने में लगे हुए हैं। हमलोगों ने पांच लाख नौकरियां दी।

# मुंगेर-बेगूसराय में पीएम मोदी की रैली को लेकर हाई अलर्ट



## गिरिराज सिंह ने विपक्ष को चेतावनी दी

**मुंगेर।** बिहार विधानसभा चुनाव के मद्देनजर बेगूसराय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 24 अक्टूबर को होने वाली सभा को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में हैं। एनडीए कार्यकताओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है, वहीं प्रशासन सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पूरी तरह सतर्क है। पीएम मोदी की सभा को ऐतिहासिक बनाने के लिए सभी स्तरों पर तैयारियां जारी हैं। इसी बीच कार्यक्रम स्थल उलाव एयरपोर्ट पर केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा कि जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बेगूसराय में चुनावी सभा करेंगे, तो ह्मझूठे वादे और वोट काटने वाली पार्टियों का मनोबल धराशायी हो जाएगा।ह्व गिरिराज सिंह ने दावा किया कि बेगूसराय की सातों विधानसभा सीटों पर एनडीए की जीत तय है और बिहार में एक बार फिर एनडीए की मजबूत सरकार बनेगी।गिरिराज सिंह ने महागठबंधन पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि लालू प्रसाद यादव के काफी मिन्नतों के बाद आखिरकार तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित किया गया। उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव का घोषणापत्र पूरी तरह से छलावा है। जीविका दीदियों को 30,000 रुपये महीना देने का वादा महज चुनावी भ्रम है। उन्होंने सवाल उठाया कि तेजस्वी यादव अपने पुराने वादों, जैसे शिक्षकों को समान काम का समान वेतन देने की बात पर कब तक चुप रहेंगे।केंद्रीय मंत्री ने कांग्रेस पर भी निशाना साधते हुए देहाती अंदाज में कहा, किसी के आने से कुछ नहीं होगा, मुंस मोटहेय ल होई हैं।

## आठ महिला पुलिसकर्मी निलंबित

**दरभंगा।** छठ पर्व के अवसर पर विशेष ड्यूटी पर तैनात आठ महिला पुलिस कर्मियों के ड्यूटी से गायब पाए जाने के बाद एसएसपी जगुनाथ रेड्डी ने बड़ी कार्यवाई करते हुए उन्हें निलंबित कर दिया है। इसके साथ ही उन्होंने विभागीय कार्यवाई के भी आदेश दिए हैं। इस कार्रवाई से जिले में हड़कंप मच गया है। जानकारी के अनुसार निलंबित महिला पुलिसकर्मियों में विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र की कंचन कुमारी, संगीता कुमारी, सुक्रिति कुमारी, बाबुल कुमारी और बहादुरपुर थाना क्षेत्र की कोमल, श्वेता, नीतिका कुमारी, ममता कुमारी शामिल हैं। सभी के खिलाफ थानाध्यक्षों द्वारा जांच के दौरान ड्यूटी से अनुपस्थिति की रिपोर्ट एसएसपी को दी गई थी।

## संक्षिप्त डायरी

### जयपुर से मधुबनी जा रही बस गोपालगंज में पलटी, 2 दर्जन से अधिक यात्री घायल



**कुचायकोट (गोपालगंज)।** गुरुवार तड़के एनएच-27 पर जयपुर से मधुबनी जा रही एक लग्जरी बस कुशीनगर जिले के तरेया सुजान थाना क्षेत्र के बहादुरपुर पुलिस चौकी के पास अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में दो दर्जन से अधिक यात्री गंभीर रूप से घायल हुए। सभी यात्री बिहार के मधुबनी, दरभंगा, समस्तीपुर, चनपटिया और आसपास के क्षेत्र के बताए जा रहे हैं। सूचना मिलते ही उत्तर प्रदेश पुलिस और स्थानीय प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू किया। घायलों को प्राथमिक इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तमकुहीराज भेजा गया, जबकि गंभीर रूप से घायल यात्रियों को कुशीनगर सदर अस्पताल रेफर किया गया।कुचायकोट प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनील कुमार मिश्रा और सीओ मणि भूषण कुमार भी मौके पर पहुंचकर राहत कार्य में सहयोग किया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बस चालक की झपकी लेने से अनियंत्रित हुई और डिवाइडर से टकराकर पलट गई। बस में क्षमता से अधिक यात्री और छत पर भारी मात्रा में छठ पूजा का सामान लदे होने के कारण वाहन का संतुलन बिगड़ गया। घायलों में मधुबनी जिले के सुमही निवासी विजय महतो, पत्नी बबीता देवी और तीन बेटियां अनामिका, आंचल कुमारी और शिवानी, दरभंगा निवासी विजय मिश्रा, मधुबनी के उरा मंडल, किरण कुमारी, बसंतपुर के बेचन राम, मुबारकपुर की रेणु देवी, कमालपुर के रामकरण, मधुबनी के चंदन, समस्तीपुर की तेतरी देवी, चनपटिया निवासी विमला देवी और विजय कुमार शामिल हैं। घायलों में आधा दर्जन की स्थिति नाजुक होने के कारण उन्हें सदर अस्पताल कुशीनगर रेफर किया गया, जबकि अन्य का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया जा रहा है। हादसे के कारण बिहार-उत्तर प्रदेश सीमा पर लगभग एक किलोमीटर लंबा जाम लग गया, जो तीन घंटे बाद सामान्य हुआ।

### वीटीआर के गोवर्धना-मंगुराहा में जंगल सफारी: दो वाहनों को दिखाई हरि झंडी



वीटीआर के गोवर्धना और मंगुराहा वन क्षेत्रों में गुरुवार से पर्यटकों के लिए जंगल सफारी का शुभारंभ हो गया है। गोवर्धना रेंज के रेंजर सुनील कुमार पाठक ने मंगुराहा से दो जंगल सफारी वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पर्यटकों की सुविधा के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। मंगुराहा व गोवर्धना में ठहरने के लिए भी व्यवस्था सशुल्क है। इस सफारी के माध्यम से पर्यटक बाघ, भालू, हिरण, नीलगाय और विभिन्न प्रजातियों के रंग-बिरंगे पक्षियों का दीदार करेंगे। सफारी शुरू होने से जंगल परिसर में एक बार फिर चहल-पहल बढ़ गई है और पर्यटन स्थल गुलजार हो गया है। सत्र के पहले दिन पर्यटक राजन साह ने अपने दोस्तों अवध महतो के साथ जंगल सफारी का अनुभव लिया। उन्होंने बताया कि उन्होंने जंगल के अंदर हिरण देखा। राजन साह ने अगली बार बाघ देखने के लिए दोबारा जंगल सफारी करने की इच्छा व्यक्त की। रेंजर ने जानकारी दी कि गोवर्धना में 'परेवादह' स्थल पर्यटकों के लिए एक प्रमुख आकर्षण केंद्र है। वहीं, ललभीतिया में सूर्यास्त और सूर्योदय के मनमोहक दृश्य पर्यटकों को विशेष रूप से आकर्षित करते हैं।

# पटना पाइरेट्स ने दिल्ली को हराया, रैंकिंग में बड़ा उछाल



**पटना।** पटना पाइरेट्स ने नई दिल्ली के त्यागराज इंडोर स्टेडियम में खेले गए प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के 12वें सीजन के 105वें मैच में दबंग दिल्ली केसी की बी टीम को 61-26 के अतंर से हराकर अंक तालिका में आठवां स्थान हासिल कर लिया है। पटना को अभी जयपुर पिंक पैंथर्स के खिलाफ खेलना है और वह मैच जीतकर अयान (20) की यह टीम अंतिम रूप से प्लेआफ खेलने वाली आठवीं टीम बन सकती है। अयान के अलावा पटना की जीत में अंकित (11) ने भी अहम भूमिका अदा की। साथ ही डिफेंस में नवदीप (6) और दीपक (3) ने प्रभावित किया। पहले ही टाप-2 में जगह बना चुकी दिल्ली ने इस मैच के लिए अपने सभी प्रमुख खिलाड़ियों को आराम दिया था। दिल्ली के लिए अक्षित ने सुपर-10 लगाया जबकि डिफेंस में रमन सिंह (4) ने प्रभावित किया। यह दिल्ली का अंतिम मैच था।बिहार की महिला अंडर-19 टी-20 टीम गुरुवार को पटना एयरपोर्ट से औरंगाबाद (महाराष्ट्र) के लिए रवाना हो गई, जहां टीम आगामी बीसीसीआइ द्वारा आयोजित टूनामेंट में 26 अक्टूबर को मैदान पर उतरेगी। टीम को बिहार क्रिकेट एसोसिएशन (बीसीए) के पदाधिकारियों ने शुभकामनाएं देते हुए विदा किया। प्रदेश की टीम की कमान पूर्वी चंपारण की अक्षरा गुप्ता के हाथों में होगी, जबकि सिवान की जूली कुमारी उपकप्तान के रूप में टीम का नेतृत्व करेंगी। टीम में विभिन्न जिलों से चयनित खिलाड़ी शामिल हैं, जिन्होंने अपने प्रभावी प्रदर्शन के दम पर जगह बनाई है।

# नड्डा बोले: बिहार में विकास बनाम विनाश की लड़ाई, लालू की पार्टी इन चीजों की प्रतीक बन गई

**औरंगाबाद।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने बिहार के औरंगाबाद के गोह विधानसभा क्षेत्र के हसपुरा और वैशाली पातेपुर विधानसभा क्षेत्र में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने महागठबंधन और लालू परिवार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि लालू प्रसाद यादव की पार्टी रंगदारी, जंगलराज और दादागीरी का प्रतीक बन चुकी है। वहीं एनडीए सरकार विकास का प्रतीक है। बिहार चुनाव में इस बार विकास बनाम विनाश की लड़ाई है। जनता को 15 साल का जंगलराज याद है। वह कुछ भी भूली नहीं है। केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने औरंगाबाद के गोह विधानसभा क्षेत्र के हसपुरा के हाई स्कूल बड़ी मैंदान में एनडीए समर्थित भाजपा प्रत्याशी डॉ. रणविजय कुमार के समर्थन में गुरुवार को आयोजित चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र और बिहार की सरकार राज्य के सभी क्षेत्रों में विकास कर रही है। कहा कि विपक्षी महागठबंधन



रंगदारी, जंगलराज और दादागिरी के बल पर सरकार बनाना चाह रही है, जिसे बिहार की जनता कतई बर्दाश्त नहीं करेगी। इस बार बिहार में एनडीए की पूर्ण बहुमत की सरकार बनेगी। नड्डा ने कहा कि इसी बिहार में लालू राज में लोग दिन में रोड पर चलने से डरते थे, आज रात के 12 बजे भी कोई कहीं भी आ जा सकता है। यह नीतीश कुमार और डबल इंजन वाली केंद्र व राज्य सरकार की देन है। वहीं सभा को संबोधित करते हुए बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि गोह विधानसभा की सीट यहां के लोगों के लिए प्रतिष्ठा का सवाल है, आपके यहां से डॉ. रणविजय कुमार नहीं सम्राट चौधरी चुनाव लड़ रहा है। इसलिए जनता से निवेदन है आप सभी एक-एक मत देकर व दिलवाकर रणविजय कुमार को रिकॉर्ड मतों से विजयी बनाएं। वही गोह विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी डॉ. रणविजय कुमार ने चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि जिनके दम पर आज भी मेरा अस्तित्व जिंदा है, वह आप हसपुरा और गोह की देवतुल्य जनता की बदौलत है। आप लोगों का प्यार ही हैं, जिससे कि मुझे हमेशा समाज की सेवा करने की प्रेरणा मिलती है। कहा कि मेरी प्रतिज्ञा है कि जनता के कभी मान सम्मान पर आंच नहीं आने दूंगा। चुनाव जीतने पर हमारा एक-एक कार्यकर्त्ता खुद को रणविजय कुमार समझेगा। कहा कि मैंने हमेशा जाति धर्म से ऊपर उठकर राजनीति की है, उसी का परिणाम है कि मेरी हर जाति धर्म समाज में वोट है। सभा में उत्तर प्रदेश सरकार के खाद्य पूर्ति मंत्री सतीश शर्मा, लोजपा (रामविलास) के जिलाध्यक्ष चंद्रभूषण कुमार सिंह उर्फ सोनू सिंह, गोह विधानसभा के पांचो मंडल अध्यक्ष विनोद शर्मा, चंद्रकांत मुन्ना, राजीव विद्यार्थी, उमेश पासवान, राजकुमार चंद्रवंशी, विजय अकेला, राजीव रंजन उर्फ नन्हका बाबू, विनोद कुशवाहा, संजीत शर्मा, बबन सिंह,सुरेंद्र सिंह, संतोष शर्मा, नन्दन यादव, राहुल शर्मा, शैलेश शर्मा सहित सभी घटक दल के जिलाध्यक्ष व मंडल अध्यक्ष एवं कार्यकताओं ने भी विचार रखे। कहा कि केंद्र और बिहार सरकार हर क्षेत्र में विकास कर रही है। इस दौरान कार्यकत्ताओं में नड्डा को देखने व सुनने को लेकर खासा उत्साह देखा गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा के जिलाध्यक्ष विजेंद्र चंद्रवंशी ने किया, जबकि संचालन पूर्व जिला महामंत्री रविशंकर शर्मा एवं महामंत्री वैभव विकास उर्फ टैगोर ने किया।

# बाहुबली मुन्ना शुक्ला की बेटी शिवानी को किसने दी धमकी? पुलिस जांच में बड़ा खुलासा

**लालगंज।** पुलिस कंट्रोल रूम व करताहां थानाध्यक्ष के मोबाइल पर फोन कर लालगंज के पूर्व विधायक बाहुबली मुन्ना शुक्ला की पुत्री व लालगंज विधानसभा क्षेत्र से राजद उम्मीदवार शिवानी शुक्ला की हत्या की धमकी देने वाले आरोपित के भाई को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही राजद उम्मीदवार की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। इस मामले में करताहां थानाध्यक्ष कुणाल आजाद ने गिरफ्तार आरोपित करताहां थाना के धनुषी निवादी रंधीर कुमार, पिता-राजेंद्र कुंवर तथा उसके भाई रंजीत कुंवर के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है। हत्या की धमकी रंजीत कुंवर ने ही फोन पर दी थी। वह फिलहाल हैदराबाद में रहता है। वह हाजीपुर में हत्या और हैदराबाद में दुष्कर्म के मामले में जेल भी जा चुकी है।इस मामले में एसडीपीओ सदर-2 गोपाल मंडल ने बताया कि बीते गुरुवार को जिला कंट्रोल रूम से



करताहां थानाध्यक्ष को सूचना दी गई कि मोबाइल नंबर-7479749222 से एक व्यक्ति ने सूचना दी है कि घटारो में कोई बड़ी घटना होने वाली है। थानाध्यक्ष ने जब उस नंबर पर फोन किया तो नंबर स्विच ऑफ आ रहा था। देर शाम करीब 6.56 पर करताहां थाना के सरकारी नंबर पर उस नंबर से फोन आया। फोन करने वाले व्यक्ति ने थानाध्यक्ष से कहा कि राजद उम्मीदवार शिवानी शुक्ला के पास काफी पैसा है। अगर वह रंगदारी नहीं देगी तो घटारो आने पर उसको गोली मार देंगे। बचा सकते हैं, तो बचा लीजिए। इसके बाद पुलिस अलर्ट हो गई। जिला तकनीकी शाखा से जब उसका एसडीआर निकाला गया तो पता चला कि वह नंबर रंधीर कुमार का है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपित ने पुलिस को बताया कि जिस नंबर से धमकी दी गई है, वह नंबर उसके नाम पर रजिस्टर्ड है, लेकिन उसका उपयोग हैदराबाद में रह रहा उसका भाई रंजीत कुंवर करता है। जिला तकनीकी शाखा के सहयोग से जब मोबाइल का टावर लोकेशन पता किया गया तो वह हैदराबाद में मिला। पूछताछ में यह भी पता चला कि आरोपित रंजीत हत्या के मामले में हाजीपुर जेल तथा हैदराबाद में दुष्कर्म के एक मामले में जेल भी जा चुका है। एसडीपीओ ने बताया कि इस घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। उससे पूछताछ की जा रही है।

# नीतीश बोले: उन लोगों को वोट मत दीजिएगा

## कोई काम नहीं करते हैं सिर्फ गड़बड़ करते हैं; हमें जिताइए, विकास के काम होते रहेंगे

**छपरा।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को सारण के मांझी और मकेर में NDA कैंडिडेट्स के समर्थन में सभा की। CM ने जनता से JDU प्रत्याशी रणधीर सिंह(मांझी) और मनोरंजन सिंह उर्फ धूमल (एकमा) को जिताने की अपील की। अपने 10 मिनट के भाषण में उन्होंने लोगों को जंगलराज की याद दिलाते हुए कहा, 'आप सब जानते हैं जब 2005 में हम लोगों की सरकार बनी तब से हम लोग विकास के काम में लगे हुए हैं, उसके पहले क्या स्थिति थी। पहले के हालात बहुत बुरे थे, लोग शाम के बाद घर से नहीं निकलते थे। शाम में लोग घर में बंद रहते थे। पहले वालों ने कोई काम नहीं किया है। उन्हें वोट मत दीजिएगा। हम लोगों को जिताएगा, विकास के काम लगातार होते रहेंगे।' मुख्यमंत्री ने आगे कहा, 'बिहार के विकास का काम हो रहा है, किसी भी प्रकार के डर या भय का वातावरण नहीं है। प्रेम और भाईचारे का माहौल है। पहले हिंदू-मुस्लिम का झगड़ा होता था, मंदिरों की घेराबंदी कर दी गई। पहले वाले सरकार ने कुछ नहीं किया। हम लोगों ने रोजगार और शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया, नौकरी दी और बहाली की, लड़के और लड़कियों के लिए साइकिल और पोशाक योजना चलाई, स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार किया गया, पहले स्वास्थ्य सेवा बहुत खराब थी।'



मुख्यमंत्री ने कहा, '24 नवंबर 2005 को हम लोगों की सरकार बनी थी। और तब से राज्य में कानून का राज है और हम लगातार 20 वर्षो से विकास के काम में लगे हुए हैं। और याद आपको होना चाहिए। याद है ना पहले क्या स्थिति थी। हम लोगों के सरकार के पहले जो लोग जो थे तो क्या स्थिति थी। पहले बहुत बुरा हाल था। लोग शाम के बाद घर से बाहर नहीं निकलते थे। आपको तो सबको मालूम है शाम में तो घर में रहता था। हम लोग तो कभी बाहर से जाते थे तो कोई घर से नहीं निकल पाता था। हम लोगों के घर में अंदर जाकर के मिलते थे। यही स्थिति उन लोगों की थी।' नीतीश कुमार ने कहा, 'पहले समाज में कितना विवाद होता था। कितना हिंदू मुस्लिम झगड़ा होता था। पढ़ाई का क्या हाल था। बहुत कम बच्चे पढ़ते थे। अब बहुत कम पढ़ाई होती थी। पहले इलाज का कोई पूरा इंतजाम नहीं था। सड़कें बहुत कम थीं। जो थीं उनका बुरा हाल था। अब बिजली बहुत कम जगह थी। ये सब उन लोगों के सामने यही हालत था। अब शुरू से ही जैसे ही हम लोगों की सरकार आई है बिहार के विकास का काम हो रहा है। अब किसी प्रकार के डर एवं भय का वातावरण नहीं है। राज्य में प्रेम भाईचारा एवं शांति का माहौल है। अब पहले कितना हिंदू मुस्लिम झगड़ा होता था। तो इसीलिए वर्ष 2006 से ही कब्रिस्तानों की घेराबंदी शुरू की गई। अब बड़े पैमाने पर कब्रिस्तानों की घेराबंदी की जा चुकी है। अब कोई झगड़ा झंझट नहीं होता है। इसके अलावा जो हम लोगों ने देखा था कि जो हिंदू मंदिर जो लोग था पुराने 60 वर्ष से पुराने हिंदू मंदिरों उसमें भी रात में जाकर कुछ गड़बड़ करता था। हम लोगों ने 2016 से 60 साल से पुराने हिंदू मंदिरों की घेराबंदी की। जिससे चोरी आदि की घटनाएं नहीं होती है। कोई तरह की दिक्कत नहीं। चाहे वो कब्रिस्तान की घेराबंदी हो, मुस्लिम का या हिंदुओं का भी कहीं कोई दिक्कत नहीं।'

# गुलाबी मौसम में जरा बच के...



मौसमी बदलाव की आहट आ चुकी है। सुबह-शाम ठंड और प्रदूषण वाली हल्की धुंध भी असर दिखाने लगी है। इसके साथ ही शुरू हो गई हैं सेहत से जुड़ी कई तरह की समस्याएं। लापरवाही के चलते किसी को सर्दी-जुकाम या चेस्ट कंजेशन जैसी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है तो कुछ लोग ठंड की वजह से जॉगिंग बंद करने से परेशान हैं। थोड़ी-सी सावधानी आपको इस बदलते मौसम में फिट रख सकती है

## घर पर करें वॉर्मअप

अगर आपको डायबीटीज, अस्थमा या दिल की बीमारी है तो सुबह-शाम बाहर निकलने से बचें, क्योंकि इस समय कोहरे के साथ प्रदूषण मिलकर पूरे वातावरण में फैल जाता है। इस दौरान बाहर निकलने से सांस के जरिए प्रदूषण फेफड़ों तक पहुंचकर कंजेशन बढ़ा सकता है।



इससे आपको सांस लेने में तकलीफ हो सकती है या अस्थमा का अटैक आने का खतरा बढ़ जाता है।

ऐसे में या तो धूप खिलने और आसमान साफ होने के बाद जॉगिंग या एक्सरसाइज के लिए बाहर निकलें या घर में ही एक्सरसाइज कर सकते हैं। इस मौसम में दो तरह की एक्सरसाइज आपके लिए फायदेमंद हो सकती है।

## 1. कॉर्डियोवेस्कुलर वर्कआउट

सर्दियों में शरीर में जमने वाले एक्स्ट्रा फैट का सबसे ज्यादा असर दिल पर पड़ता है। एम्स में मेडिसिन डिपार्टमेंट में प्रफेसर डॉ. ए.बी. डे का कहना है कि यह फैट दिल की धड़कनों पर बुरा असर डालता है। ऐसे में दिल से जुड़ी बीमारियों की आशंका इस मौसम में कई गुना बढ़ जाती है। वजन बढ़ने की समस्या भी इसी मौसम में ज्यादा होती है। इस तरह की परेशानी से निबटने के लिए आप घर पर ही कॉर्डियोवेस्कुलर ट्रेनिंग से जुड़ी आसान एक्सरसाइज कर सकते हैं। इसमें आपको 20 मिनट या इससे थोड़ा ज्यादा समय तक ऐसे व्यायाम करने होंगे, जो आपके दिल की धड़कनों को सामान्य से काफी तेज कर दें। घर पर आजमाई जाने वाली कॉर्डियोवेस्कुलर ट्रेनिंग के तहत अपनी जगह पर ही खड़े होकर जॉगिंग कर सकते हैं, रस्सी कूद सकते हैं, लगातार 20 से 25 बार उछल सकते हैं, घर की सीढ़ियों पर दो-तीन बार तेजी से ऊपर-नीचे कर सकते हैं। आप इनमें से हर एक को आजमा सकते हैं। हर तरह की एक्सरसाइज को 5-5 मिनट के लिए किया जा सकता है। ये तरीके आपके बाहर निकलने की परेशानी को भी दूर करेंगे, साथ ही आपके दिल को हमेशा जवां रखेंगे।



## 2. मांसपेशियों व जोड़ों से जुड़ा वर्कआउट

सर्दियों में मांसपेशियों का जकड़ जाना भी आम समस्या है। इसके अलावा, इस मौसम में जोड़ों के दर्द की परेशानी भी देखने को मिलती है। इसके लिए घर पर ही कुछ खास तरह की एक्सरसाइज के जरिए इन्हें दूर किया जा सकता है। मांसपेशियों के जकड़ जाने पर उन्हें व्यायाम के जरिए ही आराम पहुंचाया जा सकता है। पुशअप और पुलअप मांसपेशियों को लचीला बनाए रखने का आसान तरीका है। इसके लिए कहीं भी बाहर निकलने की जरूरत नहीं है। इसके साथ घर पर ही एक्सरसाइज के कुछ खास उपकरणों के जरिए भी मांसपेशियों की जकड़न को दूर किया जा सकता है। डंबल से वॉर्मअप किया जा सकता है। जोड़ों के दर्द को दूर करने के लिए आपको व्यायाम के लिए अलग से वक्त भी नहीं निकालना है। काम करते हुए भी कुछ मिनट का ब्रेक लें और बैठे-बैठे ही हाथ और पैरों के जोड़ को घुमाते रहें।

## अपनाएं ये टिप्स

- कपड़ों का खास ध्यान रखें, अगर सुबह बाहर निकलते हैं तो गर्म कपड़े साथ रखें ताकि ठंड लगने पर उनका इस्तेमाल कर सकें।
- सुबह देर से घर से निकलने वाले अक्सर लापरवाही का शिकार होते हैं। देर शाम घर लौटते वक्त मौसम ठंडा हो जाता है, लेकिन दिन की गर्मी देखकर आप गर्म कपड़े आपने साथ नहीं रखते। ऐसी गलती न करें।
- अगर डायबीटीज, हाई ब्लड प्रेशर या अस्थमा जैसी समस्या है तो अपने डॉक्टर से मिलकर मौजूदा मौसम के हिसाब से दवाओं के डोज आदि की जानकारी लें और दवाएं नियमित लें।
- बाइक चलाते वक्त विंड शीटर और मफलर का इस्तेमाल करें, क्योंकि सीने और नाक-कान के जरिए ठंडी हवा शरीर तक पहुंचने से समस्या बढ़ती है।
- बच्चों और बुजुर्गों का खास ध्यान रखें, क्योंकि इनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता युवा लोगों के मुकाबले कम होती है।
- ठंड में आपको प्यास का अहसास कम होता है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि आपके शरीर को कम पानी की जरूरत होती है। ठंड में भी खूब सारा पानी पिएं।
- साफ-सफाई का खास ध्यान रखें। वायरल बेहद संक्रामक होता है। साफ-सफाई में हल्की-सी लापरवाही होने पर भी यह तेजी से एक-दूसरे तक फैलता है।




# कैसा हो भोजन

भोजन हमारी मूल आवश्यकता है। इसके बगैर अधिक दिनों तक जीवित नहीं रहा जा सकता है, लेकिन वह कब, कैसे और कितना करना चाहिए, इस बारे में आमजनों को जानकारी नहीं है। परिणामस्वरूप उन्हें अपच, गैस, एसिडिटी कब्ज आदि की शिकायत होने लगती है। भोजन ऐसा हो जो शरीरी को पोषण प्रदान करें।

भोजन ऐसा हो जिसमें सभी आवश्यक पोषक तत्वों का समावेश हो यानी प्रोटीन, विटामिन, वसा, कार्बोहाइड्रेट्स, खनिज, लवन तथा रेशा। भोजन में सलाद का होना जरूरी है, जिसमें ककड़ी, टमाटर, प्याज, चुकंदर, पत्तागोभी, मूली, गाजर आदि हो।

भोजन में हरी पत्तेदार सब्जियां अवश्य हो जैसे पालक, मेथी, बथुआ, मूली आदि इसके अलावा मौसमी सब्जियां, जैसे गिलकी, तुरई, भिंडी, पत्ता गोभी, फूल गोभी, लौकी, कद्दू, गवारफली, मटर, टिंडा, हरा चना, आलू, अरबी आदि।

दालों को अपने भोजन में अवश्य शामिल करें, जिसमें मूंग, तुअर, चना, मसूर की दाल शामिल है। उड़द की दाल का सेवन कम करें।



## कब न करें

जब मन खिन्न, उदास हो
जब किसी की बीमारी या मौत का सदमा लगा हो
जब आप गुस्से और तनाव में हों
जब आपके घर में पारिवारिक कलह मच रहा हो
जब भूख न हो।

## कैसे करें

जल्दबाजी में नहीं, धैर्यपूर्वक करें
खड़े होकर नहीं, बैठकर भोजन करें
भोजन को ठीक से चबाकर करना चाहिए
भोजन के दौरान अधिक बतियाएं नहीं
भोजन करते समय अपना टीवी, मोबाइल फोन बंद रखें
भोजन करते समय अखबार या पत्रिकाएं न पढ़ें
भोजन को शांतभाव और प्रसन्नचित होकर करना चाहिए
एक हाथ से भोजन करें, दोनों हाथ जूठे करना ठीक नहीं
लेटे-लेटे भोजन करने की प्रवृति ठीक नहीं।
भोजन के पहले यह करें
हाथ, मुंह और पैर अच्छे से धोएं
सुविधाजनक कपड़े पहनें
यदि भोजन के पहले कोई दवा गोली लेना हो तो वह लें
यदि शौच की हाजत लगे तो निवृत हो लें
भोजन से ठीक पहले यह न करें
चाय, कॉफी या कोल्ड ड्रिंक का सेवन न करें
डटकर पानी न पिएं।

## कितना करें

भूख से थोड़ा कम खए

भोजन की जरूरत शारीरिक श्रम के अनुसार कम अधिक हो सकती हैं।

बढ़ती आयु के किशोरों को अधिक तथा प्रौढों व वृद्धों को कम भोजन की आवश्यकता होती है।

कितना ही पसंदीदा भोजन क्यों न हो जरूरत से ज्यादा न करें

खाने के लिए जीने की बजाय जीने के लिए खाने का सिद्धांत अपनाएं

सप्ताह में एक दिन उपवास रखें

सर्दियों में पाचन क्रिया तेज रहती है, लेकिन गर्मी व बारिश में मंद पड़ जाती है

भोजन करने के दौरान किसी अप्रिय प्रसंग को न छेड़ें
भोजन जैसा भी बना हो उसे स्वीकार करें
भोजन के दौरान उत्तेजित न हों
थाली को छोड़कर कोई काम निपटाने न जाएं


## भोजन के बाद यह करें

मूत्र त्याग के लिए जाएं
दिन के भोजन के बाद 20 मिनट विश्राम करें
रात्रि भोजन के बाद 100 कदम टहले
भोजन के एक घंटे बाद पानी पिएं

## भोजन के बाद यह न करें

भोजन के तुरंत बाद ढेर सारा पानी न पिएं
भोजन के तुरंत बाद कॉफी, कोल्ड ड्रिंक, आइस्क्रीम आदि का सेवन न करें।
भोजन के तुरंत बाद अधिक परिश्रम वाले कार्य न करें
भोजन करते ही शौच के लिए न जाएं
भोजन के तुरंत बाद कसरत या व्यायाम वर्जित है।

# कंप्यूटर पर काम करते वक्त आंखों को दें थोड़ा आराम



आज कंप्यूटर हमारी जिंदगी का हिस्सा बन चुका है। हर काम हमें कंप्यूटर पर ही करना होता है। लेकिन, कंप्यूटर पर लगातार काम करते रहने का असर हमारी आंखों पर पड़ता है। इसकी वजह से कई बार हमारी आंखें लाल और थकी हुई लगती हैं। इतना ही नहीं इससे आंखों की रोशनी पर भी प्रभावित होती है। इसलिए जरूरी है कि कंप्यूटर पर काम करते समय हम उसकी ब्राइटनेस को अडजस्ट करें, जिससे उसका ज्यादा असर हमारी आंखों पर न हो। आइए आज हम आपको ऐसे ही कुछ तरीकों के बारे में बता रहे हैं जिनसे आप अपनी आंखों का ख्याल रख सकते हैं-

आंखों के लिए लें ब्रेक - कंप्यूटर स्क्रीन पर लगातार नजरें गढ़ाए रखने से आंखों पर काफी दबाव पड़ता है। तो इसके लिए जरूरी है कि आप थोड़ी-थोड़ी देर के लिए ब्रेक लेते रहें। कुछ देर के लिए अपनी नजरें कंप्यूटर से हटाकर दूर किसी चीज पर केंद्रित करें या फिर आप यूं ही कुछ देर के लिए अपनी सीट से उठकर घूमने जा सकते हैं। यह प्रॉसेस 20-30 मिनट के अंतराल पर कीजिए।

पलकें झपकाते रहें- पलकों को लगातार झपकाते रहना आंखों को तरो-ताजा बनाए रखने और उस पर पड़ने वाले दबाव को कम करने का कारगर तरीका है। कंप्यूटर पर काम करने वालों को हर तीन-चार सेकेंड में अपनी पलकों को झपकाते रहना चाहिए। दरअसल हमारी आंखों में एक द्रव्य होता है, जो पलकों के झपकाने से बनता है। लेकिन अगर आप बिना पलक झपकाए काम करते रहेंगे तो यह द्रव्य सूख सकता है और इससे आंखों की रोशनी जा सकती है।

कंट्रास्ट कम करना रहेगा बेहतर- अगर आपकी आंखों पर बहुत ज्यादा जोर पड़ रहा है, तो एक बार अपने कंप्यूटर की ब्राइटनेस और कॉन्ट्रास्ट को भी अडजस्ट करके देखिए। इससे भी आपकी आंखों को फायदा होगा। कंप्यूटर की ब्राइटनेस न तो ज्यादा और न ही कम रखें।

कंप्यूटर फ्रेंडली बनें - ध्यान रखना होगा कि वर्कप्लेस पर रोशनी पर्याप्त है या नहीं। आपको एसी के नीचे बैठने से बचना चाहिए क्योंकि इससे आंखों की नमी कम हो सकती है और आंखें रूखी हो सकती हैं।

# इन्हें आजमाएं, कब्जियत दूर करें

हर एक रोगी आहार-विहार में असंयम के कारण कब्ज का शिकार होता है। कब्ज से ही दुनिया-भर की बीमारियाँ होती हैं। अपना आहार विहार सुसंयमित कर लें तो कभी कोई बीमारी नहीं होगी। असंयम के कारण कभी कोई रोग हो भी जाये तो प्राकृतिक चिकित्सा के माध्यम से उसका धैर्यपूर्वक इलाज कराना चाहिए। ऐसा कोई रोग नहीं जो प्राकृतिक चिकित्सा से अच्छा नहीं किया जा सकता हो। प्राकृतिक चिकित्सा प्राणीमात्र के लिए वरदान है। अतः पहले संयम से रहकर कब्ज मिटाइए।



पहला प्रयोग - रात का रखा हुआ सवा लीटर पानी हर रोज सुबह सूर्योदय से पूर्व बासी मुँह पीने से कभी कब्जियत नहीं होगी तथा अन्य रोगों से सुरक्षा होगी।

दूसरा प्रयोग- रात्रि में पानी के साथ 2 से 5 ग्राम त्रिफला चूर्ण का सेवन करने से अथवा 3-4 तोला (40-50 ग्राम) मुनक्का (काली द्राक्ष) को रात्रि में ठण्डे पानी में भीगोकर सुबह उन्हें मसलकर, छानकर थोड़े दिन पीने से कब्जियत मिटती है।

तीसरा प्रयोग- एक हरड़ खाने अथवा 2 से 5 ग्राम हरड़ के चूर्ण को गर्म पानी के साथ लेने से कब्ज मिटती है।

चौथी प्रयोग - गुडुच का सेवन लंबे समय तक करने से कब्ज के रोगी को लाभ होता है।

पाँचवाँ प्रयोग कड़ा मल होने व गुदाविकार की तकलीफ में जात्यादि तेल या मलहम को शौच जाने के बाद अंगुली से गुदा पर लगायें। इससे 7 दिन में ही रोग ठीक हो जायगा। साथ में पाचन ठीक से हो ऐसा ही आहार लें। छोटी हरड़ चबाकर खायें।

छठा प्रयोग- एक गिलास सादे पानी में एक नींबू का रस एवं दो-तीन चम्मच शहद डालकर पीने कब्ज मिट जाता है।

सातवाँ प्रयोग- एक चम्मच सौंफ का चूर्ण और 2-3 चम्मच गुलकन्द प्रतिदिन दोपहर के भोजन के कुछ समय पश्चात् लेने से कब्ज दूर होने में सहायता मिलती है।

सावधानी - कब्ज सब रोगों का मूल है। अतः पेट को सदैव साफ रखना चाहिए। रात को देर से कुछ भी न खायें तथा भोजन के बाद दो घंटे तक न सोयें। मैदे से बनी वस्तुएँ एवं दही अधिक न खायें।

# ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे एकदिवसीय में भारतीय टीम को दो विकेट से हराया

**एडिलेड (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया ने यहां हुए दूसरे एकदिवसीय क्रिकेट मैच में भी भारतीय टीम को 2 विकेट से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली है। इससे पहले पर्थ में हुए पहले एकदिवसीय में भी भारतीय टीम सात विकेट से हार गयी थे।

दूसरे एकदिवसीय मैच में मेजबान टीम की जीत में एडम जंपा और जेवियर बार्टलेट की अच्छी गेंदबाजी के बाद मैथ्यू शॉर्ट और कूपर कोनोली के लगाये अर्धशतकों की भी अहम भूमिका रही। इस मैच में भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए मेजबानों को 265 रनों का लक्ष्य दिया था। जिसे ऑस्ट्रेलिया ने शॉर्ट के 74 रनों और कोनोली के नाबाद 61 रनों की सहायता से 46.2 ओवर में ही आठ विकेट खोकर हासिल कर लिया। शॉर्ट की मैट रेनशॉ 30 तथा कोनोली के साथ 55 रन की साझेदारियां हुईं। कोनोली ने इसके बाद मिचेल ओवेन 36 के के साथ 59 रन जोड़े। वहीं इससे पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम ने रोहित शर्मा और श्रेयस अय्यर के अर्धशतकों की सहायता से 9 विकेट के नुकसान पर 264 रन बनाए। मेजबान टीम ने टॉस जीतकर भारतीय टीम को पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाया। भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। कप्तान शुभमन गिल 9 रनों पर ही आउट हो गये। उसके बाद अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली भी खाता खोले बिना ही पेवेलियन लौट गये। रोहित ने 73 रन की अच्छी पारी खेली, इस दौरान उन्होंने 97 गेंदों का सामना किया और 7 चौके व 2 छक्के लगाए। वहीं अय्यर ने 77 गेंदों पर 61 रन की पारी खेली जिसमें 7 चौके शामिल थे। केएल राहुल ने 11 जबकि सुंदर ने 12 रन बनाये। हर्षित राणा ने नाबाद 24 और अर्शदीप सिंह ने 13 रन बनाये।

वहीं वापसी करने वाले कंगारु लेग स्पिनर जंपा ने 60 रन देकर चार विकेट लिए जबकि बार्टलेट ने 39 रन देकर तीन विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरे ऑस्ट्रेलिया ने अच्छी शुरुआत की। ट्रेविस हेड 28 और कप्तान मिचेल मार्श 11 ने सात ओवर में 26 रन जोड़े। अर्शदीप ने मार्श को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। हेड राणा की गेंद पर आउट हुए। इसके बाद शॉर्ट और कूपर ने जबरदस्त बल्लेबाजी करते हुए टीम को जीत दिलायी।



# दक्षिण अफ्रीका ने दूसरे टेस्ट में पाक को हराया, स्पिनर हार्मर ने बनाया रिकार्ड



**रावलपिंडी (एजेंसी)।** स्पिनर साइमन हार्मर की शानदार गेंदबाजी से दक्षिण अफ्रीका ने पाकिस्तान को दूसरे टेस्ट मैच में 8 विकेट से हराकर दो मैचों की टेस्ट सीरीज़ 1-1 से ड्रॉ पर समापत की है। हार्मर ने दूसरे टेस्ट में 6 विकेट अपने 1,000 प्रथम श्रेणी विकेट पूरे किये हैं। वह ये उपलब्धि हासिल करने वाले दक्षिण अफ्रीका के चौथे गेंदबाज हैं। इस मैच के चौथे दिन पाकिस्तान की टीम अपनी दूसरी पारी में केवल 138 रन बना सकी और दक्षिण अफ्रीका को जीत के लिए 68 रनों का आसान सा लक्ष्य मिला

जिसे दक्षिण अफ्रीका ने 12.3 ओवर में ही दो विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया। रयान रिकेल्टन ने 29 गेंदों में नाबाद 25 रन और कप्तान एडन मार्करम ने 45 गेंदों पर 42 रन की शानदार पारी खेली। इस तरह दक्षिण अफ्रीका ने आठ विकेट से जीत दर्ज करते हुए सीरीज 1-1 से बराबर कर दी।

हार्मर के छह विकेटों से पाकिस्तान की टीम दूसरी पारी में केवल 138 रनों पर ही आउट हो गयी। इसके साथ ही इस गेंदबाज ने अपने करियर का 1,000वां प्रथम श्रेणी विकेट लिया। अब वह ये उपलब्धि हासिल करने वाले दक्षिण अफ्रीका के चौथे गेंदबाज बन गये हैं। इससे पहले बक लेवेलिन ने 1,013 विकेट, माइक प्रॉक्टर ने 1,417 विकेट और एलन डोनाल्ड ने 1,216 विकेट लिए थे। वहीं विश्व में यह उपलब्धि हासिल करने वाले वह 217वें गेंदबाज हैं। वहीं इंग्लैंड के विल्फ्रेड रोड्स के नाम प्रथम श्रेणी क्रिकेट में सबसे अधिक 4,204 विकेट का रिकॉर्ड दर्ज है।

# स्मृति मंधाना ने वर्ल्ड कप 2025 में ठोका अपना पहला शतक, छक्कों के मामले में दिग्गजों को पछाड़ कर बनाया ये रिकॉर्ड



**मुम्बई (एजेंसी)।** स्मृति मंधाना ने न्यूजीलैंड के खिलाफ खेले जा रहे वर्ल्ड कप 2025 मुकाबले में नया कीर्तिमान बनाया है। वर्ल्ड कप में न्यूजीलैंड के खिलाफ उनका बल्ला जमकर चला है और वह एक धाकड़ वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने में कामयाब रही हैं। तूफानी बल्लेबाजी करते हुए मंधाना ने 14वां वनडे सैकड़ा जमा दिया।

स्मृति मंधाना ने एक ऐतिहासिक उपलब्धि अपने नाम की है। उन्होंने 2025 में महिला वनडे क्रिकेट में एक कैलेंडर वर्ष में सबसे ज्यादा छक्के मारने का वर्ल्ड रिकॉर्ड स्थापित किया है। ये उपलब्धि उन्होंने मुंबई के डीवाई पाटिल स्पोर्ट्स एकेडमी में हासिल की।

स्मृति मंधाना ने ये रिकॉर्ड न्यूजीलैंड के खिलाफ 16वें ओवर की चौथी गेंद पर अमेलिया केर को छक्का मारकर बनाया। इस छक्के के साथ उन्होंने 2025 में कुल 29 छक्के पूरे किए जो कि महिला वनडे क्रिकेट में एक कैलेंडर वर्ष में सबसे ज्यादा हैं। इससे पहले ये रिकॉर्ड साउथ अफ्रीका की लिजेल ली के नाम था, जिन्होंने 2017 में 28 छक्के मारे थे।

इस मैच में स्मृति मंधाना ने 109 रन की बेहतरीन पारी खेली, जो उनका 14वां वनडे शतक था, इस दौरान उन्होंने 95 गेंदों का सामना किया। मंधाना ने 10 चौके और 4 छक्के जमाए। इस पारी के साथ उन्होंने महिला वनडे क्रिकेट में ओपनर के रूप में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड भी तोड़ा। उन्होंने न्यूजीलैंड की सुजी बेट्स को पछाड़ते हुए ये उपलब्धि हासिल की।

# रोहित शर्मा ने रचा इतिहास, ऑस्ट्रेलिया में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बना दिया ये बड़ा रिकॉर्ड

**एडिलेड (ऑस्ट्रेलिया) (एजेंसी)।** भारत के सुपरस्टार सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा ने गुरुवार को ऑस्ट्रेलियाई धरती पर भारत-ऑस्ट्रेलिया वनडे मैचों में 1000 रन बनाने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज बनकर इतिहास रच दिया है। रोहित ने एडिलेड ओवल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे वनडे में यह उपलब्धि हासिल की। उनके साथ विराट कोहली भी हैं, जो वर्तमान में 802 रनों के साथ दूसरे स्थान पर हैं और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे में भारत के सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बनने की दौड़ में हैं।



हिटमैन ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उनकी धरती पर 21 मैचों में 56.36 की औसत और 89.32 के स्ट्राइक रेट से 1071 रन बनाए हैं, जिसमें 4 शतक और तीन अर्धशतक शामिल हैं, और उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 171* रहा है। रोहित ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टेस्ट में 97 गेंदों में 7 चौकों और दो छक्कों की मदद से 73 रनों की शानदार पारी खेली। उनका स्ट्राइक रेट 75.26 का था। उनकी पारी का सबसे खास पल मिशेल ओवेन के खिलाफ लगाए गए दो बड़े पुल शॉट थे, जिन्हें स्टैंड में छक्के के लिए भेजा गया।

रोहित ने अब तक 275 वनडे और 267 पारियों में 48.69 की औसत से 11,249 रन बनाए हैं, जिसमें 32 शतक और 59 अर्द्धशतक शामिल हैं और उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 264 रहा है। शर्मा पूर्व कप्तान सौरव गांगुली को भी पीछे छोड़कर वनडे में भारत के तीसरे सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने गांगुली को पीछे छोड़ दिया है जिन्होंने 308 मैचों में 40.95 की औसत से 22 शतक और 71 अर्द्धशतकों के साथ 11,121 रन बनाए थे।

रोहित ने 2022 के बाद से 19 बार पचास से अधिक का स्कोर बनाया है और यह केवल दूसरा ऐसा मौका था जब उन्होंने 100 से कम स्ट्राइक रेट से 50 रन का मील का पत्थर हासिल किया। आखिरी बार उन्होंने 2023 में घरेलू मैदान पर आईसीसी क्रिकेट विश्व कप के दौरान इंग्लैंड के खिलाफ 66 गेंदों में 50 रन बनाए थे। इस साल वनडे में रोहित ने 10 पारियों में 38.30 की औसत से 383 रन बनाए हैं, जिसमें एक शतक और दो अर्द्धशतक शामिल हैं, और उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 119 रहा है।

# एशियाई युवा खेल : रंजना ने पैदल चाल स्पर्धा में रजत पदक जीता




रिफा (बहरीन) ।भारतीय युवा एथलीट रंजना यादव ने यहां एशियाई युवा खेलों में लड़कियों की 5,000 मीटर पैदल चाल स्पर्धा में रजत पदक अपने नाम किया। इस भारतीय खिलाड़ी ने 23 मिनट 25.88 सेकेंड के समय से दूसरा स्थान हासिल किया जबकि चीन की लियू शियी 24:15.27 सेकेंड के समय से उनसे आगे पहले स्थान पर रहीं। कोरिया की जियोंग चायेओन ने 25:26.93 सेकेंड के समय से कांस्य पदक जीता।एशियाई युवा खेलों में एथलेटिक्स में यह भारत का पहला पदक था।इससे देश के कुल पदकों की संख्या दो रजत और चार कांस्य हो गई। भारत ने अभी तक कुराश में एक रजत और दो कांस्य के अलावा ताइक्वांडो में दो कांस्य पदक जीते हैं।

# विराट के नाम दर्ज हुआ ये अनचाहा रिकार्ड : पहली बार लगातार दो एकदिवसीय मैच में खाता नहीं खोल पाये



एडिलेड ।भारतीय टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे एकदिवसीय मैच में भी अपना खाता नहीं खोल पाये। इसी के साथ ही विराट के नाम एक अनचाहा रिकार्ड भी जुड़ गया। विराट पहली बार किसी एकदिवसीय सीरीज में लगातार दूसरी बार खाता खोले बिना ही पेवेलियन लौटे हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में विराट के नाम 27 हजार से ज्यादा रन और 82 शतक हैं। इस मैच में भी आसफल होने से अब विराट पर दबाव बढ़ गया है। अगर वह तीसरे एकदिवसीय में भी असफल रहे तो उनका करियर समाप्त होना तय है। यहां दूसरे एकदिवसीय में विराट जेवियर बार्टलेट का शिकार बने। बार्टलेट ने ही कप्तान शुभमन गिल को भी आउट किया। कप्तान शुभमन गिल का टॉस हारने का सिलसिला इस मैच में भी जारी रहा। ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर भारतीय टीम को पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाया। भारतीय टीम की ओर से रोहित और शुभमन ने पारी की धीमी शुरुआत की। ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों नें भारतीय टीम को खुलकर खेलने का अवसर नहीं दिया।

# आरसीबी जा सकते हैं सैमसन




नई दिल्ली ।आईपीएल टीम राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन के 2026 सत्र में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) जाने की अटकलें लगायी जा रही हैं। आईपीएल 2025 सत्र में भी रॉयल्स की कप्तानी अधिकतर समय रियान पराग ने की थी और ऐसे में सैमसन का दबदबा टीम पर कम हुआ है। उनका प्रदर्शन भी कुछ खास नहीं रहा है। जिससे भी रॉयल्स से उनके रिश्ते अब पहले जैसे नहीं रहे। पिछले कुछ समय से इस प्रकार की रिपोर्ट आ रही हैं किव संजू किसी अन्य टीम में जा सकते हैं। वहीं अब सैमसन की एक एक तस्वीर सोशल मीडिया में आई है। इसमें वह आरसीबी के थ्रोडाउन स्पेशलिस्ट गैब्रियल के साथ नजर आ रहे हैं। जिससे उनके आरसीबी की ओर जाने की अटकलें तेज हो गयी हैं। इस तस्वीर में गैब्रियल आरसीबी की जर्सी में हैं, जबकि सैमसन ने टीम इंडिया की ट्रेनिंग किट पहनी हुई है। ऐसे में प्रशंसकों को लग रहा है कि वे भले ही ऑस्ट्रेलिया दौरे की तैयारी कर रहे हों, लेकिन आईपीएल भी उनके दिमाग में चल रहा होगा। रॉयल्स के साथ सैमसन के संबंध पहले जैसे नहीं रहे हैं। इसके अलावा कोचिंग स्टाफ और प्रबंधन में भी बदलाव हुआ है ऐसे में सैमसन किसी और टीम से आईपीएल खेलने के प्रयास कर सकते हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, आरआर के कप्तान सैमसन ने फेंचाइजी से औपचारिक रूप से उन्हें ट्रेड करने या नीलामी में रिलीज करने की अपील की है।

# दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तैयारी करने के लिए रणजी ट्रॉफी खेलेंगे रवींद्र जडेजा

**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय टीम के ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा शनिवार से शुरु हो रहे रणजी ट्रॉफी के अगले दौर में सौराष्ट्र के लिए खेलेंगे। सौराष्ट्र क्रिकेट संघ (SCA) के एक अधिकारी ने क्रिकबज को बताया कि रवींद्र जडेजा के अगले मैच में खेलने की उम्मीद है। राणजी ट्रॉफी का दूसरा दौर 25 अक्टूबर से राजकोट के निरंजन शाह स्टेडियम में शुरू होगा। पूर्व चैंपियन सौराष्ट्र अपने घरेलू मैदान पर से भिड़ेगी।




जडेजा को ऑस्ट्रेलिया दौरे पर गई भारत की एकदिवसीय टीम में नहीं चुना गया। जडेजा ने सौराष्ट्र के लिए प्रथम श्रेणी मैच के लिए खुद को उपलब्ध बताया है ताकि वह अगले महीने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाली टेस्ट सीरीज के लिए खुद को तैयार कर सकें। 36 वर्षीय जडेजा ने आखिरी बार पिछले सीजन में असम के खिलाफ रणजी ट्रॉफी मैच खेला था। उन्होंने उस सीजन में दो मैच खेले थे और दिल्ली के खिलाफ अपने ऑलराउंड प्रदर्शन के साथ प्लेयर ऑफ द मैच (38 रन, 66 रन पर पांच विकेट और 38 रन पर सात विकेट) बने थे।

जडेजा ने सौराष्ट्र के लिए कुल 47 रणजी मैचों में 57.60 की औसत से 3,456 रन बनाए हैं और 21.25 की औसत से 208 विकेट लिए हैं। सीजन के अपने पहले मैच में सौराष्ट्र ने कर्नाटक को पहली पारी में मामूली बढ़त दिलाकर हराया था, जिसमें धर्मेंद्र जडेजा प्रमुख खिलाड़ी साबित हुए थे। बाएं हाथ के इस स्पिनर ने पहली पारी में 124 रन देकर 7 विकेट सहित कुल 10 विकेट लिए थे। सौराष्ट्र की कमान भारत के पूर्व तेज गेंदबाज जयदेव उनादकट के हाथों में है। दो बार की पूर्व चैंपियन टीम पिछले सीजन में गुजरात से हारने से पहले क्वार्टर फ़ाइनल तक पहुंची थी।

**सौराष्ट्र टीम**

हार्विक देसाई (विकेटकीपर), तरंग गोहेल, रवींद्र जडेजा, युवराजसिंह डोडिया, सम्मर गज्जर, अर्पित वासवदा, चिराग जानी, प्रेरक मांकड़, जयदेव उनादकट (कप्तान), धर्मेंद्रसिंह जड़ेजा, चेतन सकारिया, अंश गोसाई, जय गोहिल, पार्थ भूत, केविन जीवराजानी, हेतविक कोटक और अंकुर पंवार।

# बीसीसीआई ने सरफराज को टीम में जगह न मिलने का कारण फर्म और फिटनेस में कमी को बताया



मुम्बई ।बल्लेबाज सरफराज खान को घरेलू क्रिकेट में अच्छे प्रदर्शन के बाद भी दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ भारत ए टीम में जगह नहीं मिलने के बाद से ही कई सवाल उठ रहे हैं। इस मामले को लेकर कुछ लोगों ने चयन समिति पर पर भी पक्षपात का आरोप लगाया है। वहीं भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने सरफराज के मामले में लगाये जा रहे आरोपों को खारिज करते हुए कहा है कि फिटनेस और फार्म के कारण उनके नाम पर विचार नहीं हुआ। बीसीसीआई के एक अधिकारी ने कहा है कि सरफराज को प्रदर्शन में कमी या पक्षपात की वजह से बाहर नहीं रखा गया है, बल्कि फिटनेस और फॉर्म इसका कारण है। सरफराज फिट नहीं होने की वजह से काफी समय तक बाहर थे। हाल ही में उन्होंने वापसी करते हुए रणजी ट्रॉफी के पहला दौर खेला। काफी लंबे समय से उन्होंने सिर्फ यही एक प्रतिस्पर्धी क्रिकेट खेला। अब चयनकर्ता मौजूदा रणजी सत्र में उनके फॉर्म की समीक्षा कर आने वाले मैचों में उनके नाम पर विचार करेंगे। सरफराज इससे पहले चोट की वजह से दलीप ट्रॉफी और वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू सीरीज नहीं खेल पाये थे हालांकि उन्होंने चोटिल होने से पहले इंग्लैंड लायंस के खिलाफ कैंटरबरी में अर्धशतक लगाया था। वहीं चोट से वापसी के बाद उन्होंने कुछ दिन पहले ही रणजी ट्रॉफी में मुंबई के लिए 74 रन की अच्छी पारी खेली थी।

# पाकिस्तान ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 और एकदिवसीय सीरीज के लिए घोषित की टीम

## -बाबर-नसीम और समद की वापसी

लाहौर ।पाकिस्तान ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाली घरेलू टी20 सीरीज के लिए टीम घोषित कर दी है। टीम में पूर्व कप्तान बाबर आजम, तेज गेंदबाज नसीम शाह और बल्लेबाज अब्दुल समद की वापसी हुई है। आजम और नसीम पिछले साल दिसंबर से ही टी20 प्रारूप से बाहर चल रहे थे। पाक और दक्षिण अफ्रीका के बीच टी20 सीरीज 28 अक्टूबर से एक नवंबर तक रावलपिंडी और लाहौर में होगी। इसके अलावा पाकिस्तान और दक्षिण अफ्रीका के बीच चार से आठ नवंबर तक फैसलाबाद के इकबाल स्टेडियम में होने वाली तीन मैच की एकदिवसीय सीरी के लिए भी टीम घोषित कर दी गयी है। एकदिवसीय टीम में फैसल अकरम, हारिस राऊफ और हसीबुल्लाह की वापसी हुई है। वहीं 11 से 15 नवंबर तक रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम में श्रीलंका के खिलाफ तीन मैच की एकदिवसीय सीरीज खेली जाएगी। नसीम और बाबर पाकिस्तान की एकदिवसीय टीम में भी शामिल रहे हैं। चयनकर्ताओं ने अनुभवी सलामी बल्लेबाज फखर जमां और स्पिनर सुफयान मुकीम को टीम में जगह नहीं दी है। विकेटकीपर बल्लेबाज उस्मान खान को भी टीम में जगह मिली है लेकिन मुहम्मद हारिस टी20 टीम से बाहर हो गए हैं। स्पिनर उस्मान तारिक टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम में एकमात्र अनकैप्ड खिलाड़ी हैं!

**टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम** – सलमान अली आगा (कप्तान), अब्दुल समद, अबरार अहमद, बाबर आजम, फहीम अशरफ, हसन नवाज, मोहम्मद नवाज, मोहम्मद वसीम जूनियर, मोहम्मद सलमान मिर्जा, नसीम शाह, साहिबजादा फरहान, सईम अयूब, शाहीन शाह अफरीदी, उस्मान खान, उस्मान तारिक।

रिजर्व : फखर जमां, हारिस राऊफ, सुफियान मोकिम

**एकदिवसीय टीम** – शाहीन शाह अफरीदी (कप्तान), अबरार अहमद, बाबर आजम, फहीम अशरफ, फैसल अकरम, फखर जमां, हारिस राऊफ, हसीबुल्लाह, हसन नवाज, हुसैन तलत, मोहम्मद नवाज, मोहम्मद रिजवान, मोहम्मद वसीम जूनियर, नसीम शाह, सईम अयूब, सलमान अली आगा।

# डब्ल्यूपीएल नीलामी अगले माह के अंत में होने की संभावना

**मुंबई (एजेंसी)।** महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के 2026 सत्र के लिए नीलामी अगले माह नई दिल्ली में होने की संभावना है। अभी तक हालांकि फेंचाइजियों को नीलामी की जानकारी नहीं मिली है पर माना जा रहा है कि शीघ्र ही उन्हें इस बारे में बता दिया जाएगा। नीलामी की तारीख अभी तय नहीं हुई है पर इसके 26-27 नवंबर होने की अटकलें हैं। वहीं इससे पहले, भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने संकेत दिया था कि नीलामी 26 से 29 नवंबर के बीच होगी। इसके अलावा सभी टीमों को संभावित स्थल के बारे में संकेत दे दिये गये हैं।

डब्ल्यूपीएल में अभी केवल पांच टीमें हैं और अधिकतम 18 खिलाड़ियों की टीम है, इसलिए इस प्रक्रिया में ज्यादा समय लगने की संभावना नहीं है। ऐसे नीलामी एक ही दिन में पूर हो जाएगी। इसके साथ ही फेंचाइजी को 5 नवंबर तक अपने रिटेन किए गए खिलाड़ियों की सूची जमा करने के लिए कहा गया है।

सभी टीमें पांच खिलाड़ियों को रिटेन कर सकती हैं। अगर कोई टीम सभी पांच खिलाड़ियों को रिटेन करती है, तो उसे पहले खिलाड़ी के लिए 3.5 करोड़ रुपये, दूसरे खिलाड़ी के लिए 2.5 करोड़ रुपये, तीसरे खिलाड़ी के लिए 1.75 करोड़ रुपये, चौथे खिलाड़ी के लिए 1 करोड़ रुपये और पांचवें खिलाड़ी के लिए 50 लाख रुपये का नुकसान उठाना होगा। नीलामी के लिए खिलाड़ियों की कुल राशि 15 करोड़ रुपये रखी गयी है और पांच खिलाड़ियों को बरकरार रखने पर एक टीम को 9.25 करोड़ रुपये खर्च करने होंगे।

बीसीसीआई ने कहा है कि यह दिशानिर्देश वेतन सीमा के लिए हैं और किसी खिलाड़ी को दी जाने वाली राशि टीमों के अनुसार अलग भी हो सकती है। बीसीसीआई ने हाल ही में फेंचाइजी को लिखे एक नोट में कहा, हालांकि किसी खिलाड़ी को दी जाने वाली राशि दिशानिर्देश मूल्य से अलग हो सकती है पर रिटेन किए गए खिलाड़ियों की संख्या के आधार पर कुल राशि का उपयोग वेतन सीमा की गणना के लिए किया जाएगा।

एक अनकैप्ड (गैर अनुभवी) खिलाड़ी को रिटेन करने की दिशानिर्देश मूल्य 50 लाख रुपये है, और हर टीम अधिक से अधिक दो अनकैप्ड खिलाड़ियों को रिटेन कर सकती है। इसके अलावा, एक फेंचाइज़ी अधिकतम तीन गैर अनुभवी खिलाड़ियों को रिटेन कर सकती है और रिटेंशन सूची में अधिक से अधिक दो विदेशी खिलाड़ी हो सकते हैं।

बीसीसीआई ने पांच राइट टू मैच (आरटीएम) विकल्पों को मंजूरी दी है पर अगर किसी फेंचाइजी के लिए उपलब्ध आरटीएम की संख्या रिटेन किए गए खिलाड़ियों की संख्या पर निर्भर करेगी। प्रत्येक रिटेन किए गए खिलाड़ी के लिए, फेंचाइजी का एक आरटीएम विकल्प कम हो जाएगा।




# पंजाब किंग्स ने नया स्पिन गेंदबाजी कोच नियुक्त किया, पूर्व भारतीय क्रिकेटर को मौका

चंडीगढ ।इंडियन प्रीमियर लीग टीम पंजाब किंग्स ने पूर्व भारतीय क्रिकेटर साईराज बहुतुले को लीग के अगले सत्र के लिए अपना नया स्पिन गेंदबाजी कोच नियुक्त किया है। भारत के लिए दो टेस्ट और आठ एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाले 52 साल के बहुतुले सुनील जोशी की जगह लेंगे जो 2023 से यह भूमिका निभा रहे थे। बहुतुले प्रथम श्रेणी के पूर्व दिग्गज खिलाड़ी और बेहद सम्मानित कोच हैं। इससे पहले बहुतुले केरल, गुजरात, विदर्भ और बंगाल जैसी घरेलू टीम के अलावा आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स के साथ कोचिंग की भूमिका निभा चुके हैं। पंजाब किंग्स के सीईओ सतीश मेनन ने बहुतुले का स्वागत करते हुए कहा, 'हम वर्षों से पंजाब किंग्स के प्रति समर्पित सेवा और योगदान के लिए सुनील जोशी का हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं। आगे बढ़ते हुए हम अपने कोचिंग स्टाफ में साईराज बहुतुले का स्वागत करते हुए रोमांचित हैं।' पंजाब किंग्स की टीम पिछले सत्र में उप विजेता रही थी।



# पुष्कर मेला 2025 की शुरुआत... मेले में पहुंचे 2 से 11 लाख रुपए तक के घोड़े

अजमेर (एजेंसी)। राजस्थान के अजमेर जिले में मशहूर पुष्कर मेला 2025 की शुरुआत बुधवार से हो गई। मेला में आने वाले श्रद्धालुओं व टूरिस्ट की संख्या दूसरे दिन से बढ़ने लगी है। अब तक मेले में घोड़ों की संख्या नाम मात्र की है, वहीं ऊंट की संख्या दौ सौ के पार हो चुकी है। बरेली से आए जुबैद ने बताया कि वे मेले में 11 घोड़े लेकर आए हैं। इन घोड़े की कीमत 2 से 11 लाख रुपए तक है। बता दें कि मेले की विधिवत शुरुआत 30 अक्टूबर को ध्वजारोहण के साथ होगी। तीन चरणों में होने वाले मेले में पशु मेला, सांस्कृतिक कार्यक्रम और धार्मिक मेला शामिल हैं। ये मेला 6 नवंबर तक होगा। वहीं मेला के अदंर दुकानें सज चुकी है और देसी-विदेशी सैलानी भी मेला क्षेत्र पहुंच रहे हैं। पशुओं की लगातार आवक बनी हुई है। बालू रेत से बनाई गई कलाकृतियां लोगों को लुभा रही है। पुष्कर के बाजारों, सरोवर के घाटों व ब्रह्मा मंदिर सहित अन्य मंदिरों में भीड़ है। 1 से 5 नंवबर तक श्रद्धालुओं व टूरिस्ट की भीड़ बढ़ने की उम्मीद है। इसके बाद वन वे ट्रैफिक प्लान तैयार है।

# हैदराबाद में गौ तस्करों ने गौ रक्षक को गोली मारी... गोली मारने वाला एआईएमआईएम से जुड़ा

**-बीजेपी नेता माधवी लता का आरोप, पुलिस बचाने में लगी हुई**

हैदराबाद (एजेंसी)। हैदराबाद के घाटकेसर में गौ तस्करों ने एक गौ रक्षक को गोली मार दी। घायल व्यक्ति का नाम प्रशांत उर्फ सोनू है। उसके परिवार ने बताया कि वे 5-6 सालों से गौ रक्षा का काम कर रहा है। तेलंगाना बीजेपी नेताओं ने दावा किया कि सोनू पर हमला गायों के तस्करी को रोकने की कोशिश के दौरान हुआ। बीजेपी नेता माधवी लता ने एआईएमआईएम पर हमले का आरोप लगाकर फौरन कार्रवाई की मांग की है। पुलिस के मुताबिक, कुछ लोगों ने सोनू को गाय की तस्करी होने की झूठी खबर देकर आईटी कॉरिडोर बुलाया पर वहां पहुंचे ही उस पर फायरिंग कर दी गई। पुलिस ने मामले में कुछ लोगों को गिरफ्तार भी किया है। सोनू के लिवर में गंभीर चोटें आई हैं और उसकी हालत गंभीर है। बीजेपी सांसद ईटाला राजेंद्र ने बताया कि गोली मारने वाले की पहचान इब्राहिम के रूप में हुई है। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष एन. रामचंदर राव ने कहा कि यह हमला औवेसी के गुंडों ने बीजेपी और संघ कार्यकर्ताओं को डराने के लिए किया। सोनू की मां ने कहा कि मेरा बेटा जिंदगी और मौत से लड़ रहा है। मैं गोरक्षा के लिए 10 और बेटे कुर्बान कर दूंगी। सरकार अपराधी को गिरफ्तार करे। सोनू की मां ने कहा कि वह अपने बेटे के लिए न्याय चाहती है। वहीं बीजेपी नेता माधवी लता ने कहा कि आरोपी एआईएमआईएम से जुड़ा है और पुलिस दोषियों को बचा रही है। मैं मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी को चुनौती देती हूं कि वह सोनू को न्याय दिलाएं।

# कपड़ा व्यापारी से अभद्रता करने और सड़क पर नाक रगड़वाने वाले बीजेपी नेता पार्टी से निष्कासित

मेरठ (एजेंसी)। उत्तरप्रदेश के मेरठ में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष विकुल चपराणा पर एक कपड़ा व्यापारी सत्यम रस्तोगी से अभद्रता करने और सड़क पर नाक रगड़वाकर माफी मंगवाने का आरोप लगा है। इस मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार भी किया है। घटना 19 अक्टूबर की रात मेरठ के तेजगढ़ी चौराहे पर एक रेस्तरां के बाहर वाहन पार्क करने को लेकर व्यापारी सत्यम रस्तोगी और भाजपा नेता चपराणा के बीच विवाद हुआ। इसके बाद विकुल ने व्यापारी से जबरन नाक रगड़वाकर माफी मंगवाई। यह पूरा घटनाक्रम वीडियो में कैद हो गया और इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो गया, जिससे राजनीतिक हलकों में हड़कंप मच गया। भाजपा किसान मोर्चा ने विकुल के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए उन्हें सभी पदों से हटा दिया और उनकी प्राथमिक सदस्यता भी निलंबित कर दी। क्षेत्रीय अध्यक्ष तेजा गुर्जर ने पार्टी की मर्यादा और अनुशासन के विरुद्ध तथा आपराधिक मानसिकता को दर्शाने वाला आचरण बताया। पुलिस ने विकुल के तीन सहयोगियों (हैप्पी भड़ाना, आयुष शर्मा और सुबोध यादव) को गिरफ्तार कर लिया। विकुल को भी गिरफ्तार किया गया था लेकिन बाद में अदालत से जमानत मिल गई। मामले में मार्ग अवरुद्ध करने और वाहन में तोड़फोड़ करने की धाराएं भी जोड़ी गई हैं। एसएसपी डॉ. विपिन ताडा ने घटना की जांच एसपी (नगर) को सौंपी है। विपक्षी दलों, जिसमें समाजवादी पार्टी (सपा) और कांग्रेस शामिल हैं, ने इस घटना को लेकर भाजपा पर हमला बोला है। उन्होंने ऊर्जा राज्य मंत्री डॉ. सोमेंद्र तोमर के इस्तीफे की मांग की है, जिनका नाम विकुल ने वीडियो में लिया था। सपा के नेताओं और मेरठ व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष जीतू सिंह नागपाल के नेतृत्व में व्यापारियों ने प्रदर्शन किया है। व्यापारियों ने सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की ताकि व्यापारी वर्ग में भय का वातावरण समाप्त हो सके। सपा नेताओं ने आरोपियों पर गैंगस्टर एक्ट और राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम लगाने की मांग की है।

# बच्चों को पटाखे फोड़ने से मना किया, नहीं माने तो उड़ेल दिया तेजाब, 5 झुलसे, 1 गंभीर

हरिद्वार (एजेंसी)। दीपावली की रात एक शख्स ने पटाखे फोड़ रहे बच्चों को मना किया। नहीं माने तो गुस्से में आकर उसने तेजाब (कोई ज्वलनशील) पदार्थ बच्चों के ऊपर फेक दिया। पांच बच्चे इसकी चपेट में आ गए और बुरी तरह झुलस गए जिनमें से एक की हालत गंभीर है। मामला भिक्कमपुर जीतपुर गांव का है। गुस्साए लोगों ने आरोपी को पकड़कर पिटाई कर दी और फिर पुलिस के हवाले कर दिया। कोतवाल राजीव रौथाण ने बताया कि आरोपी के खिलाफसंबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार, मंगलवार रात करीब नौ बजे गांव के 14 से 15 वर्ष के लगभग दस-पंद्रह बच्चे दीपावली की आतिशबाजी कर रहे थे। उसी दौरान पास में रहने वाले गोवर्धन उर्फदिलेराम पुत्र मुकुंदाराम ने उन्हें पटाखे चलाने से मना किया। बताया जा रहा है कि बच्चों के न मानने पर आरोपी ने गुस्से में आकर अपने घर की छत से एक केन में भरा ज्वलनशील पदार्थ नीचे फेंक दिया, जो बच्चों पर गिर गया। अचानक आग लगने जैसी स्थिति से अफरातफरी मच गई। राहुल व दीपक पुत्रगण शेर सिंह, सौरभ पुत्र बहादुर, पंकज पुत्र बालेश और विशाल पुत्र लाहौर सिंह झुलस गए।

# क्या कर्नाटक में सतीश जारकीहोली होंगे सिद्धारमैया के उत्तराधिकारी?

**-बेटे यतिंद्र सिद्धारमैया ने कहा- पिता राजनीतिक करियर के 'अंतिम पड़ाव' पर**

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** कर्नाटक की सियासत में बुधवार को हलचल मच गई। सीएम सिद्धारमैया के बेटे और विधान परिषद सदस्य यतिंद्र सिद्धारमैया ने कहा कि उनके पिता अपने राजनीतिक करियर के 'आखिरी पड़ाव' पर हैं और कांग्रेस को अब लोक निर्माण मंत्री सतीश जारकीहोली को आगे ले जाना चाहिए। यतींद्र ने कहा कि मेरे पिता अपने राजनीतिक जीवन के अंतिम दौर में हैं। कांग्रेस को आगे लाने की जिम्मेदारी सतीश जारकीहोली जैसे नेताओं को लेनी चाहिए, जो सामाजिक न्याय और प्रगतिशील विचारधारा में विश्वास रखते हैं।

सतीश जारकीहोली को सीएम सिद्धारमैया का बहुत ही वफादार माना जाता है। वे डीके शिवकुमार के पुराने राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी भी रहे हैं। जारकीहोली के नाम का इस वक्त उत्तराधिकारी के तौर पर उभरना इस बात का संकेत है कि सिद्धारमैया गुट आने वाले समय में अपनी विचारधारा और 'आहिंदा' यानी अल्पसंख्यक, पिछड़ा वर्ग और दलित राजनीति की विरासत को बनाए रखने के लिए नया चेहरा तैयार कर रहा है।

सतीश जारकीहोली इस समय कर्नाटक के लोक निर्माण मंत्री हैं और यमकनमर्दी विधानसभा सीट से विधायक हैं। वे अनुसूचित जाति के वाल्मीकि समुदाय से ताल्लुक रखते हैं और लंबे समय से सामाजिक न्याय और पिछड़े वर्गों के अधिकारों के लिए काम करते रहे हैं। वे सीएम सिद्धारमैया के बनाए 'आहिंदा गठबंधन' का एक अहम हिस्सा माने जाते हैं। 'आहिंदा' शब्द की अवधारणा सबसे पहले पूर्व सीएम देवराज ने दी थी, लेकिन इसे आधुनिक रूप में पुनर्जीवित करने का श्रेय सिद्धारमैया को जाता है। जारकीहोली उसी राजनीतिक धारा से आते हैं, जिससे सिद्धारमैया ने अपनी सियासी ताकत गढ़ी।

सतीश जारकीहोली उत्तर कर्नाटक के बेलगावी जिले के प्रभावशाली राजनीतिक परिवार से आते हैं। उनके परिवार की राजनीति में गहरी जड़ें हैं। उनके भाई रमेश जारकीहोली कभी कांग्रेस में थे, लेकिन 2018 में बीजेपी ज्वाइन कर ली थी और मंत्री बने। वे फिलहाल बीजेपी के विधायक हैं। वहीं सतीश की बेटी प्रियंका जारकीहोली कांग्रेस की चिक्कोडी से सांसद हैं।

यतींद्र सिद्धारमैया का बयान भले ही उन्होंने बाद में 'गलतफहमी' बताते हुए साफ कर दिया कि उनका मतलब नेतृत्व परिवर्तन से नहीं था, लेकिन राजनीतिक हलकों में इसे डीके शिवकुमार के लिए चेतावनी माना जा रहा है। सिद्धारमैया गुट के नज़दीकी लोगों का मानना है कि सीएम अपने 'आहिंदा मॉडल' की राजनीति को बनाए रखने के लिए किसी ऐसे नेता को आगे बढ़ाना चाहते हैं, जो सामाजिक न्याय के उस एजेंडे को आगे ले जा सके और जारकीहोली इस प्रोफाइल में पूरी तरह फिट बैठते हैं।

दूसरी ओर वोक्कालिगा समुदाय से आने वाले डीके शिवकुमार लंबे समय से सीएम पद के



दावेदार माने जाते हैं, लेकिन अब जब सिद्धारमैया के बेटा यतींद्र खुद किसी और को 'उत्तराधिकारी' बताने लगे, तो यह संकेत साफ है कि सत्ता की यह जंग आने वाले महीनों में और तेज हो सकती है। अब देखना यह होगा कि क्या सच में जारकीहोली कर्नाटक की राजनीति में सिद्धारमैया की विरासत संभालने वाले बनते हैं या फिर डीके शिवकुमार अपनी राजनीतिक ताकत से फिर बाज़ी पलटते हैं।

# कोलकाता से श्रीनगर जा रही इंडिगो फ्लाइट की वाराणसी में इमरजेंसी लैंडिंग, 166 यात्री सुरक्षित

**वाराणसी (एजेंसी)।** वाराणसी एयरपोर्ट पर बुधवार शाम इंडिगो एयरलाइंस के एक विमान की आपातकालीन लैंडिंग कराई गई। यह विमान कोलकाता से श्रीनगर जा रहा था। उड़ान के दौरान अचानक फ्यूल लीक होने की सूचना मिलने पर पायलट ने 'मेडे कॉल' जारी करते हुए एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) से तुरंत इमरजेंसी लैंडिंग की अनुमति मांगी। घटना के समय विमान लगभग 36 हजार फीट की ऊंचाई पर था। सूत्रों से प्राप्त जानकारी अनुसार, पायलट ने वाराणसी एयरस्पेस में प्रवेश करते ही एटीसी को बताया कि विमान में तकनीकी खराबी आने से फ्यूल लीक हो रहा है और इंजन रेड सिग्नल दिखा रहा है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए एटीसी ने तत्काल कार्रवाई की और रनवे को क्लियर कराया। मात्र चार मिनट के भीतर आपात लैंडिंग की सभी तैयारियां पूरी कर ली गईं। पायलट ने शाम के करीब 4:10 बजे विमान को सुरक्षित रूप से रनवे पर उतार दिया। विमान में 166 यात्री और चालक दल के सदस्य सवार थे। इमरजेंसी टीम ने तुरंत मौके पर पहुंचकर सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। यात्रियों को एअरपोर्ट के अराइवल हॉल में बैठाया गया, जबकि तकनीकी टीम ने विमान की जांच शुरू कर दी। सुरक्षा कारणों से विमान को करीब दो घंटे तक एप्रन (पार्किंग क्षेत्र) पर ही खड़ा रखा गया। इंडिगो एयरलाइंस ने बयान जारी कर बताया कि ÷वाराणसी एयरपोर्ट पर फ्लाइट 6ई-6961 को तकनीकी कारणों से लैंड कराना पड़ा। सभी यात्री सुरक्षित हैं। यात्रियों को श्रीनगर भेजने के लिए वैकल्पिक उड़ान की व्यवस्था की जा रही है। एयरपोर्ट सूत्रों ने बताया कि आपात लैंडिंग की प्रक्रिया पूरी तरह से नियंत्रित और सुरक्षित रही। एयरपोर्ट की फायर ब्रिगेड, मेडिकल और टेक्निकल टीम को तुरंत अलर्ट कर दिया गया था। विशेषज्ञों का कहना है कि पायलट की त्वरित कार्रवाई और एटीएस की सतर्कता से बड़ा हादसा टल गया।

# दिल्ली में दिवाली के बाद वायु गुणवत्ता सबसे खराब दौर में... आर्टिफिशियल बारिश के लिए नहीं मिल रहे बादल



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली में दिवाली के बाद एयर क्वालिटी में तेजी से खराब हुई है। दिल्ली की हवा की गुणवत्ता गुरुवार को भी बेहद खराब बनी हुई है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, सुबह 6 बजे दिल्ली का एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 353 दर्ज किया गया। कई इलाके रेड जोन में हैं।

अक्षरधाम मंदिर के पास विजिबिलिटी सबसे कम थी। यहां ज्यादातर इलाकों में सुबह के समय स्मॉग छाया रहा। दिल्ली के ज्यादातर इलाकों में एक्यूआई 300 से 400 के बीच रहा। यानी हवा की क्वालिटी बहुत खराब से गंभीर स्तर पर है।

सबसे खराब स्थिति आनंद विहार में थी, जहां सुबह 5:30 बजे एक्यूआई 511 तक पहुंच गया। हेल्थ एक्सपर्ट ने सलाह दी है कि जब तक एक्यूआई मीडियम लेवल पर न आए, दिल्ली-एनसीआर में बाहर की गतिविधियां सीमित रखें। आठ महानगरों में दिल्ली का एक्यूआईसबसे खराब रहा।

बेंगलुरु और चेन्नई में एक्यूआई 70 से नीचे रहा, जबकि अहमदाबाद और मुंबई में सुबह एक्यूआई 110 दर्ज किया गया। वहीं, दिल्ली में आर्टिफिशियल बारिश का ट्रायल फिर अटक गया है। जुलाई में शुरू होने वाला यह प्रयोग अब तक नहीं हो पाया है,क्योंकि मौसम विभाग (आईएमडी) के मुताबिक, जरूरी बादल मौजूद नहीं हैं। वहीं दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने बताया कि जैसे ही बादल मिलते हैं, तुरंत ट्रायल किया जाएगा। सभी मंजूरियां, फंड और विमान की व्यवस्था कर ली गई है।

# अगले माह से पूरे देश में शुरु होगा गहन मतदाता पुनरीक्षण अभियान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** गहन मतदाता पुनरीक्षण(एसआईआर) अभियान को लेकर बिहार में जमकर विरोध हुआ था। इस पर जमकर राजनीति हुई और मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच गया था। अदालत की ओर से एसआईआर को क्लीन चिट दी गई और कहा गया कि यह थोड़ा पहले किया जा सकता था। अब इसी बात से सबक लेते हुए चुनाव आयोग नवंबर की शुरुआत से ही देशव्यापी एसआईआर शुरू करने जा रहा है। इसके तहत सबसे पहले उन राज्यों में एसआईआर होगा, जहां 2026 में ही चुनाव होने वाले हैं। इसके अलावा भी कुछ अन्य राज्यों में भी एसआईआर शुरुआती दौर में ही होगा।

असम में तो एनआरसी भी हो रही है। असम के निर्वाचन आयोग का कहना है कि एक बार एनआरसी होने के बाद राज्य में एसआईआर भी हो जाएगी। असम देश का इकलौता राज्य है, जहां एनआरसी हुआ है। ऐसे में यह भी हो सकता है कि एनआरसी पूरा होने का इंतजार हो और असम में एसआईआर में थोड़ी देरी हो जाए। आगामी राष्ट्रव्यापी प्रक्रिया के लिए चुनाव आयोग मतदाताओं को केवल उस राज्य की ही नहीं, बल्कि किसी भी राज्य की अंतिम गहन पुनरीक्षण मतदाता सूची से अपने नामों के अंश प्रस्तुत करने की अनुमति दे सकता है, जहां वे वर्तमान में रहते हैं। बिहार एसआईआर प्रक्रिया के दौरान मतदाता केवल बिहार की अंतिम गहन पुनरीक्षण मतदाता सूची से ही अंश प्रस्तुत कर सकते थे।दूसरे शब्दों में मुंबई में मतदाता के रूप में पंजीकृत पश्चिम बंगाल का कोई प्रवासी श्रमिक महाराष्ट्र में नामांकित रह सकता है, बशर्ते वह अपना नाम दिखा सके। इसके अलावा वह किसी ऐसे मतदाता से संपर्क स्थापित कर सके, जिसका नाम 2002 की पश्चिम बंगाल मतदाता सूची में शामिल हो। पश्चिम बंगाल की मतदाता सूची का अंतिम गहन पुनरीक्षण 2002 में हुआ था और उस मतदाता को उस राज्य की मतदाता सूची में बने रहने के योग्य माना जाएगा, जहां वह वर्तमान में रह रहा है। बता दें कि चुनाव आयोग की दो दिन की कॉन्फ्रेंस बुधवार से शुरू हुई है। इसमें यह आकलन भी किया गया कि देश में एसआईआर की प्रक्रिया के लिए कितनी और कैसी तैयारी है। इसकी रिपोर्ट सभी राज्यों के मुख्य निर्वाचन आयुक्तों की ओर से पेश की गई। पूरा प्लान कॉन्फ्रेंस के समापन पर बताया




जाएगा। रिपोर्ट के अनुसार एसआईआर की प्रक्रिया देशव्यापी होगी, लेकिन इसे चरणबद्ध तरीके से पूरा किया जाएगा। पहले इसे असम, केरल, पुदुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में किया जाएगा। ऐसा इसलिए क्योंकि इन राज्यों में अगले साल ही चुनाव होने हैं।

# लकी अली ने तंज कसते हुए मांगी माफी, कहा- राक्षसों की भी भावनाएं हो सकती हैं

**मुंबई (एजेंसी)।** देश के ख्याति प्राप्त गीतकार जावेद अख्तर अक्सर अपने बयानों को लेकर सुर्खियों में रहते हैं। बीते दिनों जावेद अख्तरएक पुराने वीडियो को लेकर सुर्खियों में आए थे। इस वीडियो क्लिप में जावेद अख्तर कहते दिख रहे थे, शोले में एक सीन था जिसमें धर्मेंद्र शिवजी की मूर्ति के पीछे छिपकर बोलते हैं और हेमा मालिनी सोचती हैं कि शिव जी उनसे बात कर रहे हैं। क्या आज भी ऐसा सीन हो सकता है? नहीं, मैं आज ऐसा सीन नहीं लिखूंगा मैंने कहा था, मुसलमानों जैसे मत बनो उन्हें अपने जैसा बनाओ। तुम मुसलमानों जैसे बन रहे हो यह एक त्रासदी है। जावेद अख्तर के इसी वीडियो क्लिप के के नीचे लकी अली के आधिकारिक अकाउंट से कमेंट है, जावेद अख्तर की तरह



मत बनो, वह कभी ओरिजिनल नहीं थे और बहुत गंदे हैं। लकी अली के नाम से ऐसा कमेंट देखकर कई लोग हैरान हुए थे। इसी कमेंट के बाद विवाद को बढ़ता देख लकी अली ने माफी मांगी।

बता दें एक सोशल मीडिया यूजर ने उनकी आलोचना की थी, जिसमें वो हिंदुओं से मुसलमानों जैसा न बनने की अपील करते नजर आ रहे थे। यूजर के इसी वीडियो पर अली अली का शॉकिंग कमेंट नजर आया था। ऐसे में अब लकी अली ने अपने कमेंट के लिए माफी मांगी है। जावेद अख्तर के वीडियो पर लकी अली का कमेंट वायरल होने के बाद उन्होंने गीतकार से माफी मांगी। लकी अली ने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर कर लिखा, मेरा मतलब था कि अहंकार बुरा होता है... यह मेरी ओर से एक गलत बयान था... राक्षसों की भी भावनाएं हो सकती हैं और अगर मैंने किसी की दुष्टता को ठेस पहुंचाई है तो मैं माफी मांगता हूं...। लकी अली का ये पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। अब इस पर भी यूजर्स के जबरदस्त कमेंट्स आ रहे हैं।

# दक्षिण भारत में भारी बारिश से जनजीवन प्रभावित, हिमाचल में बर्फबारी पारा शून्य के नीचे

**-स्कूल-कॉलेज बंद, फसलें बर्बाद, रेड अलर्ट जारी**

**चेन्नई, (एजेंसी)।** दक्षिण भारत में पूर्वोत्तर मानसून पूरी तरह सक्रिय हो गया है, जिससे तमिलनाडु, केरल और आंध्र प्रदेश के कई जिलों में भारी बारिश हो रही है। कई इलाकों में बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं, जबकि उत्तर भारत के पर्वतीय क्षेत्रों में बर्फबारी से ठंड बढ़ गई है।



तमिलनाडु में लगातार हो रही बारिश से स्थिति गंभीर बनी हुई है। चेन्नई सहित कई जिलों में सड़कों पर पानी भर गया है। प्रशासन ने गुरुवार को भी सभी स्कूलों को बंद रखने का आदेश दिया है। मौसम विभाग (आईएमडी) ने राज्य में साइक्लोन की आशंका जताते हुए रेड अलर्ट जारी किया है। बाढ़ के चलते राज्य के कई इलाकों में फसलें बर्बाद हो गई हैं। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, अब तक 16 हजार हेक्टेयर कृषि भूमि जलमग्न हो चुकी है और लगभग 33 प्रतिशत फसल को नुकसान पहुंचा है। राज्य सरकार ने प्रभावित किसानों को मुआवजा देने की घोषणा की है।

वहीं, केरल में भी हालात गंभीर हैं। भारी बारिश और तेज हवाओं के चलते बुधवार को इडुक्की, पलक्कड़, मलप्पुरम और पथनमथिट्टा जिलों में सभी स्कूल-कॉलेज बंद रखे गए। इडुक्की के पहाड़ी इलाकों में रात के समय यात्रा पर रोक लगा दी गई है। राज्य सरकार ने जिला प्रशासन को बाढ़, भूस्खलन और जलभराव की स्थिति पर चौबीसों घंटे निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं। राज्य आपदा प्रबंधन बल (एसडीआरएफ) को हाई अलर्ट पर रखा गया है। आंध्र प्रदेश में भी तेज बारिश के कारण हालात बिगड़ रहे हैं। इससे पहले तिरुपति में बुधवार को 2-3 फीट तक पानी भर गया था। मौसम विभाग ने प्रकाशम, नेल्लोर, कडप्पा, अन्नमय्या, तिरुपति और चित्तूर जिलों में रेड अलर्ट जारी किया है, जबकि कुरनूल, नांदयाल, अनंतपुर और श्री सत्यसाई जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट घोषित किया गया है।

दूसरी ओर, हिमाचल प्रदेश के लाहौल-स्पीति और मनाली में बर्फबारी से सर्दी बढ़ गई है। लाहौल-स्पीति के टैबो में न्यूनतम तापमान माइनस 0.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा। मनाली में 12 मिमी, भरमौर में 11.5 मिमी और कीलॉन्ग में 6 मिमी बर्फबारी दर्ज की गई।

मौसम विभाग ने चेन्नई, तिरुवल्लूर, कांचीपुरम, तंजावुर, तिरुवारुर, नागपट्टिनम और कारैकल में भी रेड अलर्ट जारी किया है। चेन्नई निगम ने राहत कार्यों के लिए 106 सामुदायिक रसोइयां शुरू की हैं।

# लव जिहाद के खिलाफ असम में बनेगा कानून, बहुविवाह पर कसेगा शिकंजा: सीएम सरमा

**गुवाहाटी (एजेंसी)।** असम में लव जिहाद पर लगाम लगाने के लिए कानून तैयार किया जा रहा है साथ ही बहु विवाह जैसी परंपराओं पर भी शिकंजा कसने की तैयारी चल रही है। इसके लिए आगामी विधानसभा सत्र में बिल लाने की तैयारी की जा रही है। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की सरकार अगले सत्र में इन दोनों पर विधेयक पेश करने जा रही है। सीएम सरमा ने बताया, अगला विधानसभा सत्र ऐतिहासिक होगा क्योंकि कई महत्वपूर्ण विधेयक पेश किए जाएंगे। बहुविवाह और लव जिहाद पर प्रतिबंध के साथ-साथ हमारे सत्रों का संरक्षण, चाय बागानों के श्रमिकों को भूमि अधिकार देने सहित अन्य विधेयक शामिल हैं।



मुख्यमंत्री सरमा ने बताया, इस विधेयक के तहत एक आयोग स्थापित किया जाएगा, जो सत्र भूमि को अतिक्रमण और विवादों से बचाएगा, पारदर्शी शासन के माध्यम से और विरासत पर्यटन व सत्र कला के माध्यम से सतत आर्थिक विकास को बढ़ावा देगा। विधेयक के अनुसार आयोग के तहत सत्रों की सांस्कृतिक विरासत को डिजिटल संग्रह के माध्यम से सुरक्षित किया जाएगा, जिसमें भूमि, कलाकृतियां और पांडुलिपियों का विवरण होगा, जिससे वैश्विक स्तर पर उनकी पहुंच और संरक्षण सुनिश्चित होगा। उन्होंने आगे कहा, अगले विधानसभा सत्र में हम लव जिहाद, बहुविवाह और सत्र संरक्षण के खिलाफ कई नए विधेयक लाएंगे। चाय बागानों के श्रमिकों के भूमि अधिकारों पर चर्चा के साथ ही और भी कई विधेयक पेश किए जाएंगे। असम कैबिनेट ने पहले ही असम सत्र संरक्षण और विकास बोर्ड विधेयक, 2025 को मंजूरी दी है। यह एक निकाय होगा, जिसका उद्देश्य सत्रों और उनके भूमि-संपत्ति का संरक्षण, प्रबंधन, रखरखाव और सतत विकास सुनिश्चित करना है। असम के सत्र वैष्णव मठ हैं, जो धार्मिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक जीवन के महत्वपूर्ण केंद्र हैं। इनकी स्थापना 16वीं सदी में हुई थी। आयोग का अध्यक्ष हाईकोर्ट से सेवानिवृत्त न्यायाधीश होंगे। सदस्य सचिव भूमि अधिग्रहण और सुधार निदेशक, असम होंगे। इसके अलावा, दो सदस्य राज्य सरकार द्वारा नामांकित सत्र संस्थानों के प्रतिनिधि होंगे और एक सदस्य भूमि प्रशासन में अनुभवी सेवानिवृत्त सिविल सेवा अधिकारी (सचिव स्तर या उससे ऊपर) होगा।

# खुशखबरी: अग्निवीरों को सेना की भर्ती में मिल सकता है 75 पर्सेंट आरक्षण

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सेना में भर्ती सपना अग्निवीरों का आसानी से पूरा हो सकेगा। इसके लिए आने वाले समय में उन्हे 75 प्रतिशत आरक्षण मिल सकता है। इस स्कीम के तहत अब तक 25 फीसदी जवानों को ही 4 साल के कार्यकाल के बाद भी नौकरी में बनाए रखने का प्रावधान है। अब इस लिमिट में बड़ा इजाफा हो सकता है और इसे 75 फीसदी तक किया जा सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक इस संबंध में जैसलमेर में आज आयोजित होने वाली आर्मी कमांडर्स की प्रेस कॉन्फ्रेंस में भी इसके बारे में कोई निर्णय हो सकता है। अहम बात यह है कि अगले साल ही अग्निवीरों के पहले बैच के 4 साल की अवधि पूरी हो रही है। ऐसे में इन लोगों को फायदा मिल सकता है और 75 फीसदी लोगों की सेना में सेवा बरकरार रहेगी।

अब इन लोगों की भागीदारी को बढ़ाने पर भी विचार होगा। मौजूदा सैनिकों के कल्याण के लिए भी कुछ फैसले लिए जा सकते हैं। सबसे अहम मसला यह होगा कि कैसे तीनों सेनाओं के बीच समन्वय बने और जॉइंट कमांड में काम हो सके। कोलकाता में बीते महीने कंबाइंड कमांडर्स कॉन्फ्रेंस का आयोजन हुआ था। इसमें पीएम नरेंद्र मोदी भी पहुंचे थे। उस मीटिंग में सरकार की ओर से ऐलान हुआ था कि तीन जॉइंट मिलिट्री स्टेशन बनेंगे। इसके अलावा आर्मी, नेवी और एयरफोर्स की शैक्षणिक शाखाओं का विलय किया जाएगा। यदि कोई हमला होता है या कोई ऑपरेशन करना है तो भारतीय बल कितनी देर में तैयार हो सकते हैं। हथियारों या विमानों की रिपेयर में कितना टाइम लग सकता है। इन मसलों पर भी आज बात होगी।

बता दें कि मई में भारत ने पहलगाम आतंकी हमले के खिलाफ ऐक्शन लेते हुए पाक में सक्रिय आतंकी ठिकानों पर ऑपरेशन सिंदूर किया था। उसके बाद आज पहली बार आर्मी कमांडर्स की कॉन्फ्रेंस होने वाली है। इस कॉन्फ्रेंस में सेना की टॉप लीडरशिप तमाम मसलों पर बात करती है और प्रमुख मुद्दा सुरक्षा की समीक्षा होता है। एक और विषय पर विचार हो सकता है कि सेना के पास रिटायर सैनिकों का एक बड़ा पूल है। इनकी सेवाओं का कैसे प्रयोग किया जा सकता है। इस पर भी विचार होगा। फिलहाल इन लोगों को आर्मी वेलफेयर एजुकेशन सोसायटी, एक्स सर्विसमेन कॉन्ट्रिब्यूटरी हेल्थ स्कीम में ही लगाया गया है।



नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित।
**संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, कार्यकारी संपादक- भीष्म सिंह, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 7903538992, 9570107019, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**